माघ मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 336, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023

परख सच की


# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





**अन्दर : इसी महीने शादी करेंगे राहुल-अथिया धोनी और विराट कोहली को न्यौता**

**अंदर - भारत जोड़ो यात्रा, मीडिया और आगामी चुनाव**

# युवाओं की उड़ान के लिए रनवे तैयार

## युवा शक्ति का दोहन करने के लिए विचारों से युवा होना होगा : पीएम मोदी

**हुबली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के हुबली में 12 जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। हुबली में युवा महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'उठो, जागो और लक्ष्य से पहले मत रुको'- विवेकानंद जी का यह उद्घोष भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है। कर्नाटक से स्वामी विवेकानंद के जुड़ाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में कर्नाटक की बहुत यात्राएं की थी। इन यात्राओं ने उनके जीवन में बहुत मदद की थी। मैसूर के महाराजा ने स्वामी जी की शिकागो यात्रा में उनकी बहुत मदद की थी। पीएम मोदी ने कहा कि युवा

**राष्ट्रीय युवा उत्सव**

**हमारा लक्ष्य भारत को शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना**

**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया संबोधित**

शक्ति के सपने भारत की दिशा तय करते हैं। युवा शक्ति की आकांक्षाएं भारत की मंज़िल तय करती है। युवा शक्ति का जुनून भारत का रास्ता तय करता है और युवा बने रहने का मतलब अपनी सोच, मेहनत, आकांक्षाओं और लगन में युवा होना है। आज गांव-शहर या कस्बा हर जगह युवाओं का जज्बा उफान पर है।

पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति का दोहन करने के लिए हमें अपने विचारों से युवा होना होगा। युवा होना हमारे



प्रयासों में गतिशील होना है। युवा होना हमारे परिप्रेक्ष्य में मनोरम होना है। युवा होना व्यावहारिक होना है। अगर दुनिया समाधान के लिए हमारी ओर देखती है, तो यह हमारी अमृत पीढ़ी के समर्पण के कारण है।

युवा शक्ति भारत की यात्रा की प्रेरक शक्ति है। अगले 25 साल राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। युवा शक्ति के सपने भारत की दिशा तय करते हैं। युवा शक्ति की आकांक्षाएं भारत की मंजिल तय करती हैं। युवा शक्ति का जुनून भारत की शक्ति तय करता है। भारत के हर हिस्से में हमारे युवाओं की प्रतिभा और क्षमता के अविश्वसनीय उदाहरण हैं। आज भी, गणित से लेकर विज्ञान तक, जब वैश्विक मंचों पर प्रतियोगिताएं होती हैं, तो भारतीय युवाओं की प्रतिभा दुनिया को चकित करती है। पीएम मोदी ने कहा कि हर मिशन के लिए बुनियाद की जरूरत होती है, चाहे अर्थव्यवस्था हो या शिक्षा, खेल हो या स्टार्ट अप, कौशल विकास हो या डिजिटलाइजेशन हर क्षेत्र में एक मजबूत बुनियाद पिछले 8-9 साल में रखी गई है। आपकी उड़ान के लिए रनवे तैयार है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य इसे दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना है। देश की यह आर्थिक वृद्धि हमारे युवाओं के लिए अपार अवसर लाएगी। पीएम ने कहा कि आज हम कृषि में अग्रणी वैश्विक शक्ति हैं। कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन से एक नई क्रांति आने वाली है। यह युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा, नई ऊंचाइयों को छूने का एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में भी भारत बड़ी वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह भारत के युवाओं की क्षमता के कारण संभव हो रहा है। उन्होंने महिला शक्ति के बारे में कहा कि भारत की महिलाएं आज लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। सेना में जुझारू भूमिकाएं निभा रही हैं। विज्ञान-प्रोद्योगिकी, अंतरिक्ष, खेल, ऐसे हर क्षेत्र में महिलाएं बुलंदियां छू रही हैं। ये उद्घोष है कि भारत अब पूरी शक्ति से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है।

# उत्तर भारत में 14 से 19 तक कड़ाके की ठंड



**नई दिल्ली।** ठंड से जूझ रहे उत्तर भारत के लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में पारा गिरने की संभावना है। ये न्यूनतम -4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। हालांकि पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत में कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से चल रही तेज हवाओं के कारण, मौसम विशेषज्ञ के अनुसार यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रहेगी और कोहरा जल्द ही लौटेगा। मौसम विशेषज्ञ ने कहा कि 14 से 19 जनवरी के बीच बर्फीली, भीषण ठंड का अनुभव होगा और 16 से 18 जनवरी तक इसके चरम पर रहने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञ ने एक ट्वीट किया कि एक सप्ताह में उत्तरी मैदानी इलाकों में शीतलहर चलेगी। भारत में शीतलहर का आगामी दौर 14-19 जनवरी 2023 के दौरान वास्तव में चरम पर होगा. मैदानी इलाकों में -4 से +2 डिग्री तक का तापमान रह सकता है। इस बीच, दिल्ली में आज (गुरुवार) हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। नई दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने गुरुवार, 12 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहने और बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। सफदरजंग में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री जबकि पालम में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की स्थिति बनी हुई है। जम्मू और कश्मीर, जो बर्फ से ढका हुआ है, उसे भी ठंड से कोई राहत नहीं मिलेगी। पारा के

**मौसम का कहर**

**उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में पारा गिरने की आशंका, हीटर-गीजर सब हो जाएंगे फेल**

**फिलहाल उत्तर भारत में कोहरे की स्थिति में है सुधार**

न्यूनतम -6 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की भविष्यवाणी की गई है। पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश सप्ताह के दौरान भीषण शीतलहर की चपेट में रहेंगे. यहां न्यूनतम तापमान 0 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी भागों में 12-13 जनवरी को बादल छाए रहेंगे। हालांकि इस दौरान व्यापक स्तर पर बारिश या मावठ होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं है। विभाग के अनुसार, 14 जनवरी से राज्य के अधिकतर भागों में एक बार पुनः उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बड़ी गिरावट होने से राज्य में शीतलहर का नया दौर बीकानेर संभाग से शुरू होगा, जबकि 15 जनवरी से शीतलहर की तीव्रता में बढ़ोतरी होने से बीकानेर, जयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग के अधिकतर भागों में शीतलहर से तीव्र शीतलहर दर्ज होने की प्रबल संभावना है। बीते चौबीस घंटे में राज्य में न्यूनतम तापमान अलवर में 8.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 9.1 डिग्री व संगरिया में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शेष जगहों में से ज्यादातर स्थानों पर यह 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।






# वाराणसी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्कीपुर गांव में घर में घुसकर मां-बेटा और बेटी की निर्मम हत्या कर दी गयी। हत्या का शक दामाद अरविंद गुप्ता पर है, क्योंकि घटना के बाद से उसका मोबाइल ऑफ है और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने चार टीमें गठित कर तलाश तेज कर दी है।

वहीं इस मामले में एक अन्य नाम सामने आने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे पूछताछ के लिए उठाया। ट्रिपल मर्डर की सूचना पर एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह, डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सुराग जुटाए गये। एडिशनल सीपी संतोष कुमार सिंह, डीसीपी विक्रांत वीर और एसीपी ने बताया कि घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जायेगा। हिरासत में लिए गये व्यक्ति पर मृतका

**अफरातफरी**

**घर में घुसकर मां-बेटे और बेटी की हत्या**

**दामाद पर हत्या का संदेह गिरफ्तारी के लिए चार टीम**

रानी गुप्ता से अवैध संबन्ध का आरोप है। जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना के मिल्कीपुर गांव में रानी गुप्ता (50) अपने पति भोलानाथ गुप्ता से छह साल से अलग रहती थी। रानी का भोलानाथ से न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। भोलानाथ और उसका बड़ा बेटा दीपक मिल्कीपुर से कुछ दूर पनियरा गांव में रहते हैं।

ग्रामीणों की मानें तो दो दिन से रानी के घर में कोई हलचल नहीं थी। गुरुवार को पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसी तो रानी (50), उसकी बेटी पूजा गुप्ता (28) और छोटे बेटे मोहन (24) का लहूलुहान शव घर में जमीन पर पड़ा



मिला। पुलिस की मानें तो रानी कुछ सालों से अपने पति और बड़े बेटे से अलग रहती थी।

उसकी शादीशुदा बेटी पूजा उसके घर आती-जाती रहती थी। पूजा की शादी वंदेपुर गांव निवासी अरविंद गुप्ता के साथ हुई है। दामाद का भी रानी के घर पर आना-जाना लगा रहता था। बुधवार को आखिरी बार उसे देखा गया। महिला के पति और बड़े बेटे ने दामाद पर हत्या की शंका जताई है। मृतका के पति भोला नाथ गुप्ता का आरोप है कि उनकी पत्नी का एक व्यक्ति अवैध संबन्ध है। ऐसे में क्राइम ब्रांच ने उक्त व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं आरोपी दामाद का मोबाइल बंद है और वह घर से गायब है। एडिशनल सीपी ने बताया कि घटना का जल्द ही खुलासा पुलिस करेगी।

## दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट फ्लाइट में बम की सूचना

**पुणे।** दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट के विमान में बम होने का दावा करने वाले फोन कॉल के बाद तलाशी ली जा रही है। विमान को आज शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। बम की धमकी के बारे में कॉल मिलने पर एयरलाइन के अधिकारियों ने बोर्डिंग को रोक दिया और बम दस्ते को बुलाया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उड़ान भरने से पहले दिल्ली से पुणे जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में बम होने की कॉल आई थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट की जांच की जा रही है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है लेकिन एसओपी के अनुसार सुरक्षा ड्रिल का पालन किया जाएगा।



## उत्तर प्रदेश में 22 आईपीएस अफसरों का तबादला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने 22 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। मुजफ्फरनगर एसएसपी समेत 22 आईपीएस का गुरुवार को ट्रांसफर कर दिया। संजीव सुमन मुजफ्फरनगर के नए एसएसपी बने। इराज राजा एसपी जालौन बनाए गए। अभिषेक वर्मा हापुड़ के नए पुलिस कप्तान होंगे।

जारी आदेश के मुताबिक सत्यजीत गुप्ता एसपी संतकबीर नगर बने. केशव कुमार एसपी बलरामपुर बनाए गए। दीपक भूकर डीसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, सोनम कुमार डीसीपी आगरा कमिश्नरेट बने। राजेश सक्सेना सेनानायक 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, हेमंत कुटियाल एसपी विशेष सुरक्षा लखनऊ बने। अरविंद मौर्या एसपी यातायात निदेशालय बनाए गए. अनिरूद्ध कुमार एसपी ग्रामीण मेरठ बनाए गए। विनीत जायसवाल डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध हुए। कमलेश दीक्षित डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध, जबकि बीबीजीटीएस मूर्ति एसपी कानपुर देहात बने।

# हुबली में पीएम मोदी की सुरक्षा में भारी चूक

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है। यहां रोड शो के दौरान एक युवक पीएम मोदी की गाड़ी के करीब पहुंच गया। इस दौरान उसके हाथ में एक माला थी। जिस वक्त ये वाकया हुआ, उस दौरान पीएम मोदी की कार का दरवाजा खुला हुआ था और वह जनता का अभिवादन कर रहे थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने इस युवक को पीएम के पास पहुंचते ही पकड़ लिया और पीछे की ओर धकेल दिया। बता दें कि पीएम मोदी कर्नाटक में 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने हुबली में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। इसी दौरान उनकी सुरक्षा में चूक हुई। हालांकि पुलिस कमिश्नर ने इस मामले पर बयान देते हुए कहा है कि ये सुरक्षा में चूक नहीं है। सूत्रों के हवाले

**मचा हड़कंप**

**रोड शो के दौरान माला लेकर गाड़ी के नजदीक पहुंचा युवक**

से पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि जहां से वह लड़का आया था, उस बाड़े में सभी लोगों की एसपीजी द्वारा ठीक से तलाशी ली गई थी और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा ठीक से चेक किया गया था। यह कोई गंभीर चूक नहीं है। जानकारी के मुताबिक, रोड शो के दौरान एक शख्स अचानक उनके वाहन के नजदीक पहुंच गया। व्यक्ति ने पीएम मोदी को माला पहनाना चाह रहा था। हालांकि, व्यक्ति को पीएम की तरफ आता देख, सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और उसे बीच में ही रोक दिया। उसे तत्काल पीएम के काफिले से दूर किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने डॉ. स्वामी की याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की मांग वाली भाजपा के नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्र सरकार को फरवरी के पहले सप्ताह तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद डॉ. स्वामी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद सरकार को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में करेगी। डॉ. स्वामी ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने 12 दिसंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को वचन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा अदालत के समक्ष दिये गये वचन का पालन नहीं करने पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव को समन जारी करने की मांग की, लेकिन पीठ ने उनकी इस गुहार को अस्वीकार कर दिया।

# बक्सर में फूटा प्रदर्शनकारियों का गुस्सा

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के काफिले पर हुआ पथराव

**बक्सर।** बिहार के बक्सर में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा है। इस दौरान उनके काफिले पर पथराव किया गया। उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान अश्विनी चौबे मुर्दाबाद के नारे सुनाई दिए। बक्सर-चौसा के बनारपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थर्मल पावर प्लांट पर आगजनी के बाद किसानों से बातचीत करने बनारपुर गांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ देर के लिए किसानों से बातचीत भी की, लेकिन यहां उमड़ी भीड़ उग्र हो गई। चौबे बक्सर से सांसद भी हैं। बिहार के बक्सर में किसानों ने जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, बक्सर के चौसा गांव में

**आक्रोश**

**केंद्रीय मंत्री को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला**

**लाठीचार्ज के बाद भड़के किसानों ने फूंक दी थीं गाड़ियां**

सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। किसान इसका उचित मुआवजा मांग रहे हैं। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार देर रात किसानों के घर में घुसकर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज भी किया था।

आरोप है कि पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं-पुरुषों के साथ बच्चों पर भी बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं गई थीं। लाठीचार्ज की घटना का वीडियो



किसानों के परिजन साझा कर यह पूछ रहे हैं कि अपराधियों के सामने घुटने टेक देने वाली पुलिस ने आखिर हमें इतनी बर्बरता से क्यों मारा है। मंगलवार रात घरों में घुसकर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाए जाने की घटना के बाद किसान भड़क गए थे। उन्होंने गाड़ियों को फूंक दिया था। चौसा पावर प्लांट में भी तोड़फोड़ कर दी गई थी। किसानों ने मोर्चा खोल दिया और रात भर बवाल करते रहे। किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और बसों में आग लगा दी। पुलिस की गाड़ियां भी फूंक डालीं। किसान पिछले दो महीने से मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# योगी सरकार के दावों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार के प्रदेश में निवेश के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार को ये भी बताना चाहिए कि पहले निवेश के लिए जो एमओयू साइन हुए थे। उनमें से कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि ये इंवेस्टर्स समिट केवल चुनाव की तैयारी है। भाजपा की सरकार जनता को धोखा दे रही है। कुछ दिन चमक-दमक दिखेगी जमीन पर कुछ नहीं उतरेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि प्रदेश में निवेश के लिए 16 देशों में रोड शो किए गए थे जिससे 7 लाख 12 हजार करोड़ के निवेश का रास्ता साफ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने अब जिलों में भी इस तरह के इंवेस्टर समिट का आयोजन करने के लिए जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं।

**प्रेसवार्ता**

**पूछा- पहले साइन हुए एमओयू कितना जमीन पर उतरे**

**सोशल मीडिया की टीम में किया गया बदलाव**

उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल दिखावा है। भाजपा चुनाव की तैयारी कर रही है। इससे पहले जो एमओयू साइन हुये थे,उस पर कितना काम हुआ यह भी सरकार को बताना चाहिए। पहले हुये एमओयू जमीन पर नहीं आया तो इस बार हुये एमओयू का क्या होगा। यह तो आने वाला समय बतायेगा। इसके अलावा उन्होंने सवाल उठाते हुये कहा कि गोमती रिवर फ्रंट में नाव चलाने का काम होना था,मौजूदा सरकार ने उसे क्यों बंद कर दिया।



अखिलेश यादव ने गुरुवार को युवा दिवस के मौके पर प्रेस कांफ्रेंस में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के संघर्षों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन नेताजी के काम और संघर्ष को याद किया गया। अखिलेश ने कहा कि युवा दिवस पर सभी युवा संकल्प लें कि नफरत की राजनीति खत्म हो क्योंकि तभी तरक्की संभव है। अखिलेश यादव ने कहा कि गंगा नदी की सफाई के लिए सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे। गंगा तो साफ नहीं हुई पर इसके लिए आवंटित किया गया हजारों करोड़ साफ हो गया। गंगा की सफाई के लिए नालों को नदी में गिरने से रोकना होगा। हमने गोमती नदी साफ की सरकार ने इसे भी बर्बाद कर दिया। यहां पर नाव लाई गई पर इसे दूसरी जगह भेज दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने अपनी सोशल मीडिया टीम बदल दी है। भाषा के स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा के लोगों को अपनी भाषा ठीक करनी चाहिए। भाजपा विभिन्न संस्थाओं के जरिए लोगों को चिह्नित कर उनका उत्पीड़न कर रही है। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है योगी सरकार के बनाए हुए आयोग पर नहीं। *एजेंसी*

# वंदे भारत पर फिर पथराव खिड़की का टूटा शीशा

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे यार्ड में खड़ी नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे पर पथराव किया, जिससे उसकी खिड़की का शीशा टूट गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सिकंदराबाद और विशाखापत्तनम के बीच चलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसे 15 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाई जानी है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कंचारपालेम में कोच परिसर के पास खेल रहे कुछ बच्चों ने बुधवार रात कथित तौर पर शरारत में ट्रेन के एक डिब्बे पर पथराव किया, जिससे उसकी खिड़की का शीशा टूट गया। घटना की जांच में विशाखापत्तनम

**दबंगई**

**आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन को तोड़ा**

पुलिस भी अब आरपीएफ के साथ शामिल हो गई है। पुलिस के मुताबिक, वंदे भारत एक्सप्रेस का एक रेक रखरखाव संबंधी जांच के लिए बुधवार को चेन्नई से विशाखापत्तनम पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि विशाखापत्तनम में रेक को कंचारपालेम स्थित नए कोच परिसर में ले जाया गया था, जहां यह घटना हुई। पुलिस के अनुसार, पथराव में ट्रेन की एक खिड़की का शीशा पूरी तरह से टूट गया, जबकि दूसरे में मामूली दरार आई। *एजेंसी*




# शवों की पोजीशनिंग कुछ और इशारा कर रही

**जांच की दरकार**

**दो गज की दूरी पर थे दो के शव, एक का आंगन में**

**शिकंजे में आएगा दामाद तब खुलेगा राज**

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** राजातालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्कीपुर गांव में ट्रिपल मर्डर की जांच करने पहुंची पुलिस और फॉरेसिंक टीम ने देखा कि रानी देवी (50) और उसका बेटा मोहन (24) की डेडबॉडी एक से दो गज की दूरी पर थी जबकि बेटी पूजा (28) का शव आंगन में था। घटना स्थल पर खून बिखरा था। घर में खाना बनाने की तैयारी चल रही थी। क्योंकि सिलबट्टा पर आधा मसाला पिसा हुआ था और मटर के दाने बिखरे थे। चारपायी का एक पाया टूटा था और कुर्सी का एक पैर भी नहीं था। रानी देवी के हाथ में मटर के दाने थे। घटनास्थल के पास से बाइक बरामद हुई है। वहीं इस मामले में अवैध संबन्ध की बात आने के बात जांच को और दिशा में मोड़ दिया। पुलिस दो से तीन एंगल पर जांच शुरु कर दी है।



मौके पर खून के निशान और कपड़े

### उठ रहे सवाल, क्या कोई और है इसमें शामिल?

सवाल ये भी उठ रहे हैं कि क्या इस वारदात को केवल एक ही व्यक्ति ने अंजाम दिया या कुछ और लोग शामिल हैं। क्योंकि तीन लोग को एक साथ मौत के घाट उतारा गया। घटना स्थल के पास हंसिया और बांस का डंडा, चारपायी का एक पाया टूटा था और कुर्सी भी। यानी हाथापायी हुई होगी? बरामद होना क्या एक बार कई औजार का प्रयोग हुआ? हालांकि आसपास के लोगों की माने तो सोमवार की रात घर से कुछ लड़ाई झगड़े की आवाज आयी थी।

### मृतका के पति का आरोप, पत्नी का था अवैध संबन्ध

मृतका रानी देवी का पति भोला से छह वर्षों से विवाद चल रहा है। भोला का कहना है कि उनकी पत्नी का गांव के ही किसी व्यक्ति से अवैध संबन्ध था। इस वजह से भोला और उसका बड़ा बेटा पत्नी और बच्चों के साथ पैतृक स्थान पनियरा में रहते थे जबकि भोला की पत्नी रानी देवी मां रानी देवी अपनी शादीशुदा बेटी पूजा गुप्ता और बेटा मोहन गुप्ता के साथ अलग रहती थी। पूजा और उसके पति अरविंद में बीते आठ महीने से कुछ ठीक नहीं चल रहा था ऐसे में उसने पूजा को मायका छोड़ दिया था। सोमवार को अरविंद ने अपने सबसे छोटे बच्चे को लेने मिल्कीपुर आया था। इसके बाद कचहरी जाने की बात कहकर निकला इसके बाद लौटा नहीं। उसी दिन से उसका मोबाइल ऑफ बता रहा है।



घटनास्थल पर मिले डंडे की जांच करती टीम

## रजामंदी से शादी के बाद धर्मांतरण का दबाव

**बड़ागांव।** पारिवारिक रजामंदी के बाद दूसरे धर्म में शादी हुई लेकिन बाद में युवती के उपर धर्मांतरण के लिए दबाव और गर्भपात का दबाब बनाया जाने और प्रताड़ना देने के मामले में महिला ने ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। झांसी की रहने वाली हिंदू परिवार की एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी परिवार की रजामंदी से बड़ागांव थानाक्षेत्र के हरहुआ डीह निवासी जमाल नामक युवक से एक साल पहले हुई। शादी के कुछ माह तक सब ठीक था मामला तब बिगड़ा जब पति उसे अपने साथ गांव लाया। यहां पति के घरवालों ने जबरन धर्मांतरण का प्रयास किया विरोध करने पर मुझे प्रताड़ित किया गया। पति के उपर भी लगातार दबाव बनाया जा रहा है। घर का जेठ गलत निगाह रखता है। तरह-तरह की यातना दी जाने लगी। जेठ अश्लील हरकत करता है। धर्म परिवर्तन न करने पर और गर्भ में पल रहे बच्चे को जान से मारने की धमकी ससुराल वाले दे रहे हैं।

## संक्षेप

### 12 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**पिंडरा।** सिंधोरा पुलिस ने भाजपा नेता के ऊपर हुए हमले के 12 दिन बाद आरोपी सपा नेता के खिलाफ दर्ज किया। ये तब हुआ जब आलाधिकारियों की फटकार सिंधोरा थाना पुलिस को लगी। सिंधोरा के काशीपुर निवासी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रत्नेश पांडेय का आरोप है कि एक जनवरी को ओदार चौराहे के पास सपा नेता प्रेमशंकर यादव नशे में धुत होकर उनके साथ मारपीट की। इस मामले की शिकायत जब रत्नेश ने सिंधोरा पुलिस से की तो कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ऐसे में भाजपा नेताओं ने डीसीपी गोमती जोन से गुहार लगाई। डीसीपी की फटकार पर पुलिस सक्रिय हुई और गुरुवार को मुकदमा दर्ज हुआ।

### पुलिस चौकी से चंद कदम पर नकबजनी

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत बाजार में बुधवार रात नकबजनी कर सराफा की दुकान में चोरी हुई। घटना पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी का है। जानकारी के अनुसार दानगंज बाजार निवासी रामआसरे सेठ की बाजार में मंगलम ज्वेलर्स के नाम से सराफा की दुकान है। बुधवार शाम रामआसरे सेठ दुकान बंद कर अपने घर चले गए। गुरुवार को दुकान में नकबजनी की सूचना मिलने पर पहुंचे। रामआसरे सेठ ने बताया कि दुकान में रखी लगभग 200 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 5000 नकदी गायब है। वहीं दूसरी तरफ दुकान के पीछे चंद्रा सिंह के निवास से भी चोर चादी के आभूषण व नकदी उठा ले गये। सूचना पर एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने जांच पड़ताल की।

### मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के गौर गांव (बंगलाचट्टी) के पास सर्विस रोड पर बुधवार की देर शाम बाइक के धक्के से घायल साइकिल सवार रखौना गांव निवासी प्रदीप कुमार (47) की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। प्रदीप मजदूरी करता था और बुधवार की देर शाम राजपुर गांव से मजदूरी कर साइकिल से घर लौट रहा था। इस दौरान बाइक सवार ने टक्कर मारी और भाग निकला। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक के चचेरे भाई कमलेश कुमार तहरीर पर पुलिस ने रपट दर्ज किया।

### हमले के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**वाराणसी।** अधिवक्ता अनूप सिंह पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में गुरूवार को कचहरी में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। सेंट्रल बार असोसिएशन सभागार में अधिवक्ता सुबह 11 बजे जुटे और महामंत्री प्रत्याशी रहे अनूप सिंह पर शिवपुर थानाक्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के विरोध में और हमलावरो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिनभर न्यायिक कार्य से वीरता रहने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रभु नारायण पाण्डेय व संचालन महामंत्री शशिकांत दूबे ने किया। प्रस्ताव पारित होने के बाद अधिवक्ता जुलुस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए सिविल कोर्ट और कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम पोटिंकी पहुंचे। बैठक व प्रदर्शन में अशोक सिंह प्रिंस,संजय सिंह दाढ़ी,अंजनी श्रीवास्तव,अमित कुमार सिंह,आशीष सिंह, विवेक सिंह समेत काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

### मारपीट के आरोपी दोषमुक्त

**वाराणसी।** घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी समेत आठ आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। अपर सिविल जज (जू.डि.)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट (षष्ठम) गौरव सिंह की अदालत ने साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी अखिलेश यादव, उसके भाई अखिल यादव, चंद्रजीत उर्फ बाबू, रमेश यादव, विकास उपाध्याय, दीपू पाण्डेय, नितीश यादव व प्रदीप पाठक को दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व सौरभ यादव ने पक्ष रखा।

### महिला ने ससुराल वालों पर दर्ज करायी रपट

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के तकिया भोजुबीर निवासीनी महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मकान खाली कराने दबाव से तंग आकर रपट दर्ज करायी। तालेमुन्निसा उर्फ रानी पत्नी शमशेर अली उर्फ राजू निवासिनी सुफीनगर तकिया भोजुबीर का आरोप है कि वह अपने परिवार के साथ ससुराल में एक कमरे में निवास करती है। जहां बाथरुम व शौचालय भी कमरे के पास ही है। देवर आजाद, ससुर अनवर, ममिया ससुर जामुन, ममिया ससुर गंगा उसे आये दिन परेशान करते हैं और पानी और शौचालय का उपयोग नहीं करने देते है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा बीटीसी वर्ष 2017 तृतीय सेमेस्टर का अनुक्रमांक 45311607 और चतुर्थ सेमेस्टर 45411650 का अंकपत्र तथा प्रमाण पत्र खो गया है। सोनी पुत्री कैलाश राम ग्राम-खुदाबक्सपुर, पोस्ट-बड़गांव, जिला-गाजीपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3674889 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2804124 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। अवधेश कुमार मौर्य पुत्र श्री संकठा प्रसाद मौर्य, ग्राम-गोपालपुर, पोस्ट-कोरौता, जिला-वाराणसी।

सूचित किया जाता है कि हम प्रथम पक्ष रीना सिंह पत्नी जयप्रकाश सिंह द्वितीय पक्ष रामपत्ती देवी पत्नी स्वर्गीय लालमन वर्मा का बैनामा का मूल दस्तावेज बही संख्या खंड 3531 पृष्ठ 195/224-5234 क्रमांक मौजा छतरीपुर शिवपुर वाराणसी यह बैनामा सब रजिस्ट्रार चतुर्थ वाराणसी में अंकित है। दिनांकित 29.12.2008 है। दिनांक 12.01.2023 को कहीं गिरकर खो गया है-विनय कुमार।

आराजी मौजा सुरियावा पट्टी अंचल सिंह तालुका चौथार की आराजी संख्या-415 रकबा-0.016 हेक्टेयर तथा आराजी संख्या-418 रकबा 0.023 हेक्टेयर कुल रकबा 0.039 हेक्टेयर मेरी संक्रमणीय भूमिधरी है। जौ मैंने विक्रेता अशरफ व जहीर पुत्रगण रहीम तथा अहमद हसन व मोईन अली पुत्रगण शकूर निवासीगण सुरियावां पट्टी अंचल सिंह तालुका चौथा तहसील जनपद भदोही से बैनामा कराया है। उपरोक्त बैनामा कागजात दिनांक 21.01.1991 को रजिस्ट्री हुआ था जो रास्ते में कहीं गिरकर खो गया। जिसके खोने की सूचना भदोही कोतवाली में दर्ज है। कागजातों का किसी अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। वास्ते शकीर अहमद उर्फ शफीर अहमद पुत्र सिराजुद्दीन निवासी जलालपुर, तहसील व जनपद-भदोही।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

**पंचायत सहायक/ एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर (ओ0बी0सी0 के लिए आरक्षित) के लिए रिक्त पदों पर तैनाती हेतु ग्राम सभा सिसवा (बसनी) जनपद - वाराणसी आवेदन के लिए संपर्क करें- विकास खंड या पंचायत भवन से संपर्क करें। आवेदन जमा करने की तिथि 17 जनवरी से 2 फरवरी तक।**

**आवश्यकता है**-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा संकाय में एम0एड0 पाठ्यक्रम में दो सहायक प्राध्यापक की आवश्यकता, वेतन एवं शैक्षिक योग्यता, एन0सी0टी0ई0/यू0जी0सी0 रेगुलेशन एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो शिक्षक-शिक्षा विभाग में 21 दिन के अन्दर जमा करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी। वेतन भुगतान एकाउन्टपेयी चेक द्वारा होगा।

प्राचार्य
तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर

**राजाराम महाविद्यालय**
भरहरी, चोपन, सोनभद
(सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में प्राचार्य एवं गृहविज्ञान विषय में एक-एक पद, योग्यता एवं वेतन यू0जी0सी0 राज्य सरकार तथा विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार योग्यताधारी 15 दिन के भीतर आवेदन करें।

प्रबन्धक
रामशकल
मो0-8887560501

# सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत



घटनास्थल पर मौजूद लोग

**एक घायल**

**गर्भवती महिला का अल्ट्रासाउंड कराने जा रहे थे तीनों**

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनसराय ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में बहू और सास की मौत हो गयी। जबकि इस हादसे में बाइक चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए रोहनिया पुलिस अस्पताल पहुंचायी। बाइक को टक्कर ट्रेलर ने मारी थी। घटना के बाद ट्रेलर समेत चालक भाग निकला। उसकी धर पकड़ में रोहनिया पुलिस जुट गयी है।

रोहनिया थाना के बंदेपुर गांव निवासी सुनील कुमार पटेल (28) के अपनी पत्नी मानसी पटेल को डिलिवरी के सिलसिले में जांच के लिए अपनी मां के साथ बाइक से चिकित्सक के पास जा रहा था। मोहनसराय ओवरब्रिज के पास पीछे से ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की पत्नी और मां सड़क पर गिरी और ट्रेलर चालक रौंदते हुए भाग निकला। घटना स्थल पर ही दोनों महिलाओं की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि सुनील की पत्नी मानसी की डिलिवरी फरवरी में होने वाली थी।

## पकड़ा गया सॉल्वर गैंग का सदस्य, गया जेल



जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** एसटीएफ की वाराणसी व गोरखपुर इकाई ने केंद्रीय पुलिस बल में सिपाही पद पर भर्ती के लिए आयोजित एसएससी परीक्षा में शामिल सॉल्वर इमरान को गिरफ्तार कर लिया। वह भदोही के गोपीगंज थाना क्षेत्र के नथईपुर का रहने वाला है।

इमरान के कब्जे से इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, माइक्रोफोन और प्रवेश पत्र बरामद किया गया। रोहनिया थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

रोहनिया थाना क्षेत्र बछांव स्थित पूर्णोदय महाविद्यालय में बुधवार को एसएससी की परीक्षा कराई जा रही थी। एसटीएफ गोरखपुर इकाई के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह को सूचना मिली कि सॉल्वर गिरोह परीक्षा में सेंधमारी करना चाहता है। दूसरे अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर परीक्षा दे रहा है।

इसी आधार पर गोरखपुर की टीम ने एसटीएफ वाराणसी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह से संपर्क साधा। इसके बाद दोनों टीमों ने छापा मारा और सॉल्वर इमरान को दबोचा।

## 2.50 लाख का अफीम पाउडर बरामद, दो अरेस्ट



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी राजकीय रेलवे पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए आरपीएफ की मदद से दो युवक को 38 किलो डोडा (अफीम पाउडर) के साथ गिरफ्तार किया। जीआरपी पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह के निर्देशन और कैंट जीआरपी प्रभारी हेमंत कुमार सिंह के नेतृत्व में कैंट स्टेशन पर चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान दो युवक गुरुवार जीआरपी को देख भागने लगे। टीम ने दोनों युवकों को घेरकर पकड़ा और तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से अफीम का पाउडर बरामद किया गया। जिसकी कीमत लगभग 2.50 लाख आंकी गई। जीआरपी प्रभारी हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों की पहचान अजय कुमार यादव (38) पुत्र स्व.भरत राय निवासी सहाजितपुर, छपरा व रंजीत चौधरी(19) पुत्र योगेन्द्र चौधरी निवासी इमामगंज गया के रूप में की गई। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में शिवमूरत यादव, उमेश चन्द्र यादव, अखिलेश सरोज, अजीत कुमार सिंह, आरपीएफ के राकेश सिंह, आनन्द सिंह, सतीश यादव शामिल रहे।

## ऑर्डर कैंसिल करने पर रेस्टोरेंट मालिक ने पीटा

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र कचहरी स्थिति एक होटल में ग्राहक को खाने का आडर देना और देरी होने पर उसे कैंसिल करना महंगा पड़ा। आरोप है कि होटल मालिक समेत अन्य ने उसके साथ मारपीट की। इस ममाले में ग्राहक की तहरीर पर कैंट थाने में होटल कर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है। अतुल यादव निवासी वरुणापुल घर के लिए खाने का आर्डर कचहरी स्थित ट्रीट बार रेस्टोरेन्ट में वेटर को दिया। देर होने पर वेटर को कई बार खाना लाने को जब कहा जाय तो कहने के बावजूद वेटर बार-बार अश्वासन दे कर चला जाता था। देर होने पर अतुल ने वेटर को कहा कि अब मेरा आर्डर कैंसिल कर दो। इस बात पर वेटर ने कहा कि जमा आर्डर का एक हजार रुपया वापस नहीं होगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर वेटर से कहासुनी शुरू हो गई। रेस्टोरेंट कर्मी गाली गलौच करने लगा। रेस्टुरेंट के मालिक के ललकारने पर दूसरा वेटर सुनील सहित तीन चार लोगों ने उसे जमीन पर गिराकर लात घूसों से मारा। सिर पर प्लेट तोड़ दिया।

# सट्टेबाजों को नहीं छुड़ा सके सफेदपोश



गिरफ्तार सट्टेबाजों के साथ पुलिस टीम

**नहीं गली दाल**

**2.50 लाख नकद, 25 मोबाइल सात बाइक समेत दो दर्जन पर कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल गार्डेन रेस्टोरेंट की आड़ में जुआ और सट्टेबाजी की सूचना पर हुई छापेमारी में पुलिस ने 25 लोगों का चालान किया। छापेमारी के दौरान करीब 2.50 लाख नकद, सात बाइक और 25 मोबाइल बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में सभी का चालान कर जेल भेजा गया। सट्टेबाजों को छुड़ाने के लिए रातभर थाने पर सफेदपोस जुटे रहे लेकिन कमिश्नरेट पुलिस के आगे एक न चली और जेल जाना पड़ा।

लोहता क्षेत्र के भट्ठी गांव के स्थित दिल गार्डेन रेस्टोरेंट में जुआ, सट्टेबाजी समेत अन्य अनर्गत कृत्य की सूचना पर थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय और उनकी टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान मौके पर दो युवतियां भी मिली जिन्हें परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने रेस्टोरेंट के मैनेजर, कर्मचारी सहित 25 युवकों को हिरासत में लिया था। देर रात चली पूछताछ के बाद 25 लोगों का चालान कर जेल भेज दिया गया।

### रास्ते के विवाद में जमकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के परसरा में गुरुवार को सुबह चकरोड के विवाद में जमकर मारपीट हुई। हमले में महिलाएं समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए। तीन की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार परसरा गांव में ग्राम प्रधान चकरोड बनवा रहे हैं। एक पक्ष ने विरोध जताया इस बात को लेकर दूसरा पक्ष एकजुट हो गया और लाठी डंडा चलने लगा। एक पक्ष के संतोष विश्वकर्मा, यश विश्वकर्मा, पारस, उमेश समेत दो महिलाएं घायल हुयीं। गंभीर रूप से घायल संतोष, यश और पारस को बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। यश की हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरे पक्ष से देवेंद्र सिंह और रविन्द्र सिंह को चोट आयी है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों पक्षो के तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया।

### दूसरे की जगह परीक्षा देने के आरोपी को जमानत

**वाराणसी।** प्रभारी जिला जज अनिल कुमार की अदालत ने उच्च न्यायालय के स्टेनो पद के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के मामले में आरोपी आशीष कुमार की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। आरोपी के अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र के मुताबिक 11 दिसंबर 2022 को कोइराजपुर स्तिथ संत अतुलानंद कन्वेंट स्कूल में उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित स्टेनो पद हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, इसमें अभ्यर्थी शुभम के स्थान पर आरोपी सुपौल बिहार निवासी आशीष कुमार परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। अदालत में दलील दी गई कि आरोपी के दादा सीताराम का निधन चार दिसंबर 2022 को हो गया था और अस्थि विसर्जन के लिए काशी आया था उसी समय एक पुलिसकर्मी से विवाद हो गया और उसी रंजिश में आरोपी बना दिया।

### ट्रेन से कटकर वृद्धा की मौत

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के देवराई रेलवे फाटक के उत्तरी छोर पर गुरुवार 12 दिन के 12 बजे ट्रेन से कटकर वृद्धा की मौत हो गयी। वो आसपास के गांवों में भीख मांग कर जीवन यापन करती थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# बर्दाश्त नहीं करेंगे बुनकरों का उत्पीड़न : अशोक धवन

**दिया भरोसा**

**बिजली विभाग पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बुनकरों का प्रतिनिधिमंडल भाजपा एमएलसी से मिला**

**वाराणसी।** बुनकर समाज बिजली विभाग के उत्पीड़न से परेशान है। फ्लैट रेट स्कीम के नाम पर महकमे से त्रस्त बुनकरों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को भाजपा एमएलसी अशोक धवन से उनके रथयात्रा स्थित आवास पर मिला। उन्होंने विद्युत विभाग की ज्यादती, बार-बार चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न, फ्लैट रेट स्कीम बहाली सहित अन्य मामले रखे।

इस मौके पर श्री धवन ने गंभीरतापूर्वक उनकी शिकायतें, समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बुनकरों की समस्याओं को लेकर सजग है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य भी कर रही है। विभागीय अफसरों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस बारे में शासन स्तर से हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सरदार इकरामुद्दीन, हाफिज मोईनुद्दीन, सरदार हाजी मकबूल हसन, सरदार हाजी अली अहमद, सरदार हाजी जियाउल हसन, अब्दुल्लाह अंसारी, जैनुल होदा अंसारी, अनवारुल हक अंसारी, हाजी मो. स्वालेह, हाजी मो. यासीन माइको, हाफिज नसीर अहमद, हाजी ऐनुल होदा 'बाबू भाई', इशरत उस्मानी, सरदार अब्दुर्रहीम, हाजी मोईनुद्दीन, हाजी नसीर अहमद, हाजी रमजान अली, सरदार मो. अहमद, अख्लाक अहमद महतो वगैरह थे।



बुनकरों का एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को भाजपा एमएलसी अशोक धवन से उनके आवास पर मिला

न्यायालय सब जज - 2 मोकाम - बक्सर
स्वत्व वाद संख्या-484 सन् 2012
अनिल कुमार राय..........मुदईयान
बनाम
रामाश्रय राय वगैहर..........मुदालेहम
नोटिस बनाम-
1. राज कुमारी देवी जौजे स्व0 विजय बहादुर राय, 2. मु0 रीता देवी जौजे स्व0 अवधेश राय, 3. नितिश कुमार राय पिता स्व0 अवधेश राय
4. रिम्पी उर्फ साक्षी देवी } दोख्तरन
5. मीना } स्व0 अदेश राय
सभी ग्राम-खरडीहाँ, थाना-भावरकोल, जिला-गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)

चूँ बजरिये गजट प्रकाशन आपको अगाह किया जाता है आपलोगों को उपस्थिति हेतु नजारत एवं पोस्ट ऑफिस द्वारा सम्मन भेजा जा चुका है इसके बावजुद आप मुकदमा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतः बजरिये गजट प्रकाशन के आपलोगों सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 21.01.2023 को 10.30 बजे दिन में मेरे न्यायालय में अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर जो कुछ भी उजुर/एतराज करना है करें अन्यथा आपलोगों के खिलाफ मोकदमा में एकपक्षीय करवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकिद समझे। आज दिनांक........... को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी।

सब जज - 2
बक्सर

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर)/किराया प्राधिकरण (नगर), वाराणसी
किराया प्राधिकरण वाराणसी के समक्ष
आवेदन संख्या-132 वर्ष 2022
आवेदक/भूस्वामी-सोनी देवी पत्नी जय प्रकाश मौर्या
बनाम
विरोधी पक्षकार/किरायेदार-शिवनाथ पुत्र स्व0 नरेश
आवेदन संख्या-133 वर्ष 2022
आवेदक/भूस्वामी-सोनी देवी पत्नी जय प्रकाश मौर्या
बनाम
विरोधी पक्षकार/किरायेदार-शिवशंकर पुत्र स्व0 नरेश
आवेदन संख्या-134 वर्ष 2022
आवेदक/भूस्वामी-सोनी देवी पत्नी जय प्रकाश मौर्या
बनाम
विरोधी पक्षकार/किरायेदार-विश्वनाथ पुत्र स्व0 नरेश
मौजा-रघुनाथपुर, परगना-शिवपुर, वार्ड-सारनाथ, थाना-सारनाथ, जिला-वाराणसी
उपरोक्त के विरुद्ध नोटिस-

चूँकि ऊपर अभिहित आवेदक जो अपने को भूस्वामी अभिकथित करता है, ने उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, 2021 की धारा 21 (2)/22 के अधीन अनुसुची-क में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 17.01.2023 को 10 बजे अपरान्ह/पूर्वान्ह का समय कार्यालय किराया प्राधिकरण (नगर)/न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर) कलेक्ट्रेट के समक्ष नियत किया गया है, अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिये कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाय, आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसिल के माध्यम से उपस्थित हो। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसेल के उक्त दिनांक और समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्य किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दें।

आज दिनांक.....................को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से दी गयी।
न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर)/किराया प्राधिकरण (नगर), वाराणसी

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमोई, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अमोई ,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर द्वारा वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 16.01.2023 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है। जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कायार्देश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी/एन0एस0सी जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का नाम** - पक्की सड़क से गुडडू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण

**सामग्री** - स्टोन ब्लास्ट 40 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 20 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 80 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 63 एम एम, स्टोन ब्लास्ट 50 एम एम, स्टोन चिपिंग स्क्रीनिंग 150 माइक्रॉन, फाईन सेन्ड, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, कोर्स सेन्ड, ईंट प्रथम श्रेणी, सनड्राइज, इण्टरलाकिंग ब्लाक 80 एम एम, सेन्ड जोन, स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 10/11.2 एम एम, स्टोन चिपिंग/स्क्रीनिंग 4.75 एम एम, साईन बोर्ड 1 नग।

सचिव
विद्यानन्द

ग्राम प्रधान
धर्मावती देवी



# वाराणसी



# रिवर क्रूज के सहारे काशी का नए युग में प्रस्थान

## काशी अपनी पुरातन आत्मा को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर स्थापित हुई



अतिथियों को संबोधित करते सीएम



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते सीएम आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री सोनोवाल

**बोले योगी आदित्यनाथ**

### पर्यटन को बढ़ावा देगा दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज 'गंगा विलास': सर्वानंद सोनोवाल

### 27 नदी व 50 पर्यटन स्थलों से होकर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग से डिब्रूगढ़ के बीच 3,200 किलोमीटर की दूरी की यात्रा करेगा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** दुनिया के सबसे बड़े यात्री क्रूज गंगा विलास से यात्रा प्रारंभ होने की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सायंकाल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रिवर क्रूज के सहारे काशी नए युग के लिए प्रस्थान करने जा रहा है। काशी विश्व की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी अपनी पुरातन आत्मा को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर स्थापित हुआ है। काशी थल और नभ के साथ-साथ अब जल मार्ग से भी जुड़ने जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात हैं, कि विश्व की सबसे बड़ी यात्री क्रूज गंगा विलास को शुक्रवार को प्रधानमंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि एमवी गंगा विलास के उद्घाटन के साथ दुनिया की सबसे लंबे रिवर क्रूज का शुभारंभ होने जा रहा है। यह भारत जलमार्ग के क्षेत्र में नई इतिहास की रचना करेगा और साथ ही रिवर क्रूज पर्यटन के एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक होगा। यह लग्जरी क्रूज भारत और बांग्लादेश के 5 राज्यों में 27 नदी प्रणालियों में 3,200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा। श्री सोनोवाल ने कहा कि इस सेवा के लॉन्च होने के साथ रिवर क्रूज की विशाल अप्रयुक्त क्षमता के इस्तेमाल की शुरूआत होगी। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शुक्रवार को 10 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

शंकर महादेवन के सांस्कृतिक कार्यक्रम (कर्टन रेजर) में मुख्य अतिथि के रूप में लोगो को सम्बोधित मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी से हल्दिया तक विगत 3 वर्ष पूर्व हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल परिवहन की शुरूआत की जा चुकी है। अब यात्री सेवा के साथ ही कार्गो सेवा भी काशी से प्रारंभ होगा। प्रधानमंत्री द्वारा यह सौगात काशी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को लोगों को दी गई है। कहा कि दुनिया के सबसे बड़े यात्री क्रूज ₹गंगा विलास₹ से यात्रा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही साथ जहां रोमांचकारी है, वही एडवांचर भी है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, हम उस अपार संपदा की खोज कर रहे हैं, जो हमें समृद्ध नदी प्रणाली प्रदान करती है। अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से सतत विकास के इस मार्ग को जबरदस्त बढ़ावा मिला है, क्योंकि कार्गो ट्रैफिक के साथ-साथ यात्री पर्यटन को बढ़ाने के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। बताया कि क्रूज ₹गंगा विलास₹ भारत में वाराणसी से रवाना होकर 5 राज्यों में 27 नदी प्रणालियों में 3,200 कि.मी. से अधिक की दूरी तय करके अंतः डिब्रूगढ़ तक सफर करेगा। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सबानंद सोनोवाल ने भी लोगों को संबोधित करते हुए काशी से शुरू हो रहे यात्री जल परिवहन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सबानंद सोनोवाल एवं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ ही उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टांप एवं पंजीयन शुल्क राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक डॉ अवधेश सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गंगा आए कहां से, गंगा जाये कहां रे...



**प्रख्यात गायक शंकर महादेवन ने विश्वनाथ धाम में बहायी सुर गंगा**

**गंगा व शिव के भजनों के बीच श्रोताओं ने लगायी डुबकी**

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ कारिडोर में संस्कृति मंत्रालय की ओर से गुरुवार की शाम सांस्कृतिक संध्या में प्रख्यात गायक व संगीत निर्देशक शंकर महादेवन ने अपने गायन से सबको मुग्ध कर दिया। काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय बंदरगाह व नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनावाल समेत कई विधायक व अन्य विशिष्टजनों के अलावा स्विटजरलैण्ड से आये नागरिक भी मौजूद थे। सायंकाल 7.15 बजे नीले रंग का कुर्ता व कंधे पर शाल ओढ़े शंकर महादेवन का जब मंच पर पदार्पण हुआ तो मंदिर चौक में मौजूद सभी श्रोताओं ने उनका हर-हर महादेव के भारी उद्घोष से उनका अभिवादन किया। शंकर महादेवन ने गंगा व शिव पर कई भजनों की सुर गंगा बहायी। शंकर महादेवन भजन गाते रहे और श्रोता उनके साथ सुर से सुर मिलाते रहे। उन्होंने वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि व देवी सुरसरि गंगे से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद शिव तांडव जटा कटा ऊं नमः शिवाय सुनाया तो सभी श्रोता मगन हो गये। शंकर महादेवन को सुनने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर में आये दर्शनार्थी भी मंदिर चौक पहुंच गये थे। इसके बाद शंकर महादेवन ने हेमंत कुमार का गाया गाना गंगा आई कहां से, गंगा जाये कहां रे जब सुनाया तो सभी झूम उठे। उनके साथ पश्चिम बंगाल से आये युवा कलाकार सौरभ मोनी भी थे जिन्होंने इन पंक्तियों को बंगला में गाकर कर सुनाया। वाकई सौरभ मोनी बंगला में जब लहराये पानी में जैसे धूप-छांव रे गीत गाया तो सभी श्रोताओं के दिल में उतर गये।

## कुछ लोग देश को तोड़ने का षडयंत्र रच रहे-योगी

**संबोधन**

**रामानन्दाचार्य की जयंती समारोह में बोले मुख्यमंत्री**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को श्रीमद्जगद्गुरु रामानन्दाचार्य के 723वें जयंती समारोह में गुरुधाम पहुंचे और यहां विशाल संख्या में आये लोगों को उन्होंने संबोधित किया। कहा कि आज एक ओर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को जोड़ने वाली ताकत काम कर रही है, जिसमें बिना भेदभाव के समाज के हर तबके को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक वैभव को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य हो रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद और अराजकता से देश को मुक्त करने का कार्य हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग देश को तोड़ने के नाम पर षडयंत्र रच रहे हैं। वे जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को तोड़ने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात सौ साल पहले साधना की ऊंचाइयों को प्राप्त करने वाले रामानन्दाचार्य ने हर परंपरा को, फिर चाहे वो सगुण हो या निर्गुण, सभी को जोड़कर मध्यकाल के आक्रांताओं को भक्ति के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसी के कारण आज का भारत बचा हुआ है। कार्यक्रम ऐसे अवसर पर आयोजित हो रहा है, जब हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। कहा कि जगद्गुरु रामानन्दाचार्य ने एक संदेश दिया था, "जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई"। इस अवसर पर डॉ रामकमल दास वेदांती, महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास महाराज, स्वामी सर्वेश्वरशरण महाराज, काशी वैष्णव संत समाज के पदाधिकारीगण के अलावा उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ अवधेश सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आज पीएम करेंगे टेंट सिटी का वर्चुअली उदघाटन

**आगाज**

**सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद**

**काशी की धर्म, संस्कृति, अध्यात्म और कला की दिखेगी झलक**

**टेंट सिटी में 30 हेक्टेयर में बनाए गए 270 कॉटेज**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में पर्यटन का एक नया अध्याय लिख रहे हैं, जिसकी शुरूआत 13 जनवरी को काशी के उत्तर वाहिनी गंगा के तट पर होगा। काशी के घाटों के पार रेत पर तंबुओं का शहर बन कर तैयार है। टेंट सिटी पूर्वांचल के पर्यटन उद्योग को शिखर पर ले जाने का काम करेगा, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी तादात में रोजगार मिलेगा। साथ ही पूर्वांचल के उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को टेंट सिटी का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

उत्तरायण हो रहे सूर्य के साथ काशी के पूर्वी तट पर गंगा पार रेत पर तंबुओं का शहर शुरू हो रहा है। जहां धर्म, संस्कृति, अध्यात्म और कला की गंगा बहेगी। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि 10 हेक्टेयर प्रति क्लस्टर स्थापित किए जाने वाले टेंट की संख्या 200 है। टेंट के तीन क्लस्टर स्थापित किए जाने वाले टेंट के प्रकार विला 900 वर्गफीट 10 प्रतिशत, सुपर डीलक्स 480-580 वर्ग फीट 50 प्रतिशत, डीलक्स 250-400 वर्ग फीट 40 प्रतिशत। टेंट सिटी के एक क्लस्टर में 200 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा के लिए स्विस कॉटेज, रिसेप्शन एरिया, गेमिंग जोन, रेस्टोरेंट, डायनिंग एरिया, कॉन्फ्रेंस स्थल, स्पॉ एवं योगा केन्द्र, लाइब्रेरी एवं आर्ट गैलरी के अतिरिक्त वॉटर स्पोर्टस, कैमल, हार्स राइडिंग आदि तथा अन्य सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स गतिविधियां होगी।

### मांस-मदिरा का सेवन प्रतिबंधित

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि टेंट सिटी में मांस मदिरा का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। पानी के लिए सरकार ने बोरिंग कराया है, बिजली के तार पहुंचाए गये हैं। सीवर लाइन बिछाई गयी है। टेंट सिटी से निकलने वाले सीवर को पंप कर के सीधे रामनगर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट ले जाया जाएगा। साफ-सफाई के लिए निगम के लोग तैनात किये गये हैं। सुरक्षा के लिए अस्थाई पुलिस चौकी रहेगी। बाढ़ के समय कुछ महीनों के लिए टेंट सिटी को यहां से हटा लिया जाएगा।

### खास आकर्षण वाला लग्जीरियस टेंट है गंगा दर्शन विला

मेसर्स प्रावेग कम्युनिकेशंस (इंडिया) लिमिटेड की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर प्रोलिना बराड़ा ने बताया की उन्होंने 140 टेंट बनाये हैं। टेंट सिटी में लगभग वे सभी सुविधाएं मिलेंगी जो एक अच्छे लग्जीरियस होटल में मिलती है। निजी बीच के साथ गंगा दर्शन विला उनका खास आकर्षण वाला लग्जीरियस टेंट है। इसके अलावा अन्य टेंट कॉटेज भी है। खास बनारसी खानपान होगा। इसके अलावा खास थीम पर लाइटिंग और डेकोरेशन होगा।

### एंबुलेंस और सिक्योरिटी की मिलेगी सुविधा

सिक्योरिटी और एंबुलेंस की भी होगी व्यवस्था लल्लूजी एंड संस के पार्टनर हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि उनके क्लस्टर के सभी 125 टेंट से बाहर निकलते ही गंगा का दर्शन होगा। पूरे टेंट सिटी में काशी का एहसास दिलने के लिए गीत संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बनारस के खान पान का विशेष ध्यान रखा गया है। सुरक्षा के लिए निजी गार्ड के अलावा सीसीटीवी से निगरानी करेंगे। टेंट सिटी में ही फर्स्ट एड की सुविधा होगी। जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस से अस्पताल भेजने की सुविधा भी होगी।

## विवेकानंद एक विश्वव्यापी विचार हैं : डॉ. अनुपमा सिंह



**वाराणसी।** गर्ल्स डिग्री कॉलेज में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में माया गया। प्राचार्य डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'स्वामी विवेकानंद एक व्यक्तित्व ही नहीं अपितु एक विश्वव्यापी विचार हैं।' भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी युवाओं को उनको अपना आदर्श मानना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह गौतम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो से लौटकर भारतीयों को संदेश दिया कि सभी देवी-देवताओं को भूल जाओ और याद रखो कि एक ही देवी है भारत मां। उन्होंने ही अतिथि देवों भवः का नारा दिया। महाविद्याल के प्रबंधक डॉ. रवि सिंह ने विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और कहा कि हमे स्वामी जी के जीवन से संदेश को ग्रहण करना चाहिए। संचालन डॉ. भागीरथी और धन्यवाद ज्ञापन गायत्री देवी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीता लाल, डॉ. धर्मराज यादव, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, कुलेंद्र पटेल एवं सुनील भारद्वाज के साथ छात्रायें उपस्थित रही।

## स्विस पर्यटकों ने किया सारनाथ का भ्रमण

**सारनाथ।** गंगा विलास क्रूज से आये स्विस पर्यटकों ने गुरुवार को सारनाथ का भ्रमण किया। उन्होंने संग्रहालय में पुरावशेष देखे। पुरातात्विक खंडहर घूमने के दौरान व चमत्कृत दिखे। धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों देख वह अविभूत हो गए। दिन में करीब 11 स्विस टूरिस्ट सारनाथ पहुंचे थे। उन्होंने यहां के म्यूजियम और पुरातात्विक उत्खनित स्थल के बारे में गहन रुचि दिखायी। संग्रहालय में सुशोभित राष्ट्रीय चिह्न चार सिंह शीर्ष और उसकी चमक देखकर आश्चर्यचकित रह गये। उन्होंने बुद्ध गैलरी में रखे भगवान बुद्ध से संबंधित प्रतिमाओं को देखा और संबंधित जानकारी ली। वहीं, हिन्दू गैलरी में देवी-देवताओं की मूर्तियों का भी अवलोकन किया। इसी क्रम में जर्मनी के नौ पर्यटकों ने भी क्षेत्र का भ्रमण किया।

## भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का वक्त : डॉ. अशोक




**वाराणसी।** सासाराम के एसपी जैन महाविद्यालय में गुरुवार को 'हिंदी और लोकभाषाओं का अंतः संबंध' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में प्रधानाचार्य प्रो. गुरुचरण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भोजपुरी एक अंतर्राष्ट्रीय लोकभाषा है।

उत्तर प्रदेश व बिहार, भारत के अन्य प्रदेशों और विदेशों में भोजपुरी भाषी लोग बसे हुए हैं। आज इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बावजूद इसके इसे राष्ट्रीय स्तर पर यह मान्यता नहीं दी गई। विशेष वक्ता के रूप में बोलते हुए विश्व भोजपुरी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करके ही भोजपुरी भाषा को उचित सम्मान मिलेगा।

इस दौरान सुरेंद्र कुमार, प्रो. संजय और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके चतुर्वेदी ने भी भोजपुरी भाषा के विकास की पुरजोर वकालत की। बिहार सरकार की उच्च शिक्षा निदेशक रेखा शर्मा ने सभा को संबोधित किया और सभी वक्ताओं से परिचय प्राप्त कर अपनी शुभकामना दी।

## भाजपा महिला मोर्चा रंगोली से बनाएगा 'जी-20' का लोगो

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले जी-20 को देखते हुए भाजपा महिला मोर्चा की वर्कर देशभर में जश्न मनाएंगी। आगामी 15-16 जनवरी को वह अपने-अपने घर के सामने, सार्वजनिक स्थलों आदि पर रंगोली से 'जी-20' का लोगो बनाएंगी। इस बारे में गुरुवार को गुलाबबाग स्थित पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक हुई। जिसमें मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने सदस्यों को बताया कि तय तिथियों पर काशी क्षेत्र के सभी 337 मंडलों में रंगोली का कार्यक्रम होगा। मीटिंग में बबिता तिवारी, अपराजिता सोनकर, सुनीता सिंह, सुरेखा सिंह, प्रियंका दुबे, कुसुम पटेल, साधना सिंह, आरती, अनिशा शाही आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।




रिटेल डायरेक्टरी








## सत्कृति हॉस्पिटल को एनएबीएच की मान्यता



**वाराणसी।** संकटमोचन स्थित सत्कृति हॉस्पिटल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल (एनएबीएच) की मान्यता प्राप्त हुई। ये मान्यता अस्पताल को बेहतर सेवाएं और सभी 178 मानकों पर खरा उतरने पर मिला। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार गुप्ता (ईएनटी विशेषज्ञ) ने बताया कि हॉस्पिटल बनारस ही नहीं बल्कि पूर्वांचल का पहला प्री- एनएबीएच मान्यता प्रमाणित ईएनटी अस्पताल है और यहां पूरी गुणवत्ता को ध्यान में रखकर मरीजों का इलाज किया जाता है। एनएबीएच से पहले हॉस्पिटल को सेवाओं के आधार पर आईएसओ का सर्टिफिकेट प्राप्त है। हॉस्पिटल को आयुष्मान भारत के तहत मान्यता प्राप्त है। इसके तहत यहां मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है। हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ. प्रियंका (मधुमेह रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि यहां सेवा भाव से मरीजों को देखा जाता है।

## मीडिया बैडमिंटन, कैरम शतरंज और टेटे 17 से

**वाराणसी।** काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में आनंद चंदोला खेल महोत्सव का दूसरा आयोजन 17 से 19 जनवरी तक किया गया है। इसके तहत 35वीं दीनानाथ गुप्त स्मृति मीडिया बैडमिंटन, विश्वनाथ सिंह दद्दू स्मृति टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज के मुकाबले खेले जाएंगे। पराड़कर स्मृति भवन स्थित प्रेस क्लब के मल्टीपरपज हाल में आयोजित इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में काशी पत्रकार संघ व वाराणसी प्रेस क्लब के सदस्य और सह सदस्य हिस्सा लेंगे।

बैडमिंटन, कैरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एकल व लॅकी युगल के मुकाबले खेले जायेंगे। इन स्पधाओं में प्रवेश के इच्छुक काशी पत्रकार संघ व वाराणसी प्रेस क्लब के सदस्य एवं सह सदस्य 16 को अपराह्न एक बजे तक अपनी प्रविष्टी पराड़कर स्मृति भवन कार्यालय सहायक विश्वदीप बापुली अथवा राजीव चौरसिया को दे सकते हैं।

## संक्षेप

### मंत्रालय के उप सचिव ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के उप सचिव मदन मोहन मौर्य ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट और जैतपुरा प्रखंडों में संचालित सस्ते गल्ले की दुकानों का औचक मुआयना किया। उन्होंने जैतपुरा प्रखंड में महिला उपभोक्ता सहकारी समिति लिमिटेड की दुकान का भी जायजा लिया। श्री मौर्य में निरीक्षण के दौरान दुकानों पर अन्नपूर्ति मशीन और उसके माध्यम से राशन का वितरण देखा। साथ ही उन दुकानों पर डिस्प्ले की गई विभागीय सूचनाएं, मुफ्त खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, निःशुल्क बांटे जा रहे राशन की मात्रा व गुणवत्ता आदि का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से फोर्टिफाइड राइस आदि के बारे में पूछताछ की। श्री मौर्य मे व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी दीपांकर, डीएसओ और प्रबंधक एफसीआई आदि भी रहे।

### पुर्तगालियों ने शुरू की थी चुंगी परंपरा

**वाराणसी।** बीएचयू के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में गुरुवार को 'भारतीय भाषाओं पर पुर्तगाली का प्रभाव' विषयक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लिस्बन विवि पुर्तगाल में भारतीय भाषा केंद्र के अध्यक्ष प्रो. शिव कुमार सिंह थे।



उन्होंने कहा कि विवेकानंद, महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर ने भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व में फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। जबकि पुर्तगालियों ने अपने व्यापार के जरिये दुनिया को अपनी ज्ञान परंपरा बतायी। अंग्रेजी से पहले पुर्तगाली ही व्यापार, शिक्षा एवं ज्ञान की भाषा थी। चुंगी परंपरा की शुरुआत पुर्तगालियों ने ही की थी। 1240 में पंचतंत्र का लैटिन भाषा में अनुवाद हुआ। कार्यक्रम में प्रो. संजय कुमार, प्रो. राजकुमार, डॉ. धर्मजंग, प्रो. कमलशील, डॉ. उषा त्रिपाठी, डॉ. राजीव वर्मा, प्रो. मधु कुशवाहा आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### उत्पादन लागत कम करती है जैविक खाद

**काशी विद्यापीठ।** चांदपुर के कलेक्ट्री फार्म स्थित कृषि शोध परिसर में संचालित



संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र में गुरुवार को जैव उर्वरक संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कृषक गोष्ठी भी हुई। कार्यक्रम में वाराणसी और जौनपुर के किसान शामिल थे। विशेषज्ञों ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों की तुलना में जैव उर्वरक का मूल्य कम है। फलस्वरूप फसल उत्पादन की लागत कम होती है। जैव उर्वरकों के प्रयोग से फसल के लिए नाइट्रोजन व घुलनशील फास्फोरस की उपलब्धता बढ़ती है। जैविक खाद से पर्यावरण सुरक्षित होता है। आयोजन में मिट्टी की सेहत के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डीडी कृषि (शोध) आरके सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एनके सिंह, अरुण कुमार, राजेश्वर शर्मा, रामा सिंह, सुनील कुमार, रामनरेश, दुर्गेश सिंह आदि थे।

### बीडीओ ने किया औचक मुआयना

**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के बीडीओ राजेश वर्मा ने गुरुवार को जयरामपुर में एसएलडब्ल्यूएम के तहत निर्माणाधीन सोकपिट और सीवर लाइन समेत आरएससी



सेंटर पर चल रहे निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान एवं सचिव को पारदर्शिता के साथ कार्य में तेजी लाने को कहा। गांव के गोवंश आश्रय स्थल के चारों ओर लगी जाली को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में वह खेतलपुर गांव में कुछ लाभार्थियों के पात्रता की जांच की।

### साप्ताहिक परामर्श शिविर का आयोजन

**वाराणसी।** शिवपुरवा मोहल्ले के विद्या भवन में साप्ताहिक परामर्श शिविर का आयोजन सूचना का अधिकार अभियान उत्तर प्रदेश के तहत किया गया। इस शिविर में सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून , खाद्य सुरक्षा



कानून , पथ विक्रेता संरक्षण कानून जनहित गारंटी कानून और असंगठित मजदूरों के पंजीकरण जैसे जनहित के मुद्दों पर आमजन को परामर्श दिया गया। शिविर के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, इस अवसर पर अभियान के सह संयोजक वल्लभाचार्य पांडेय ने कहा की स्वामी जी के संदेश आज भी युवाओं के लिए व्यावहारिक है, इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह ने बताया शिक्षा के अधिकार के तहत निःशुल्क शिक्षा के लिए निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जा रही है। अभियान से जुड़े राजकुमार पटेल ने बताया कि प्रति सप्ताह गुरुवार को इसी स्थान पर दो घंटे का शिविर रहेगा। आवश्यकतानुसार विभागों के सामने , तहसील, ब्लाक, जिला मुख्यालय पर भी शिविर लगाये जायेंगे।

### धरने पर बैठे छात्र नेताओं से मिले कुलपति

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में छात्रों व विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर खीचतान का माहौल चल रहा है। इसे लेकर छात्र नेताओं व समर्थक छात्रों ने बुधवार को पंथ प्रशासनीक भवन के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी थी। जिसके बाद से छात्र धरने पर बैठ गए थे। इसी बाबत गुरुवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों से मुलाकत की और उन्हें सलाह चुनाव के संबंध वार्ता की। इस बीच उन्होंने छात्र नेताओं से बात करते हुए सभी को सर्द रात में धरना स्थल पर न बैठने की सलाह दी।

### गोवंश आश्रयस्थल का त्रिपाल चोरी

**रोहनिया।** स्थानीय क्षेत्र के मिसिरपुर ग्राम पंचायत में स्थापित निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल परिसर में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए लगाया गया त्रिपाल बीते बुधवार की रात चोरी हो गयी। प्रांगण में मजबूती से बांधा गया त्रिपाल चोर को काटकर ले गये। केयरटेकर ने बताया कि ग्राम सचिव को मामले की सूचना दे दी गई है।

### रोस्टर बनाकर करें जिलों का भ्रमण

**काशी विद्यापीठ।** मंडल के संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. आशुतोष मिश्र ने गुरुवार को चांदपुर के कलेक्ट्री फार्म स्थित कृषि भवन में विभागीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर वाराणसी, जौनपुर, चंदौली व गाजीपुर जनपदों के अफसर मौजूद थे। डॉ. मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण न किये जाने पर नाराजगी जताते हुए रोस्टर बनाकर क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिये। बीज व जिप्सम अनुदान सात दिन में किसानों को उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि में अवशेष किसानों का ई–केवाईसी इसी माह करा लेने को कहा। चंदौली तथा गाजीपुर में गंगातट के गांवों के किसानों को नामामि गंगे योजना के बारे प्रशिक्षित करने के निर्देश दिये।

### छुट्टा पशुओं व नील गायों से ग्रामीण परेशान

**सिंधोरा।** स्थानीय क्षेत्र में नीलगाय और छुट्टा पशुओं के कारण का मार्ग दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन पशुओं ने वाहन टकरा जा रहे हैं। उसके बावजूद इलाके में न तो छुट्टा पशुओं की धर–पकड़ हो रही है और न ही नील गायों की समस्या खत्म हो रही है। इन पशुओं के चलते किसान भी परेशान हैं। किसान राजू शर्मा, रामजी, मनोज आदि ने रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि इस बारे में तहसील में शिकायत की जा चुकी है फिर भी पहल नहीं हो रही है।

### नाटक का सराहनीय मंचन

**वाराणसी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय अध्ययन योजना के तहत 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' संस्था ने नाटक 'नरेंद्र से विवेकानंद' सराहनीय मंचन किया। शुभम वर्मा लिखित इस प्रस्तुति का निर्देशन अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया था। नेहा वर्मा के संयोजन में यह कार्यक्रम था।

### अंतरराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**पिंडरा।** फूलपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल खेल मैदान पर आगामी 14 जनवरी से अंतरराज्यीय स्व. बलिराज पटेल स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। आयोजक सुरेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20–20 ओवर के मैच में दिल्ली, मुंबई, छत्तीसगढ़, गाजियाबाद समेत 16 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन में क्रिकेट एसोसिएशन से पंजीकृत टीमों की भागीदारी रहेगी।

# विवेकानंद का किया पुण्य स्मरण

## स्वामी जी का अनुसरण करने की ली शपथ

**जयंती**

**शहर के कई स्थानों व संस्थाओं में आयोजित हुए कार्यक्रम, विश्व पटल पर राष्ट्र को महान बनाने में रही भूमिका**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी गुरुवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कई संस्थानों द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वामी के आदर्शों व पद चिह्न पर चलने की शपथ ली गई।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरूवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, बीएचयू, डीएवी पीजी कॉलेज, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय क्रांति मंच सहित कई संस्थानों की ओर से स्वामी विवेकादंन की जयंती मनाई गई। डीएवी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात इकाईयों द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी। खेल मैदान आदि जगहों पर जमा प्लास्टिक के कचरों को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा एक जनजागरूकता रैली भी निकाली गयी जो मैदागिन, कबीरचौरा से होते हुए महाविद्यालय पहुंची। शिविर में डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ सिंह एवं डॉ. शशिकान्त यादव आदि स्वयंसेवकों ने भी स्वामी विवेकानन्द पर विचार प्रकट किया। स्वामी विवेकानंद सदैव अपना संपूर्ण जीवन एक शिक्षक की भांति संपूर्ण राष्ट्र को निर्मित करते रहे, हमें यह विचार करने की आवश्यकता है कि आधुनिक शिक्षा किस दिशा में जा रही है, अच्छे मनुष्य का निर्माण करना बहुत कठिन हो गया है।

उक्त विचार कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने शिक्षा शास्त्र विभाग में स्वामी विवेकानंद के जयंती महोत्सव गोष्ठी के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त की। उधर बड़ी गैबी महमूरगंज में नाथ अखाड़ा पर राष्ट्रवादी क्रांति मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजेश सुरेका, दिनेश सेठ, देवेंद्र सेठ, छोटू बंगाली, मुकेश वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन छात्रावास में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें तृतीय वर्ष के छात्रों ने मैराथन ,योगा और सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन किया। इस दौरान प्रो. एसके सिंह, प्रो. एमके सिंह, वीके त्रिपाठी, वाईवी सिंह आदि शामिल रहे। चौबेपुर बाजार में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के युवा परिवार सेवा समिति व थर्ड आई क्लासेज के संयुक्त तत्वावधान में रैनी निकाल कर नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया। साथ ही पंचक्रोशी रोड के सोना तालाब क्षेत्र में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुए।



### यहां भी मनाई गई विवेकानंद की जयंती

**वाराणसी।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर गुरुवार को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के स्थापना दिवस पर संपूर्ण भारत में आयोजित सेवा संकल्प दिवस को काशी अंचल में भी मनाया जा है। युवा शक्ति काशी अंचल सारनाथ स्थित कुष्ठ सेवा आश्रम में कुष्ठ रोगियों को फल और दवा का वितरण किया गया। साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हुकूलगंज मे एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें स्वतंत्र बहादुर सिंह के साथ संचालन डॉ पंकज कुमार सिंह संयोजक काशी अंचल ने किया। इसके अलावा राष्ट्रीय युवा दिवस पर रोहनिया में जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने पर्यावरण विद अनिल कुमार सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीणों मे कंबल एवं पौधे वितरित किए गए। मुख्य रूप से नारायणी सिंह, दिवाकर दुबे आदि मौजूद रहे। वहीं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रिय प्रवास स्थल गोपाल लाल विला, एलटी ट्रेनिंग कॉलेज अर्दली बाजार में भव्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ। संचालन व्यापारी नेता मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में राहुल सिंह, राजकुमार आहूजा, मनीष चौबे, विनोद पांडेय भैयाजी, मनोज दुबे आदि मौजूद रहे।

# तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों को एडवर्स इंट्री



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को पाइप पेयजल योजना के बारे में की समीक्षा बैठक

**बैठक**

**सीडीओ हिमांशु नागपाल ने की पाइप पेयजल योजना एवं एसएलडब्ल्यूएम की समीक्षा**

**कई गांवों में पेयजल योजना के कार्य हैं ठप, कचरा प्रबंधन कार्य की धीमी गति पर ऐक्शन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने चेताया है कि जनपद के किसी भी सांसद आदर्श ग्रामों में संचालित विकास कार्य यदि बंद पाए गये तो जिम्मेदार विभाग के विरुद्ध कार्रवाई होगी। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के छितौनी में चल रहे पेयजल परियोजना की पाइप लाइन में लीकेज की शिखायत अबतक दूर न किये जाने पर उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित ठेकेदार यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं करता है तो उसे ब्लैक लिस्ट कर पेयजलापूर्ति में बाधा डालने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं। उन्होंने एसएलडब्ल्यूएम कार्य की सुस्त गति पर तीन गांवों के सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने और पांच गांवों के सचिवों का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

विकास भवन सभागार में गुरुवार को श्री नागपाल ने पाइप पेयजल योजना की समीक्षा के बैठक के दौरान यह कहा। इस दौरान सांसद आदर्श ग्राम परमपुर, अनंतपुर, पूरे बरियार, बखरिया में कार्य अधूरे पाए गये। ढोलापुर, देल्हना, कुरहुआ तथा पूरे गांवों में काम शुरु ही नहीं किया गया है। काशी विद्यापीठ के खंड विकास अधिकारी ने सीडीओ को छितौनी ग्राम पंचायत में पाइप लीकेज की लगातार मिल रही शिकायत की ओर ध्यान दिलाया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विभाग के सहायक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिये। बीडीओ आराजी लाइन ने परमपुर में स्कीम का कार्य करीब एक माह से ठप होने की जानकारी दी। इस पर श्री नागपाल ने अधिशासी अभियंता को चेताया कि सांसद आदर्श ग्रामों में यदि कार्य बंद हुए तो कार्यदायी संस्था एल एंड टी के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित करें। समीक्षा के दौरान पूरे एवं कुरहुआ में पेयजल कनेक्शन की प्रगति शून्य पायी गयी। इस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता को एक पखवारे के भीतर अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुसार निर्धारित परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराएं। उन्होंने मछली पालकों की ट्रेनिंग 15 दिन पूर्ण कराने पर बल दिया। बैठक में गैरहाजिर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य एवं बीएसए से उन्होंने स्पष्टीकरण तलब किया।

इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने एसएलडब्ल्यूएम की समीक्षा की। उन्होंने तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए चल रहे कार्यों को 15 दिन में पूर्ण कराने को कहा। साथ ही कार्य की धीमी प्रगति पर करधना, मेहंदीगंज और ठठरा के सचिवों को एडवर्स इंट्री देने समेत हरसोस, नेहिया, महगांव, भतसार तथा बिहड़ा के सचिवों का जनवरी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये। मीटिंग में डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय भी थे।

# भाजयुमो ने किया यंग इंडिया रन का आयोजन

**कार्यक्रम**

**प्रतिभागियों को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र**

**वाराणसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर द्वारा गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की 159वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में यंग इंडिया रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यंग इंडिया रन (मिनी मैराथन) सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्टेडियम से प्रारंभ होकर सिगरा चौराहा, गुलाब बाग, मलदहिया चौराहा, इंग्लिशिया लाइन होते हुए पुनः सिगरा स्टेडियम पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल की अगुवाई में आयोजित



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ₹इस मैराथन का उद्देश्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के संकल्प स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत को युवाओं के मध्य स्थापित करना है, इस कड़ाके की ठंड में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित युवा इस संकल्प में नई ऊर्जा का संचार कर रहे है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने युवा मोर्चा द्वारा आयोजित यंग इंडिया रन को प्रोत्साहन प्रदान किया एवं भविष्य में भी ऐसे ही कार्यक्रम से युवाओं को सक्रिय रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर किया। यंग इंडिया रन में शशिकांत विश्वकर्मा प्रथम, शहीद खान द्वितीय एवं रूपेश श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में तामसी सिंह प्रथम, रेनू यादव द्वितीय, रंजना यादव ने तृतीय एवं स्नेहा मिश्रा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। संचालन महानगर महामंत्री ओम तिवारी एवं अवनीश श्रीवास्तव ने और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम संयोजक महामंत्री ओम तिवारी एवं कोषाध्यक्ष सुयश अग्रवाल थे। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, मंत्री मधुप सिंह, युवा मोर्चा के महानगर पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलें युवा

**चांदमारी।** हरहुआ ब्लॉक के उदयपुर स्थित पंचायत भवन पर गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। गांव के युवक मंगल दल की ओर से इस अवसर पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिव शंकर सिंह युवाओं को विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। बोले- स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यह मंत्र को युवाओं को हमेशा याद रखना चाहिए। युवक मंगल दल के अध्यक्ष प्रिंस चौबे ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में युवाओं को पठन-पाठन की सामग्री बांटी गयी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुद्धु राम, अजीत कुमार, रवींद्र कुमार, सूरज, दीपक, सनी प्रजापति आदि भी रहे।

# सड़कों और पुलों के प्रस्ताव पर समीक्षा बैठक

**तैयारी का खाका**

**मंडलायुक्त ने पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम, ट्रैफिक पुलिस, निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर गुरुवार को लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण निगम, ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। जिसमें शहर में नई सड़कों व पुलों के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस दौरान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सर्वप्रथम भोजूबीर-टीएफसी मार्ग, अस्सी-गदौलिया मार्ग और पड़ाव-नमो घाट मार्ग के चौड़ीकरण-विकास कार्यों की समीक्षा की। विभाग को निर्देशित किया गया कि मार्गो पर सड़क चौड़ीकरण एवं पुनर्विकास के साथ रेलिंग, जेब्रा क्रासिंग, डिवाइडर और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाए। मोहनसराय-चकिया मार्ग के पुनर्विकास कार्य संबंधित निर्देशित किया गया की मार्गों में प्लांटेशन, डिवाइडर, साइनेज, लाईट पोल आदि के कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, इसमें जल निकासी की समस्या दूर की जाए। साथ ही भेलूपुर-गुरुधाम-जल निगम मार्ग, पंचकोशी मार्ग, संपूर्णानंद विश्वविद्यालय-मलदहिया-लोहामंडी मार्ग, रथयात्रा-कमच्छा फोर लेन मार्ग, रथयात्रा महमूरगंज मार्ग, अंधरापुल-मरिमाई-कमच्छा मार्ग आदि पर सड़कों के चौड़ीकरण और फ्लाईओवर की संभावनाओं के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया। पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम को निर्देशित किया की जलकल विभाग व जल निगम से समन्वय



मातहतों संग बैठक करते मंडलायुक्त

स्थापित कर शहर में सीवर पाईप लाइन सर्वे कराया जाए, सर्वे के अनुसार शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए फ़्लाइओवरों के निर्माण की संभावनाओं पर प्रस्ताव तैयार करें। इसके अलावा शहर में रथयात्रा-महमूरगंज मार्ग, मंडुआडीह-मुढ़ैला मार्ग, रिंगरोड-कस्तूरबा गांधी विद्यालय-सारनाथ, पहड़िया-बलुआ, बौलिया तिराहा-मोहनसराय के बीच मुख्य मार्ग पर तीन जगह, सदरपुर-रवींद्रपुरी-दुर्गाकुंड मार्ग पर अस्सी नदी के साथ-साथ, फुलवरिया रोड से सराय मोहना तक वरुणा नदी से साथ-साथ नए फ़्लाइओवरों के प्रस्तावों की समीक्षा की और आवश्यक सुझाव दिये। इनमें भूमि की उपलब्धता के आधार पर संशोधन पर विचार किया गया साथ ही प्रस्तावित फ़्लाइओवरों में भूमि अधिग्रहण कम से कम किए जाने पर निर्देशित किया गया। इसके लिए भदोही रोड और मोहनसराय रोड पर पूर्व से स्वीकृत परियोजना में भी आवश्यक संशोधन करायें।

### अस्सी व वरुणा नदी पर दो फ्लाइओवर का बनाएं प्रस्ताव

मंडलायुक्त ने सेतु निर्माण निगम को निर्देशित किया कि अस्सी नदी–सुंदरपुर मार्ग और वरुणा नदी के साथ प्रस्तावित दो–लेन फ़्लाइओवर की विस्तृत कार्ययोजना तथा प्रस्ताव बनाये जाए। फ़्लाइओवरों के क्रैश–बैरियर पर स्टेंसिल,पैटर्न आधारित मिनिमल थीम आर्ट कराए जाने हेतु कार्य किया जाए। शहर में अन्य नई सड़कों एवं फ़्लाइओवरों के सुझाव दिये गये और ट्रैफिक सुगमता, यातायात प्रबंधन तथा सुविधाओं के विकास आधारित नई सड़कें, फ़्लाइओवर, अंडरपास आदि के निर्माण की संभावनाएं देखी जाए और प्रस्ताव बनाएं, प्रस्ताव एक सप्ताह बाद मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किये जायें।

# काशी विद्यापीठ में मनाई गयी डॉ. भगवानदास की जयंती

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गुरुवार को अपने प्रथम कुलपति एवं काशी के प्रथम भारतरत्न डॉ. भगवान दास की जयंती मनाई गई। डॉ. भगवान दास पहले भारतरत्न अवार्ड पाने वाले व्यक्ति थे और पूरा देश उनका 154 वां जन्म दिवस मना रहा है, डॉ. भगवानदास शाह परिवार से तालुकात रखते थे। खास करके स्त्री शिक्षा में अपना योगदान देने के लिए उन्हें जाना जाता है। एनी बेसेंट



के साथ मिलकर उन्होंने बहुत से कार्य किए तथा आगे चलकर सेंट्रल हिंदू कॉलेज की स्थापना की जो आज सेंट्रल हिंदू स्कूल के नाम से जाना जाता है। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने शिक्षक एवं अधिकारियों के साथ महान विभूति का माल्यार्पण किया और इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें छात्रों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अध्यापक भी शामिल रहे। प्रो.अनुराग कुमार, डॉ. नागेंद्र सिंह ने अपने विचार रखे दोनों महापुरुषों की जयंती पर कुलपति ने कहा कि डॉ. भगवानदास एवं स्वामी विवेकानंद का जीवन त्याग एवं बलिदान का रहा है जो हमें अंधविश्वास की दुनिया को छोड़कर तर्क की दुनिया की ओर ले जाता है। प्रो. शैलेंद्र कुमार, वर्मा डॉक्टर ज्योत्सना राय आदि ने अपने विचार रखे । इस अवसर पर प्रो. केके सिंह, कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, पीआरओ डॉ. नवरत्न सिंह, प्रो. सुशील कुमार गौतम, डॉ. सूर्यनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने की प्रियंका गांधी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना

**आयोजन**

**पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव के जन्मदिन पर अजय राय के मुख्य आतिथ्य में अनुष्ठान व कंबल वितरण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर संगठन की महानगर इकाई की ओर से अस्सी क्षेत्र स्थित नवदुर्गा मंदिर में अनुष्ठानपूर्क पूजन-अर्चन किया गया। साथ ही मुमुक्षु भवन में डंडी स्वामियों, बुजर्ग महिलाओं और जरूरतमंदों को कंबल बांटे गये। पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के मुख्य अतिथ्य में यह कार्यक्रम था।

इस अवसर पर श्री राय ने प्रियंका के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। आयोजन में जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, दुर्गा प्रसाद गुप्त, फसाहत हुसैन बाबू, डॉ. राजेश गुप्ता, मनीष मोरोलिया, अशोक सिंह, विकास दुबे, चंचल शर्मा, हसन मेहंदी कब्बन, तरंग सेठ, प्रमोद वर्मा, श्रवण गुप्ता, रोहित दुबे, किशन यादव, अनुभव राय, मित्तल साहनी, छांगुर गुप्ता, सतीश कसेरा, गुरु यादव, आकाश कनौजिया, रामजी गुप्ता, नवीन पतवानियुवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव तथा महानगर महासचिव विकास दुबे आदि की उपस्थिति रही।

### प्रियंका का शोक संदेश सौंपा

वाराणसी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के दौर से कांग्रेस सेवादल के नेता मोतीलाल की धर्मपत्नी स्व. शांति देवी का गुरुवार को त्रयोदशाह संस्कार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राज के नेतृत्व में कांग्रेसजन उनके आवास पर पहुंचे और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से भेजा गया शोक संदेश मोतीलाल के पुत्र जवाहरलाल सैनी को सौंपा। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राय के साथ इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, डॉ. राजेश गुप्ता, अनुभव राय, तरंग सेठ, रोहित दुबे, आशिष गुप्ता, आकाश कनौजिया,नवीन पटवानी आदि रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे — अधिसूचना संख्या : 02/2023

रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनारक्षित विशेष गाड़ियों का संचलन निम्नवत किया जायेगा-

गाड़ी संख्या 05196/05195 प्रयागराज रामबाग-बनारस-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित दैनिक गाड़ी

05196 - प्रयागराज रामबाग से दिनांक 28.02.2023 से अगले आदेश तक

05195 - बनारस से दिनांक 28.02.2023 से अगले आदेश तक

05196/05195 (प्रयागराज रामबाग-बनारस-प्रयागराज रामबाग) की समय सारणी

| 05196 आगमन | 05196 प्रस्थान | स्टेशन | 05195 आगमन | 05195 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 11.00 | प्रयागराज रामबाग | 18.00 | — |
| 11.12 | 11.14 | [illegible] | 17.42 | 17.44 |
| 11.23 | 11.25 | झूंसी | 17.28 | 17.30 |
| 11.32 | 11.34 | रामनाथपुर | 17.15 | 17.17 |
| 11.44 | 11.46 | सैदाबाद | 17.06 | 17.07 |
| 11.51 | 11.53 | हंडिया खास | 16.58 | 17.00 |
| 12.11 | 12.13 | [illegible] | 16.47 | 16.49 |
| 12.19 | 12.20 | [illegible] | 16.42 | 16.43 |
| 12.26 | 12.27 | [illegible] | 16.35 | 16.36 |
| 12.31 | 12.32 | [illegible] | 16.30 | 16.31 |
| 12.38 | 12.40 | [illegible] | 16.20 | 16.22 |
| 12.47 | 12.48 | [illegible] | 16.14 | 16.15 |
| 12.53 | 12.54 | [illegible] | 16.08 | 16.09 |
| 12.58 | 13.00 | [illegible] | 16.00 | 16.02 |
| 13.07 | 13.09 | [illegible] | 15.51 | 15.53 |
| 13.16 | 13.18 | [illegible] | 15.42 | 15.44 |
| 13.24 | 13.26 | [illegible] | 15.28 | 15.30 |
| 13.31 | 13.32 | [illegible] | 15.15 | 15.16 |
| 13.37 | 13.39 | [illegible] | 15.06 | 15.08 |
| 13.45 | 13.47 | [illegible] | 14.58 | 15.00 |
| 13.54 | 13.55 | [illegible] | 14.52 | 14.53 |
| 14.15 | — | बनारस | — | 14.50 |

[illegible]

मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

# शांति व समृद्धि से ही आगे बढ़ेगा देश : स्वतंत्र देव सिंह


मंचासीन अतिथियों के साथ सम्मानित बच्चे

## आयोजन

### जो ईमानदार, ज्ञानी व राष्ट्रभक्त होगा, वही देश पर राज करेगा

**सिकंदरपुर।** स्थानीय गांधी इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक संजय यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जब जातिवाद, क्षेत्रवाद, ऊंच-नीच के दौर से भारत माता जकड़ी हुई थी, तब स्वामी विवेकानंद घर परिवार छोड़ भारत माता को आजाद कराने के लिए दिन-रात भटकते रहे।

कहा कि रामकृष्ण परमहंस के यहां पहुंच वहां से उन्होंने उनके कहने पर माता का दर्शन किये और भारत माता को आजाद कराने व देश को बदलने के लिए निकल पड़े। उसी तरह आज उस अधूरे कार्यों को गुजरात में जन्म लेकर पैदा हुए नरेन्द्र मोदी देश को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। जो ईमानदार, ज्ञानी व राष्ट्रभक्त होगा, वही देश पर राज करेगा। शांति व समृद्धि ही देश को आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से जल संचय करने की अपील की। कहा कि स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करते हुए बेटियों को भी शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ा गया है। सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलने का कार्य किया जा रहा है।


मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बुके देते डॉ. देवेन्द्र सिंह

विशिष्ट अतिथि मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि युवाओं का प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद है। उनका जीवन बहुत ही कठिन रहा है। सन्यास वैराग्य को उन्होंने चुना। वह अपने लिए नहीं, बल्कि देश व समाज के लिए काम करते रहे। इसलिए आज भी वह युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। तत्पश्चात यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड के टाप टेन छात्र-छात्राओं को मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सम्मानित किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष आनंद स्वरूप महाराज, डॉ. देवेंद्र नाथ सिंह, छट्ठू राम, केशव चौधरी, सत्येंद्र राजभर आदि मौजूद रहे। संचालन डा. विद्यासागर उपाध्याय ने किया।

### जेएनसीयू में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के हजारी प्रसाद द्विवेदी अकादमिक भवन में कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विवेकानंद जी के शिकागो व्यक्तव्य का जिक्र करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता को पूरे विश्व में स्थापित किया। स्वामी जी ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक अनुभूतियों को आत्मसात करके अद्वैत वेदांत के दर्शन का पूरे विश्व में प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. प्रमोद शंकर पांडेय, डॉ. रामशरण, डॉ. विजय शंकर पांडेय, डॉ. संदीप यादव, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. प्रेमभूषण आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अजय चौबे ने किया। सभी का आभार डॉ. विनीत सिंह ने व्यक्त किया।

### स्वामी जी के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश



**मझौवां।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदुपरांत स्वतंत्रता सेनानी पंडित अमरनाथ मिश्र की आदमकद प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया। संजय मिश्र ने स्वामी जी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। स्वामी जी का संबोधन पूरी मानव जाति के लिए था। डॉ. भगवान जी चौबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए आत्मनियंत्रण की बात की है। डॉ. अजीत यादव ने कहा कि स्वामी जी युवाओं में विचलन रोककर युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहते थे। डॉ. सिद्धार्थ कुमार ने विद्यार्थियों को विनम्र रहते हुए ज्ञानार्जन करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार राय, आर्यन मिश्र, राहुल पांडे, रविशंकर, विवेक सिंह, शक्ति सिंह, प्रियांशु यादव, डॉ. गीता जी, डॉ. ऋषि विवेक धर, डॉ. उमेश यादव, इंद्रजीत चौधरी, डॉ. परमानंद पांडेय, विजय यादव, रविंद्र ठाकुर, योगेंद्र शाह इत्यादि उपस्थित रहे।

### आधुनिक भारत के महान विचारक थे स्वामी जी

**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र बलिया व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजेंद्र प्रसाद सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा टाउन डिग्री कालेज के प्राचार्य रविंद्र नाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर-के किया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि विवेकानंद जी को देशभक्त संत के रूप में माना जाता है। राष्ट्रवादी पथ पर अग्रसर हो रहे प्रत्येक युवा के लिए स्वामी जी के विचार प्रेरणा के पुंज है। ये आधुनिक भारत के महान विचारक और प्रचारक थे। डॉ. रविंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करके ही हम वैभवशाली भारत का निर्माण कर सकते हैं। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रविंद्र मोहन ने किया। मौके पर डॉ. साहब दुबे, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, डॉ. निशा राघव, नवीन सिंह, शलभ उपाध्याय, गुप्तेश्वर प्रसाद, कुमार अभिषेक, नंदिनी सिंह, वर्धन पाठक, ओंकार नाथ सिंह, मंटू साहनी, निशा रंजीत आदि मौजूद रहे। संचालन नितेश पाठक ने किया।

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है : दयाशंकर सिंह



**बलिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गुरुवार को क्रास कंट्री यंग इंडिया रन का आयोजन किया गया। इसमें 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान से 11वें स्थान तक के विजेताओं को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पुरस्कृत किया। दौड़ में पवन राजभर प्रथम, राजपाल भारद्वाज द्वितीय, जयप्रकाश राजभर तृतीय, अवनीश यादव चतुर्थ,सोनू राजभर पंचम, सुलभ चंद्रा छठा, बृजेश साहनी सप्तम, साहब सिंह आठवें , प्रशांत साहनी नौवें, अनुभव यादव 10वां एवं सोनू चौहान 11वें स्थान पर रहे। मंत्री दयाशंकर सिंह कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श के रूप में स्थापित हैं। उनकी जयंती पर यंग इंडिया रन कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को उनकी विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श बताया तथा युवा तरुणाई को उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री पटेल दीपक मल्ल ने कहा कि युवा मोर्चा बड़े जोश के साथ स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाता आया है। देश का प्रत्येक युवा भारत को अग्रणी देश बनाने को कृत संकल्पित है। इसके पूर्व सुबह में मंत्री दयाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यंग इंडिया रन का शुभारंभ किया। दौड़ प्रतियोगिता वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रारंभ होकर पराग डेयरी जीराबस्ती से होते हुए पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। पुरस्कार वितरण समारोह वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, संजय मिश्र, अरूण सिंह बंटू, अभिषेक सोनी, मयंक शेखर तिवारी, अविनाश सिंह, कुंवर पुर्णेन्द्र सिंह, सुधीर मौर्य, विश्वजीत तिवारी, आदित्य तिवारी, अभिषेक सिंह, आशुतोष तिवारी, निखिल पांडेय, मोहित मौर्य, यशजीत सिंह, विकेश राठौर, प्रदीप रस्तोगी, अनुज श्रीवास्तव, सर्वेंद्र सिंह, साहिल, जय यादव, आलोक सिंह, सचिन गुप्ता, सुधीर सिंह, आशीष तिवारी, अभिषेक राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अश्वनी सिंह लिटिल तथा संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया।

### स्वामी जी के चित्र पर किया माल्यार्पण

**बलिया।** सतीश चंद्र कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। डॉ. शुभनीत कौशिक ने स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं को स्वामी विवेकानंद जी के राष्ट्र निर्माण में किये गये योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण पायलट, डॉ. कीर्ति चंदन आजाद, डॉ. सत्यदेव प्रजापति, डॉ. त्रिवेन्द्र कुमार, हरिद्वार तिवारी, रामभूषण आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. सुनिल कुमार यादव ने किया।

### धूमधाम से मनायी गई स्वामी विवेकानंद जयंती



**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विद्या मंदिर के प्राथमिक के भैयाओं ने स्वामी विवेकानंद जी की सजीव झांकी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीनाथ बाबा मठ के पीठाधीश्वर कौशलेंद्र गिरी महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द अपना जीवन स्वामी रामकृष्ण परमहंस को समर्पित कर चुके थे। गुरुदेव के शरीर-त्याग के दिनों में अपने घर और कुटुंब की नाजुक हालत की परवाह किए बिना, स्वयं के भोजन की परवाह किए बिना गुरु सेवा में सतत हाजिर रहे। गुरुदेव का शरीर अत्यंत रुग्ण हो गया था। उनका मानना था कि ऐसा कार्य करें, जिससे समग्र विश्व में भारत के अमूल्य आध्यात्मिक खजाने की सुगंध फैला सके। प्रधानाचार्य श्रीमान अरविंद सिंह चौहान ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता ईश्वरनश्री तथा संचालन अरूण मणि ने किया।

### स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को किया याद



**बलिया।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर उप्र विधानसभा में पूर्व प्रतिपक्ष के नेता रामगोविंद चौधरी के जगदीशपुर पानी टंकी स्थित आवास पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति एवं देश में सद्भाव वहां के युवाओं के प्रगति एवं शिक्षा पर निर्भर करता है। देश के युवा ही देश को प्रगति के पथ पर लेकर जा सकता है। यह तभी संभव है, जब देश का युवा अपने शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा तथा उसे सही शिक्षा मिलेगी। विवेकानंद जी जैसे महापुरुषों की जयंती पर हमें देश और समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ाते हुए देश के विकास में अपने योगदान हेतु संकल्पित होना होगा। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार को भी देश के शिक्षा व्यवस्था को सस्ती एवं सर्वसुलभ बनाने की सोच रखनी चाहिए। साथ ही युवा वर्ग को योग्यता के अनुरूप कार्य मिले, इसका इंतजाम सरकार को करना चाहिए। इस अवसर पर सुशील पाण्डेय कान्हजी, उपेन्द्र सिंह, अभिषेक पाण्डेय, संटू सिंह, विनोद पासवान, बृजभान यादव, पल्लू जायसवाल, लल्लन वैशाखी आदि मौजूद रहे।

### स्वामी जी ने मानव जाति को दिया नया संदेश



**बलिया।** सृष्टि के सृजन एवं संहार की अनवरत प्रक्रिया का अति आधुनिक अध्ययन कर स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिकता के धरातल पर मानव जाति को नया संदेश दिया। ब्रम्हाण्ड के अनसुलझे रहस्यों पर से उन्होंने न केवल पर्दा हटाया, बल्कि ज्ञान, भक्ति, कर्म एवं राजयोग के सहारे प्रत्येक मानव को आत्म साक्षात्कार करने का सर्व सुलभ मार्ग प्रस्तुत किया। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने मिश्रनेवरी स्थित आध्यात्मिक चिंतन संस्थान के कैम्प कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्यक्त किया। स्वामी विवेकानंद का अवतरण भारतीय भूमि पर सनातनी परंपरा का अनोखा दस्तावेज है। इससे राष्ट्र आलोकित हुआ। विश्व समुदाय खिलखिला उठा। मौके पर राहुल यादव, अंबेश राय, शिवम चौबे, अतुल तिवारी, आरूष यादव, चंदन यादव आदि मौजूद रहे।

### नवीन भारत के निर्माण का आह्वान



**सिकंदरपुर।** श्री स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय काजीपुर के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के व्यवस्थापक आदित्य प्रताप सिंह ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर नवीन भारत के निर्माण का आह्वान किया। कहा कि हमें अपने अध्यात्मिक, सामाजिक और चारित्रिक जीवन के उत्थान के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिए। हमें उनके बताए गए रास्तों पर चलकर उनके द्वारा दिए गए विचारों को अपने जीवन में उतारकर भारत के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में भाग लेना है। कहा कि युवा ही इस देश के कर्णधार है। आपके ही कंधे पर पूरे देश का भविष्य टिका है। डॉ. संतोष सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हसीना खातून, चित्रलेखा तिवारी, बृजेंद्र श्रीवास्तव, कामेश्वर प्रसाद, अश्वनी सिंह, नजरे आलम, सकीना खातून, निशा, प्रतिभा, प्रतीक्षा, रचना, राजीव, अमन, किरण आदि मौजूद रहे। संचालन सुनील कुमार एवं नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। आदित्य प्रताप सिंह सोनू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### स्वामीजी ने दिया था 'दरिद्र देवो भवः' का नारा



**सिकंदरपुर।** स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर जूहा स्कूल सिकन्दरपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारत भ्रमण के दौरान यहां की गरीबी एवं दरिद्रता को देखकर स्वामी जी का हृदय द्रवित हो उठा था। उन्होंने दरिद्र देवो भवः का नारा दिया। उन्होंने धर्म का प्रथम कर्तव्य दरिद्र एवं दुखीजन की सेवा करना बताया। कहा कि स्वामी जी ने देश की समस्या दूर करने के लिए जातिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रगत परिश्रम करने का आवाहन किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी सोच के साथ सबका साथ-सबका विकास एवं सबका विश्वास के नारे के साथ समाज के अन्तिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व विधायक भगवान पाठक ने कहा कि स्वामी जी पुरोहितों के पाखण्ड को देश के विकास में बाधक मानते थे। उन्होंने कहा था कि अगले 50 वर्षो तक सभी देवी-देवताओं को भूलकर मात्र भारत माता की अराधना करो और इनकी उन्नति के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दो। पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा कि शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में अपने सम्बोधन में महान भारतीय संस्कृति एवं सोच से दुनिया को अवगत कराया। इस अवसर पर सुरेश सिंह, रणजीत राय, मंजय राय, दयाशंकर भारती, बैजनाथ पाण्डेय, नसीम चिस्ती, गनेश सोनी, प्रयाग चौहान, राकेश गुप्ता, डा. उमेश चन्द, रामायण सिंह, सुदामा राय, अशोक सिंह, विमलेश राय, संतोष यादव, गुडडू सिंह, सुनील सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, अजय सिंह, मोहनकान्त राय, संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता हेमन्त मिश्र एवं संचालन भोला सिंह ने किया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**नगरा।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर क्षेत्र में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुवार को कैलाश धाम मंदिर पर आयोजित कवि सम्मेलन में हिंदी व भोजपुरी के कवियों ने अपने रचनाओं के माध्यम से देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, भ्रूण हत्या आदि पर करारा प्रहार किया।

सम्मेलन का शुभारंभ अमेरिका के अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार सिंह ने किया। कविता का शुभारम्भ कवि श्रीराम सरगम ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद उन्होंने कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद पर बोलते हुए कहा कि गीता के अइसन किताब कवनो नईखे, ज्ञान के भंडार के हिसाब कवनो नईखे, दुनिया में स्वामी त बहूतेरे भईले, विवेकानंद के जवाब कवनो नईखे। इसके बाद उन्होंने दुश्मन के मारे बिना घरे जदि अईब, मुखवो से बात ना ही करब ए सिपहिया सुनाकर वाहवाही लूटी। इसके बाद मंच पर



पहुंचे कवि राम सोच यादव ने देश की व्यवस्था पर करारा प्रहार करते हुए सुनाया ए आजादी से बोल हमें का मिलल, कुम्हि तहियो रहे, फूल आजो ना खिलल, अब त मुश्किल बा भाई के भाई कहल, ए आजादी से बोल हमें का मिलल।

फतेहचन्द बेचैन ने अपनी कविता नया साल में हे मालिक सबका झोली भर दो, राष्ट्र सेवा करू मैं प्रतिदिन, मुझको ऐसा वर दो सुनाकर सबको नए वर्ष की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने बलिया जिले की विशेषता बताते हुए आन, बान पर मर मिटना बलिया के परिपाटी ह सुनाकर तालियां बटोरी। इसके बाद मंच सम्हालते हुए कवि नंद जी नंदा ने अपनी हास्य रचना स्त्री के रहते पुरुष को पुरुष यदि माला पहनाएंगे, परिवार नियोजन के सारे मसले चुटकी में हल हो जाएंगे सुनाकर सबको गुदगुदाया। भ्रूण हत्या पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए सुरेश यादव ने अपनी कविता देब जो बेटी के गरभवे में मारी, त कइसे पैदा होइहै राणा शिवा के महतारी, अरे भारत हमार ह शकुन्तला के रचना, देख ना खोलि नैना के खेले अंगना सुनाकर उपस्थित दर्शकों को झकझोर दिया।

कार्यक्रम में जितेंद्र त्यागी, शिक्षिका गुड़िया सहित अन्य कवियों ने भी अपनी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सीएसआईएल के एमडी रमेश सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय, देव नारायण प्रजापति, राजीव कुमार सिंह चंदेल, डॉ. शशि प्रकाश कुशवाहा, छात्रनेता अश्विनी वर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन राम कृष्ण मौर्य तथा अयोजक दिनेश्वर सिंह कुशवाहा ने अतिथियों एवं कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# परिवहन मंत्री ने दिया रोजगार मेले में चयनितों को ऑफर लेटर

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में 12 जनवरी 2023 को आकांक्षात्मक विकास खण्ड हनुमानगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आफर लेटर प्रदान किया। जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि इस रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। तीनों कंपनियों द्वारा 132 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। पूर्व में आयोजित आकांक्षात्मक विकास-खण्डों में रोजगार मेला के माध्यम से कई अभ्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। परमानन्द सिंह यादव अनुदेशक सेवायोजन द्वारा कार्यालय की कार्यपद्धति से अभ्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस रोजगार मेला को संपन्न कराने में खण्ड विकास अधिकारी, गजेन्द्र प्रताप सिंह तथा कौशल विकास मिशन के अरुण यादव तथा सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी, अशोक यादव, मनोज सिंह, मुकेश सिंह, रामू रावत का विशेष सहयोग रहा। अगला रोजगार मेला आकाक्षात्मक विकास-खण्ड सोहाव में 13 जनवरी 2023 को आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में राजकीय कंस्ट्रक्शन कंपनी अहमदाबाद, जीफोरएस कंपनी आदि ने प्रतिभाग किया।

## संक्षेप

### स्वामी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को किया याद



**बलिया।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भृगुजी मंदिर के प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण कर मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. विनोद, परमेश्वरनश्री ने भारत माता, स्वामी विवेकानन्द, डा. केशवराम बलिराम हेडगेवार व माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। संघ प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर बृजमोहन, अरुण मणि, ओम प्रकाश राय, विशाल, चंद्रशेखर, कृपा निधि पांडेय आदि मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्त्री को किया गया निष्कासित

**बलिया।** जनपद के विकास खण्ड रसड़ा के ग्राम मुंडेरा की निष्कासित आशा कार्यकत्री रागिनी सिंह के सात जनवरी को सीएचसी परिसर में धरना प्रदर्शन के बाबत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सराय भारती ने बताया कि रागिनी सिंह को अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन न करने तथा अपने नियंत्रक/उच्च अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से त्रिसदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति की आख्या के आधार पर सीएमओ के निर्देश पर श्रीमती सिंह को सेवा से निष्कासित किया जा चुका है। उच्च अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किये जाने के विरूद्ध रसड़ा कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है, जिसमें पुलिस की ओर से न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। श्रीमती रागिनी सिंह से कोई भी कार्य न लिये जाने सम्बन्धी ग्राम पंचायत मुंडेरा के ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति को पत्र भेजा जा चुका है।

### 20 बकायेदारों पर दर्ज कराया मुकदमा

**बैरिया।** कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन परेशान हैं। वही, विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से बकाया बिल की वसूली को लेकर कमर कस लिया है और ताबड़तोड़ कार्यवाही में लगा हुआ है। विद्युत उपकेंद्र बैरिया पर तैनात अवर अभियंता विनोद भारद्वाज तथा अवर अभियन्ता सुनील पाल द्वारा बुधवार की देर शाम कुल 20 विद्युत बिल बकायेदारों पर बकाया भुगतान नही करने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें मधुबनी व बैरिया के विद्युत बकायेदार शामिल है। जिन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, उसमें जितेंद्र वर्मा, भगवान, शिव प्रसाद मौर्य, रमणी देवी, नरेंद्र तिवारी, सुरेश मौर्य, कैलाश शर्मा, कामिनी देवी, शोभा देवी, सत्यनारायण यादव, विजय शाह, लालजी यादव आदि शामिल है। अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि जिन पर भी बिजली विभाग का 10 हजारों रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है। अगर वह तत्काल बकाया बिल जमा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कर रही काम : स्वतंत्रदेव सिंह

**बलिया।** कलेक्टेज्ट सभागार में गुरूवार को शाम 5 बजे जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण परती भूमि, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आवश्य बैठक की। करीब डेढ़ घण्टे तक अधिकारियों के साथ मंत्री ने बैठक की। सबसे ज्यादा मंत्री का फोकस सिंचाई, बाढ़, लघु सिंचाई पर रहा। मंत्री स्वतंत्रदेव ने कहा कि सरकार की जो भी योजना है उसका कार्य धरातल पर दिखना चाहिए। सरकार किसानों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं



होनी चाहिए। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे। मीटिंग समाप्त होने के बाद जैसे ही मंत्री सभागार से बाहर निकले पत्रकारों ने उनसे कई मुद्दों पर बात किया। मंत्री ने पत्रकारों के जवाब में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम राज्य में खुशहाली चाहते, राज्य में शांति चाहते है। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब शांति से रहे, न तुम लड़ों न हम लडे, न दंगा हो न फसाद हो राज्य शांति के मार्ग पर चले यही सरकार की सोच है। उन्होंने कहा कि हम राज्य का विकास चाहते है और सरकार गरीबों के कल्याण के लिए काम भी कर रही है।

# युवक से कार्ड बदल ठग ने एटीएम से निकाले 22 हजार रुपये

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील के सामने स्थित एक एटीएम पर पैसे निकालने गए एक युवक से कार्ड बदल एक ठग ने 22 हजार रुपए निकाल लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार पीड़ित शैल कुमारी पत्नी स्व. लल्लन राम जो स्थानीय पशुपालन विभाग में कार्यरत है उनका भतीजा यशवंत कुमार बुधवार को तहसील के सामने लगे वन इंडिया एटीएम से पैसा निकालने गया था। कई बार प्रयास करने के बाद भी पैसा नही निकला सका। उसी समय पीछे खड़ा एक अज्ञात युवक ने मदद की कोशिश किया।

पैसा नहीं निकलने पर यशवंत घर चला गया। घर पहुंचने पर मोबाइल पर एटीएम से 22 हजार रुपए आहरण का मैसेज आने से होश उड़ गया। अनान-फानन में पीड़ित ने अपना एटीएम देखा तो एटीएम किसी मु. कयामुद्दीन का निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# डीसीएम ने ई-रिक्शा को कुचला, चालक गंभीर

**हादसा**

### घटना के बाद डीसीएम छोड़कर फरार हो गया चालक

**जनसंदेश न्यूज**



डीसीएम की टक्कर से क्षतिग्रस्त बिजली खंभा एवं ई-रिक्शा

**बैरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य सोनबरसा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर सोनबरसा गांव के उत्तर तरफ तेज रफ्तार डीसीएम सड़क किनारे के बिजली के खम्भे को तोड़ते हुए ई-रिक्शा को घसीट कर कुचल दिया। इससे ई-रिक्शा चालक सोनबरसा निवासी हरेन्द्र यादव (32) गम्भीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से ई-रिक्शा काट कर हरेन्द्र यादव को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं, घटना के बाद चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि गुरुवार की तड़के एक कंपनी का दूध लेकर डीसीएम चालक छपरा से बैरिया की तरफ आ रहा था। वहीं, ई-रिक्शा चालक सोनबरसा से मिर्च लेकर सरेमनपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। घना कोहरे के कारण डीसीएम सड़क किनारे लगाए गए बिजली के खम्भे से टकराते हुए ई-रिक्शा पर जा चढ़ा। इससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। वहीं, ई-रिक्शा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बिजली के खम्भे से पहले टक्कर होने के कारण डीसीएम ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर भारी भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

## पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री विक्रमादित्य पांडेय की पुण्यतिथि पर 14 जनवरी को जगह-जगह सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा होगी। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाएगा। विक्रमादित्य पांडेय सेवा संस्थान के मंत्री श्रीप्रकाश पांडेय मुन्ना ने बताया कि पुण्यतिथि पर 14 जनवरी को टाउन हाल में सुबह 11 बजे से सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। इसमें विकास पुरुष रहे विक्रमादित्य पांडेय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ता गण प्रकाश डालेंगे। उधर, शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति कदम चौराहा की ओर से शहीद मंगल पांडे स्मारक स्थल पर शिक्षाविद् रहे पूर्व प्रधानाचार्य विक्रमादित्य पांडे को श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने बताया कि प्रातः 10 बजे से उनके चतुर्दिक विकास की चर्चा की जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान के लिए लोगों को अंगवस्त्रम से सम्मानित भी किया जाएगा।

# 30 जनवरी के पहले बलिया को मिलेगा नया जिलाध्यक्ष

**बलिया।** भाजपा का अगला जिलाध्यक्ष कौन होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन 30 जनवरी से पहले बलिया को नया जिलाध्यक्ष मिलेगा। यूपी बीजेपी के संगठन में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कई मोर्चे पर अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व कई पदाधिकारी भी बदले जायेंगे। संगठन में सूची तैयार हो गयी है। बस घोषणा बाकी है। वैस भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में कई महत्वपूर्ण चेहरे बलिया से लेकर लखनऊ तक का चक्कर लगा रहे है। बलिया जिले में जिलाध्यक्ष के अलावा मण्डल अध्यक्षों को भी बदला जायेगा। इसको लेकर संगठन में सूची तैयार हो चुकी है। जिलाध्यक्ष की दौड़ में अन्य जातियों के अलावा ब्राह्मण चेहरा का नाम सुर्खियों में है। भाजपा में चर्चा था कि निकाय चुनाव के बाद जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष बदल जायेंगे, लेकिन निकाय चुनाव अब अप्रैल व मई में होने की सम्भावना है। ऐसे में अब निकाय चुनाव से पहले ही जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष बदले जायेंगे। भाजपा के राजनैतिक गलियारों में कई नामों की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। वैसे अब तक जितने भी जिलाध्यक्ष हुए है, उसमें से कई जिलाध्यक्ष विधानसभा का चुनाव लड़कर विधायक व मंत्री बने।

**इंतजार**

### किसके सिर सजेगा भाजपा जिलाध्यक्ष का सेहरा

### ये रहे जिलाध्यक्ष

**बलिया।** भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर कई लोग ईमानदारी के साथ कुर्सी पर बैठ कर संगठन को मजबूत करने का काम किया था। वैसे तो जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर कई चेहरे विराजमान हो चुके है। 1990 के बाद से जो जिलाध्यक्ष बने, उसमें शिवभूषण विधानसभा क्षेत्र रसड़ा, जयनारायण दादा विस बैरिया, संग्राम भूषण विस बेल्थरा, पीएन विस बलिया, शेषमणि विस बलिया, ब्रजनारायण विस क्षेत्र बलिया, उपेन्द्र विस क्षेत्र फेफना, देवेन्द्र विस सिकन्दरपुर, विजय बहादुर विस क्षेत्र बैरिया, विनोद शंकर विस बांसडीह, जयप्रकाश विस बैरिया का नाम शामिल है।

# ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

**जनसंदेश न्यूज**

**मनमानी**

### सेवानिवृत्त सैनिकों से बिल पास करने को मांग रहे घूस

**बलिया।** सरकार ने देश के सभी सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आनलाइन प्रक्रिया द्वारा ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड की योजना शुरू की है। ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके आश्रितों को निःशुल्क मेडिकल सेवाएं मुहैया कराना है। लेकिन बलिया के एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम इस समय भ्रष्टाचार कर भेंट चढ़ गया है।

यह बात स्वयं सेवानिवृत सैनिको ने उठाई है तथा देश के रक्षा मंत्रालय, निदेशक सेन्ट्रल आरगनाइजेशन ईसीएचएस नई दिल्ली व पूर्व यूपी व एमपी सब एरिया ईसीएचएस, निदेशक रिजनल सेंटर प्रयागराज ईसीएचएस को शिकायती पत्र लिखकर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सैनिकों ने तत्काल जांच कर भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है। सेवानिवृत सेना नायक प्रेमशंकर सिंह ने बताया कि मेरा हार्ट का ओपन सर्जरी हुआ है, जिसका इलाज ईसीएचएस बलिया से चल रहा है। जो ईसीएचएस पर दवा उपलब्ध नहीं होता है तो सेंटर से अनुमति लेकर बाहर से दवा खरीद कर अपना इलाज कराता हूं। इसी के भुगतान के लिए जब मै सेंटर पर गया तो मुझे दो हप्ते तक इधर से उधर दौड़ाया गया।

बाद मे ये कहा गया कि आनलाइन करके भेज दीजिये। मैने अपने अधिकारियो के कहे अनुसार वो भी कर दिया। जब सब प्रक्रिया पूरी करने के बाद गया तो अधिकारियो द्वारा बंद कमरे मे बिल का तीस प्रतिशत दे दीजिये, तत्काल भुगतान हो जायेगा। जब मैंने देने से इंकार किया तो मेरा फाइल लौटा दिया गया। मै बाध्य होकर उच्च अधिकारियो को अवगत कराने के साथ ही जांच कर कार्यवाही कि मांग की है।

## दुकान ध्वस्त किये जाने पर व्यक्त किया रोष

**रसड़ा।** पत्रकारों की संयुक्त बैठक गुरुवार को गांधी पार्क में हुई। इसमें मंगलवार की रात कुछ भू-माफियाओं द्वारा गुलाब चंद का हाता स्थित पत्रकार संजय शर्मा व उनके भाई अशोक शर्मा की पुश्तैनी दुकान को जेसीबी से ध्वस्त किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन इस मामले मे संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है तो इसे लेकर वृहद रूप से आंदोलन किया जाएगा। रमाकांत सिंह ने क्षेत्राधिकारी एसएन वैस से हुई वार्ता को साझा करते हुए बताया कि उनके द्वारा मिले आश्वासन का हम इंतजार करेंगे। इसके बावजूद यदि कोई संतोषजनक कार्यवाही नही की गई तो आंदोलन को रुख अख्तियार किया जायेगा। मौके पर इश्तियाक अहमद, अरविंद कुमार तिवारी, संतोष कुमार सिंह, पिंटू सिंह, शिवानन्द, रवि आर्य, अखिलेश सैनी, मतलूब अहमद, आरिफ अहमद अंसारी, संजय शर्मा, अख्तर जमील अंसारी, सुनील सरदासपुरी, कृष्णा शर्मा, सुमित गुप्ता, हरिदर वर्मा, विनोद शर्मा, गोपाल जी गुप्ता, सीताराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस को देख मूर्तियां छोड़कर भागे चोर

**चोरी**

### बोरी लेकर बाइक से ढाबा पर पहुंचे थे भोजन करने



बरामद प्राचीन मूर्तियां

**बेल्थरारोड।** उभांव पुलिस ने बुधवार की देर रात एक बन्द बोरी से चोरी की पांच अदद प्राचीन मूर्तियां बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन मूर्तियों को चोर विक्री करने की नीयत से ले जा रहे थे, जो पुलिस की गतिविधि को देख बोरी में भरी मूर्तियों को छोड़ भाग निकले।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम अवाया ढाबा पर सूचना थी कि दो लोग बन्द बोरी में मूर्तियों लेकर एक बाइक पर सवार होकर चोर भोजन करने पहुंचे थे, जहां अलाव के पास ढाबा संचालक शंभुनाथ चौरसिया से भोजन लगाने का आर्डर दिए। कड़ाके की ठंडे को देखते हुए उन्होंने भोजन से पूर्व चाय पिलाने को कहा। इसी बीच उभांव थाने के गोविन्द मौर्य तथा अमित पटेल भी ढाबा पर चाय पीने पहुंच गए। पुलिस को देख भोजन का आर्डर देने वाले दोनो चोरों ने मूर्ति से भरी बोरी छोड़ बाईक पर सवार होकर भाग निकले। ढाबा संचालक के पुत्र द्वारा यह कहे जाने पर कि बाइक सवार बोरी छोड़कर जा रहे है तो पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन वह घने कोहरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हल्का पुलिस कर्मियों ने फोन से सूचित कर मुझे बुलाया। बोरी खोलने के बाद पांच मूर्तियां पाई गई। इसमें दो अदद लगभग तीन फीट ऊंची पीतल की लक्ष्मण तथा सीता के अलावा लगभग एक एक फीट ऊंची श्रीराम, जानकी तथा सीता की तीन मूर्तियां पाई गई। ढाबा संचालक शंभुनाथ चौरसिया की माने तो भोजन लगाने का आर्डर दिए जाने के दौरान चोरों ने वाराणसी जाने वाली ट्रेन के बारे में भी मुझसे जानकारी पूछी थी। वे अपने चेहरे बिल्कुल बांधे हुए थे। प्रभारी निरीक्षक ने थाना क्षेत्र के ग्राम तेलमा जमालुद्दीनपुर में बीते नौ जनवरी को पुराने मंदिर में स्थापित होने के बाद चोरी हुई दो अदद मूर्ति शिवाला मंदिर के संचालक मोहन पांडेय से कराया।

उन्होंने चोरी गयी मूर्ति की पहचान की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीते 20 दिसम्बर की रात ग्राम मालीपुर मंदिर से हुई मूर्तियों की चोरी का मुकदमा वादी रमेश यादव की अनुपलब्धता के कारण शिनाख्त कराना अभी शेष रह गया है।

**संक्षेप**

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बरतें सावधानी : सीएमओ



**बलिया।** मानसिक स्वास्थ्य देश के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। किसी भी देश के समग्र विकास के लिए लोगों को क्वालिटी आफ लाइफ यानी की गुणवत्ता पूर्वक जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उक्त बातें सीएमओ डा. जयंत कुमार ने व्यक्त किया। सीएमओ ने ब्लाक बेलहरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी के अधीक्षक डा. मुकर्रम अहमद की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित मानसिक शिविर में उपस्थित लोगों को मानसिक रोग से बचाव के लिए जागरूक किया। सीएमओ ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने चिंता की जगह चिंतन करने व रोग से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन के लिए संबंधित विभाग के लोगों की सराहना भी की। इस मौके पर मनो सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद आजम एवं अनुष्का सिन्हा ने बताया कि मानसिक रोग के प्रमुख लक्षणों में नकारात्मक विचार के साथ पर्याप्त नींद का नहीं आना, मिर्गी का दौरा पड़ना, अचानक बेहोश होना, हाथ व पैर में झिनझिनी होना आदि शामिल है। इस अवसर पर डा. आरबी सिंह, डा. प्रवीन कुमार, डा. जगमोहन, कन्हैया ओझा, सर्वजीत यादव, पशुपति नाथ पांडेय, प्यारे शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सभी को ग्रहण करना चाहिए शाकाहारी भोजन

**बलिया।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ जिला बलिया के मंत्री अमन कुमार पाण्डेय ने सरकार से गऊमाता को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग की हैं। साथ ही कहा कि गऊमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देना आवश्यक हैं। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ जिला बलिया के मंत्री अमन कुमार पाण्डेय मंगल प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कल के दौर में हर लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि दूषित वस्तुओं के सेवन से ही मनुष्य की बुद्धि दूषित हो रही है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मांसाहारी भोजन को त्याग कर शाकाहारी भोजन ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने मांस के सेवन को निषेध मानकर शाकाहारी भोजन करने का संदेश आमजन को दिया। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य शराब और मांस के सेवन से दूर होता है तो वह खुद को बीमारी से मुक्त कर सुंदर व स्वच्छ समाज कि नींव रख सकता हैं।

### 64 जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**रतसर।** किसान महाविद्यालय रक्सा के तत्वावधान में गुरुवार को ग्राम सरभारी एवं घरबारी में कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चंवरी गांव के प्रधान चंदन राम रहे। इस दौरान कुल 64 जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया गया। संजय कुमार शुक्ल एवं डॉ. अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देशन में दोनों इकाइयों के 95 स्वयंसेवक एवं 105 स्वयं सेविकाओं ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। इस मौके पर रविन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन संजय कुमार शुक्ल ने किया।

### जनपदीय चयन ट्रायल्स 17 को

**बलिया।** क्रीड़ा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में यूपी फुटबाल एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेशस्तरीय सब-जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 26 जनवरी तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊमें किया जा रहा है। इसमें भाग लेने हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का चयन किया जायेगा। इसके अन्तर्गत जनपदीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 17 जनवरी को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 18 जनवरी को डॉ. भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊमें प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने पर मंथन



**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊके निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक हुई। इसमें 11 फरवरी को आयोअिजत राष्ट्रीय लोक अदालत को व्यापक रूप से सफल बनाने पर चर्चा की गई। हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्राधिकार से सम्बन्धित राजस्व आदि वादों का सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण कराया जाय। समस्त बैंको द्वारा अधिक-से-अधिक संख्या में नोटिस/सम्मनों को जारी किया जाय। इस मौके पर एआर फारूकी डिप्टी कलेक्टर, अशोक कुमार मिश्र सीओ सदर आदि मौजूद रहे।

### 16 से आरंभ होगी प्री-बोर्ड परीक्षा

**बलिया।** श्री मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज में यूपी बोर्ड की प्री-बोर्ड परीक्षा 16 जनवरी से आरम्भ होगी। इसमें कक्षा दसवीं, बारहवीं व ग्यारहवीं कृषि के छात्र शामिल होंगे। परीक्षा में सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। प्री-बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांक यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा के तत्काल बाद अपलोड कर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिनहा ने बताया कि परीक्षा एक पाली में प्रातः 11 बजे से आरम्भ होकर अपरान्ह 2.15 बजे तक चलेगी। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएगी। सभी छात्र विद्यालय में प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होंगे। प्री-बोर्ड परीक्षा की समय-सारणी व बैठने की व्यवस्था सूचना पट्ट पर चस्पा करने के साथ ही क्लास के वाट्सएप ग्रुप में प्रेषित कर दी गई है।

### सीएमओ ने डीसीएए की समाप्त की सेवा

**बलिया।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में सीएमओ डा. जयंत कुमार ने एनयूएचएम के डीसीएए नीलेश वर्मा की सेवा समाप्त कर दी है। दोषपूर्ण कार्यप्रणाली, कार्य व्यवहार, आचरण, पदीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। सीएमओ ने बताया कि श्री वर्मा के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जांच समिति ने भी जांच के बाद संविदा समाप्त करने की संस्तुति की। जांच रिपोर्ट पर निर्णय लेने के पूर्व जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अंतिम अवसर प्रदान दिया। इसके अलावा सीएमओ की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी, जिसमें डिप्टी कलेक्टर, वित्त एवं लेखाधिकारी एवं अर्बन के नोडल अधिकारी ने मामले को देखा और संविदा समाप्ति की संस्तुति किये जाने के निर्णय पर सहमति दी। मिशन निदेशक की ओर से भी जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से निर्णय लेने के लिए कहा गया। इसके बाद बुधवार को सीएमओ में नीलेश वर्मा की सेवा समाप्ति का आदेश निर्गत करते हुए सभी अभिलेख डीपीएम को हस्तगत करने का आदेश दिया है।


### तमंचा एवं कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार



**बैरिया।** क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे दो बदमाशों को पुलिस ने बुधवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर स्थित नौका टोला से पूरब जीन बाबा के मन्दिर के निकट से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर दोनों युवकों के पास से दो तमंचा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद हुआ। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के शीतल दवनी गांव निवासी गोलू यादव तथा मृत्युंजय उर्फ रोहित यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों लोग बिहार से बैरिया की तरफ किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए बाइक से आ रहे थे। इसकी सूचना मुखबिर ने दी। तत्काल बिना समय गवाएं चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र को हमराहों के साथ मौके पर भेजा गया, जहां जांच और तलाशी में गोलू यादव के पास से एक तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस तथा मृत्युंजय उर्फ रोहित के पास एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवकों को पुलिस ने संबंधित धाराओं में निरुद्ध करते हुए चालान न्यायालय कर दिया।

**संक्षेप**

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**मऊ।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर एवं श्वेता चैधरी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में गुरूवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज, मऊ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित वस्तुओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन, आदर्श व विचारों से प्रेरणा लेने के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने हेतु आह्वान किया गया और बताया देश के युवाओं को दुगुर्णों का परित्याग करते हुए अपने नैतिक गुणों का विकास कर देश एवं समाज हेतु योगदान करना चाहिये। उक्त कार्यक्रम में डॉ. संजय, अभिषेक कुमार गौरव, मो. मुकद्दस जरीफ, मन्जू राय, बीना गुप्ता, संध्या सिंह, अर्चना राय, राखी राय, कृतिका राय आदि वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगो को प्रेरित किया।

### झांसा देकर 40 हजार रुपये लेकर उचक्का फरार

**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट यूनियन बैंक से 40 हजार रूपया निकालकर घर जा रहे व्यक्ति को कस्बे मे ही झांसा देकर रिश्तेदार बताकर उचक्का रूपया लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस छानबीन मे जुट गयी है। गोंठा निवासी चंद्रदीप कुम्हार बुधवार को दोपहर यूनियन बैंक दोहरीघाट से 40 हजार रुपए निकालकर घर जा रहे थे तभी कस्बे मे ही एक ठग से मुलाकात हो गयी तथा ठग ने पहले नमस्कार किया फिर कहा कि आप हमारे रिश्तेदार है और इतना मैला कपड़ा पहने है फिर ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एक चाय की दुकान पर उन्हे नाश्ता कराया व मोबाइल से फोन पर फर्जी बात कर कहने लगा कि हमारे रिश्तेदार 41 हजार रुपए का निकासी फार्म भरे है और आप 40 हजार रुपए दिये है इतने मे चंद्रदीप से कहा कि पैसा गिनिये तथा उनके पास रुपया लेकर खुद गिनने लगा और कहा कि हमारी पत्नी भी स्वास्थ्य कर्मी है यह कहते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोहरीघाट के अन्दर रूपया लेकर चला गया और फरार हो गया कुछ देर बाद वापस न आने पर पीड़ित फिर खोजने हास्पिटल के अन्दर गया उसके बाद पुलिस को सुचना दी पुलिस भी काफी खोजबीन की लेकिन उक्त ठग का पता नही चला जबकि पिड़ित ने बैक के सीसी फुटेज मे पुलिस के सामने बताया कि यही व्यक्ति था जो हमारे पीछे बैक से ही लगा था। घटना को लेकर नगर मे चर्चाओ का बाजार बहुत गर्म है।

### नगर पालिका टीम ने ढाबा व रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

**मऊ।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ रेस्टोरेन्ट और ढाबा अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा गुरुवार को नगर के हरिकेशपुरा स्थित जायका रेस्टोरेन्ट समेत नगर के कई अन्य ढाबों एवं रेस्टोरेन्टों का निरीक्षण किया गया, तथा नगर पालिका अधिकारियों द्वारा ढाबा, रेस्टोरेन्ट संचालकों को लगातार जागरुक किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शों के क्रम में नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें साफ-सफाई, कूड़े का विभाजन, शौचालय की सफाई व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया जा रहा है एवं उन्हें आगामी दिनों में स्वच्छ रैंकिंग के अधार पर रेंटिंग मुहैया कराई जायेगी तथा स्वच्छ ढाबे को पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होनें इस अभियान में प्रतिष्ठानों के संचालक के साथ-साथ आम जनमानस से सहयोग की अपील की है। इस अभियान को सफल बनाने में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रीक्ट को-आर्डिनेटर मनीष सिंह, डिस्ट्रीक्ट प्रोग्राम मैनेजर पीयूष सिंह आदि पूरी तनमयता से लगे हुए है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर योग शिविर का आयोजन

**मऊ।** परदहां ब्लॉक क्षेत्र पिपरीडीह में स्थित आरएस इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के प्रांगण में पतंजलि युवा भारत एवं डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य योगाचार्य के रूप में जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्विवेदी व पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी राजन वैदिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद को नमन कर व स्वामी विवेकानंद जी के भारत को विश्वगुरु बनाने के सपने के तरफ छात्रों का ध्यान आकृष्ट कराकर किया गया तो वहीं विद्यालय के संचालक दिलीप कुमार सिंह ने छात्रों को सम्बोधित किया।

# संक्रांति पर प्रतिवर्ष चढ़ती है खिचड़ी हजारों भक्तों का होता है जमावड़ा

**त्योहार**

### मन्नत पूरी होने पर चढ़ायी जाती है कढ़ाही

**दोहरीघाट, मऊ।** जनपद मुख्यालय से लगभग 40 किमी उत्तर दिशा में गोरखपुर वाराणसी नेशनल हाइवे के पास जनपद सीमा के आखिरी छोर पर दो हरियो भगवान राम व परशुराम की मिलन स्थली घाटो का घाट दोहरीघाट स्थित है। जहां पर अनेक संत व महात्मा इस पावन भूमि पर तप साधना योग करते रहे और नगर वासियो को प्राकृतिक आपदाओं से बचाते रहते थे। इन्ही सन्तो में एक नाम परम तपस्वी सन्त बाबा मेलाराम का है। इनके बारे में बताया जाता है कि इनकी मल्लाहों पर असीम कृपा थी। बताया जात है कि बाबा मेलाराम दास की समाधि लेने के बाद कुछ मल्लाह बंगाल के ढाका शहर में चले गए जहाँ उनको साक्षात दर्शन हुआ। उस समय मल्लाह अपने लिए एक मछली पकड़कर साथ लिए थे। बाबा ने उनसे अपने लिए एक मछली मांगी मल्लाहों ने उनको अपने पास रखी मछलियों मे से एक मछली उनको दे दिया। दूसरे दिन मल्लाहों को एक भी मछली नदी में नही मिली तो सभी दौड़ कर बाबा ने अपने मुंह से मल्लाहों द्वारा दी गई मछली निकाल कर वापस दे दिया। मल्लाहों का ऐसा मानना है कि तब से आज तक नदी में जाल डालने पर मछलिया पर्याप्त मात्रा में मिलने लगी यह बाबा की कृपा का फल है। बाबा के भक्तों द्वारा बाबा की समाधि स्थल पर एक भव्य मन्दिर का निर्माण करवाया गया है। जहां भक्त गण दूर दराज से बाबा के दरबार मे अपनी मन्नत मांगते है। मन्नत पूरी हो जाने पर भक्तों द्वारा बाबा को कढ़ा प्रसाद चढ़ाया जाता है जिसमें आटा देशी घी दूध व चीनी का उसी हिसाब से सवा किलो या पांच किलो का हलवा बनाने में पतित पावनी जगत जननी सरयू नदी का जल ही डाला जाता है। श्रद्धालु मकर संक्रांति पर बाबा के दरबार में स्थानीय कस्बे के आस पास क्षेत्रो के अलावा दूर दराज से भी लोग खिच्चड़ चढ़ाने व स्नान करने आते है। यहां पर हजारों की संख्या में एलपीजी भंडारे में भाग लेते है व प्रसाद स्वरूप खिच्चड़ अपने घर ले जाते है। वर्तमान समय में मन्दिर के पुजारी महन्त मेलाराम शिष्य पुत्र स्व प्रकाश मुनि ने बताया कि आज तक बाबा के दरबार से कोई भी सच्चा भक्त खाली हाथ वापस नही गया है जब किसी भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है तो बाबा को कढ़ाई चढ़ाई जाती है। वर्तमान समय मे मंदिर परिसर में धर्मशाला का निर्माण किया गया है जिसमे हर वर्ग के लोगो की शादी विवाह व अन्य धार्मिक आयोजनों में उपयोग होता है।



### मौनी अमावस्या व मकर संक्रांति के स्नान को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण



**दोहरीघाट, मऊ।** मकरसंक्रांति व मौनी अमावस्या पर कस्बे के रामघाट पर होने वाले स्नान को लेकर एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ उत्तम कुमार द्वारा निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। राम घाट पर स्नानार्थियों की सुविधा के लिए लाइट, नदी में बेरिकेडिंग नावों व गोताखोरों को लगाने के साथ साथ ठंड से बचाव हेतु अलाव तथा साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार को आवश्यक निर्देश दिया। विदित हो कि 15 जनवरी को मकरसंक्रांति व 21 जनवरी को मौनी अमावस्या है। कस्बे के नगर समेत आसपास क्षेत्रो से भारी संख्या में स्नानार्थी स्नान करने व मंदिरों में दर्शन करने आते है। इस दौरान थानाध्यक्ष हरिशकर सिंह, ईओ मनोज कुमार, लेखपाल अरविंद पांडेय समेत आदि लोग रहे।

### पत्रकार की पत्नी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**इंदारा, मऊ।** मोहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत नगर पंचायत वलीदपुर के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार रमेश यादव की पत्नी सोममती देवी उम्र 42 वर्ष का बुधवार की रात्रि में पीजीआई लखनऊ में निधन हो गया। निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वृहस्पतिवार को प्रातःकाल शव घर पहुंचने के पश्चात जानकारी होने पर उनके घर पैतृक गांव पर पत्रकार, समाज सेवियों एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर उनको सांत्वना दिया, तत्पश्चात उनकी पत्नी का अंतिम संस्कार मुहम्दाबाद गोहना तमसा नदी के धौरहरा घाट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर इंदारा बाजार में एचएन सिंह पत्रकार की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने मृतक की आत्मा के शान्ति के लिए एक दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनकी आत्मा को शांति मिले। मौके पर मुख्य रूप से पत्रकार प्रेमशंकर, कमलेश, सतीश, शनि, मदन मुराली, दुर्गा, संजय, देवेन्द्र,उमाकांत समेत अनेको पत्रकार व सामाजिक लोग रहे।

# सड़क मरम्मत का कार्य रुका, लोग परेशान

**यह है हाल**

### दर्जनों गांवों के नागरिकों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण के समय क्षतिग्रस्त हुई जनपद मऊ की अनेक सड़कों की भांति करहां मील से पलिया मार्ग तक मरम्मत कार्य बाधित हुआ तो आज तक शुरू नहीं हुआ। इससे इस क्षेत्र से रोजाना करहां, मुहम्मदाबाद एवं चिरैयाकोट आने जाने वाले दर्जनों गांवों के नागरिक हलकान हैं। टूटे-फूटे कंकड़-पत्थर तथा धूल भरे रास्तो से गुजरने के लिए विवश हैं। बताते चलें कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण के तहत यह वचनबद्धता थी कि जो भी इससे मिलने वाले लिंक रोड एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त होंगे उन्हें यूपीडा मरम्मत करके जाएगा। एक तो क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही थी, जब काफी आंदोलन के बाद मरम्मत का कार्य शुरू भी हुआ तो काफी खराब गुणवत्ता से बनती सड़क देख ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य रवि पासी के नेतृत्व में इसका विरोध किया। मौके पर एक्सईएन एवं अन्य सक्षम अधिकारी आये तथा अच्छी गुणवत्ता से सड़क बनाने का वादा करके चले गए। तबसे लेकर अबतक इसकी सुधि नहीं ली गयी। दरौरा, घुटमा, भांटीकला, अरैला, सम्मोपुर, चकभीखा, भंवराजपुर, नगपुर, दपेहड़ी, दतौली, याकूबपुर, खरेंवा, भुसुवा, मठिया गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, मरीज और छात्र-छात्राएं प्रायः दुर्घटनाग्रस्त हो रहें हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की गुहार है कि जो सड़क मरम्मत का कार्य कोठियां से गद्दोपुर तक रुका हुआ है उसे शीघ्र पूरा कराया जाय ताकि लोगों को सुविधाजनक आवागमन मुहैया हो सके।

### इनरव्हील क्लब ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस


**मऊ।** गुरुवार को 99 वर्ष पूर्व 10 जनवरी 1924 को मैनचेस्टर यूके में इनरव्हील क्लब की स्थापना की गई। प्रति वर्ष ये दिन विश्व की सभी सदस्याओं के द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जाता है। सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारियों के बीच कुछ बहुमूल्य पल हंसी खुशी से बिता कर मऊ इनरव्हील क्लब ने भी खूबसूरत यादें बनाईं। कड़कड़ाती ठंड का आनंद लेने के लिए बल्लीपुरा में क्लब की सदस्याओं के खूबसूरत बगीचे को गुलजार किया गया। वेणु, कीर्ति, ऋतु, शिवा तथा शिल्पी ने बहुत सुंदर आयोजन किया। गांव के चैपाल का माहौल बनाया गया। विभिन्न गीत संगीत तथा अन्य मनोरंजक प्रतियोगिताओं का सदस्याओं ने आनंद लिया और सर्दी के एहसास को दूर भगा दिया।

# गांव को रामपुर मांझा में शामिल करने पर ग्रामीणों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**देवकली।** रामपुर माझां थाना बन जाने बाद देवकली व मुस्लिमपुर गांव सभा को नंदगंज थाने से निकाल कर रामपुर माझां थाने में शामिल किये जाने के विरोध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा जनहित में गांव की आर्थिक, भौगोलिक तथा साधन बिहीन मार्ग व असुविधा जनक परिस्थितियों से अवगत कराया।

साथ ही साथ देवकली व मुस्लिमपुर गांव सभा को नंदगंज थाने में पूर्वरत रखने के लिए ज्ञापन दिया। द्वय अधिकारियों ने प्रतिनिधि मण्डल की भावनाओं का आदर करते हुए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।


एसपी को पत्रक देता प्रतिनिधिमंडल।

बताते चले कि रामपुर माझां थाने में शामिल दोनो गांवो के नागरिको के लिए भौगोलिक, आर्थिक रुप से न तो सुविधाजनक है न तो ब्यवहारिक रुप से उचित है। देवकली व मुस्लिमपुर ग्राम पंचायत वाराणसी मार्ग पर होने से यहां के नागरिक मार्ग पर चलने वाले किसी वाहन से आकस्मिक घटना घटित होने पर पांच मिनट में नंदगंज थाने पर पहुंच जाते थे। नंदगंज थाने की दूरी देवकली से मात्र 5 किमी है वही रामपुर मांझा थाने की दूरी 10,12 किमी दूर साधन बीहीन मार्ग पर है। पीड़ित नागरिकों को जाने में घंटों समय लग सकता है। प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व ग्राम प्रधान भुनेश्वर एडवोकेट,केपी गुप्ता,नरेन्द्र कुमार मौर्य,अरविन्दलाल श्रीवास्तव, अशोक कुशवाहा,प्रमोद मौर्य,त्रिलोकी नाथ गुप्ता,रामकुवंर शर्मा,दयाराम गुप्ता,गामाराम, पंकज पाण्डेय सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बालू खनन में देवल चौकी प्रभारी पर गिरी गाज

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के देवल कर्मनाशा बिहार सीमा पर अवैध बालू खनन व ओवरलोड वाहनों का संचालन कराना देवल चौकी इंचार्ज राम कुमार दुबे को महंगा पड़ गया। मीडिया में लगातार खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस कप्तान द्वारा पूरे मामले की जांच करने के उपरांत देवल चौकी इंचार्ज का स्थानांतरण कर दिया गया। इनके जगह संदीप दूबे को नया चौकी प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से लाल बालू के ओवेरलोड ट्रकों के संचालन का खेल मीडिया में उजागर होने के बाद पुलिस कप्तान द्वारा इसमें शामिल देवल चौकी के दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया था। वहीं बुधवार की देर रात देवल चौकी इंचार्ज राम कुमार दुबे का स्थानांतरण होना भी इसी रेत के खेल का लोग हिस्सा मान रहे है।बता दे कि देवल कर्मनाशा सेतु के रास्ते ओवरलोड ट्रकों के परिचालन को लेकर बीते रविवार को पुलिस की मिलीभगत से चार ट्रकों को भगा दिए जाने के मामले को लेकर एसडीएम काफी नाराजगी जताते हुए प्रशासन पर शिकंजा कसते हुए सख्त निर्देश दिये थे।

**कार्रवाई**

### ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से बटोर रहे थे सुर्खिया

बीते रविवार को पांच ओवरलोड ट्रकों को देवल पुलिस चौकी द्वारा पकड़े जाने के बाद प्रभारी निरीक्षक गहमर द्वारा एसडीएम को बताया गया। लेकिन मौके पर जब आरटीओ व खनन विभाग पहुंचा तो मात्र एक ट्रक ही खड़ी मिली । जिसमें पुलिस के संलिप्त होने का संदेह होने पर पूरे प्रकरण को एसडीएम द्वारा जिलाधिकारी गाजीपुर को अवगत कराया गया। इस पूरे प्रकरण की जांच के दौरान दो सिपाहियों को लाइन हाजिर तो चौकी इंचार्ज का स्थानांतरण कर दिया गया और हर हाल में ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने का गहमर पुलिस को निर्देश दिया गया। पुलिस कप्तान के इस कार्रवाई से जहां ओवरलोड ट्रकों के संचालन कराने वाले माफियाओं में खलबली मची हुई है तो वही पुलिसकर्मी भी भयभीत नजर आ रहे हैं। देवल चौकी इंचार्ज के स्थानांतरण की पुष्टि क्षेत्राधिकारी जमानिया विजय आनन्द शाही ने की।

# वेबसाइट बंद होने से 30 हजार से ज्यादा प्रमाण पत्र पर ग्रहण

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** तकनीकी खराबी की वजह से आठ दिन से ई- डिस्ट्रिक की वेबसाइट बंद चल रही। जिससे जिले के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में करीब 30 हजार से ज्यादा प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए लटके हैं। छात्र-छात्राएं प्रमाण-पत्रों के लिए?

इधर-उधर भटक रहे हैं। प्रतिदिन लोग जनसुविधा केंद्रों में पर लाइनें लगा रहे हैं,पर उन्हें सिर्फ निराशा हाथ लग रही।वेबसाइट चालू होने की सही जानकारी कोई नहीं दे पा रहा है। जिससे जनसुविधा केंद्र संचालक व उपभोक्ताओं में नोंकझोंक कि स्थित उत्पन्न हो जा रही है।ई-डिस्ट्रिकट वेबसाइट मरम्मत के चलते पांच जनवरी को बंद कर दी गई है।विबसाइट बंद होने से आय, जाति, निवास, राशन कार्ड,खतौनी,दिव्यांग प्रमाण पत्र समेत सभी दस्तावेज का आवेदन व सत्यापन लटक रहा है।शहर से लेकर गांव वासी जनसुविधा केंद्र व तहसील के चक्कर लगा कर मांथा पीट रहे हैं। वेबसाइट का पहला पन्ना ही नहीं खुल रहा है। जनसुविधा केन्द्र संचालक मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि बिना किसी जानकारी के वेबसाइट बंद कर दिया गया है। जिससे पुराने दस्तावेज सत्यापन के लिए फंसे हुए हैं,प्रतिदिन लोग आकर लौट रहे हैं,अनाप शनाप भी बोल रहे हैं।

कोई वेबसाइट चालू होने की? सही जानकारी नहीं दे पा रहा है। ई डिस्ट्रिक मैनेजर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि वेबसाइट के जल्द से जल्द चालू होने की उम्मीद है।फिलहाल वेबसाइट आठ दिन से बंद पड़ी हुई है। कासिमाबाद तहसील के लेखपाल संघ अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया कि वेबसाइट को शासन स्तर से तकनीकी कारण बंद कर दिया गया। जैसे ही चालू होगा सत्यापन जल्द से जल्द कर दिया जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद को सुनकर उसे गुनने की जरूरतः सविता

## राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रज्ञा रेंजर टीम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ₹राष्ट्रीय युवा दिवस₹ का आयोजन किया गया। प्रज्ञा रेंजर छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए याद किया। रासेयो द्वारा विचार गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। विचार गोष्ठी में अपनी बात रखते हुए डॉ. अमित यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मनुष्य में ईश्वरीय स्वरूप को देखते थे और इसी आधार पर मानव सेवा परमोधर्म का उपदेश देते थे।

डॉ. निरंजन कुमार यादव ने अपनी बात स्वामी विवेकानंद से जुड़ी कहानियों से शुरू की और कहा कि मेरे देश के युवाओं जितनी ऊर्जा है यदि वह ऊर्जा मानव सेवा में लगाएं तो चमत्कारी परिवर्तन लाया जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि


महिला कालेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर छात्राएं।

समाज एक जंजीर की तरह है जिसमें कमजोर कड़ी को मजबूत कर के समाज को एकसूत्र में पिरोया जा सकता है।मानव धर्म ही सर्वोपरि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य। डा. सविता भारद्वाज ने कहा कि जो कुछ हम सुनते हैं उनको गुनना भी पड़ता है। इस लिए स्वामी विवेकानंद जी को सुनकर उसे गुनने की जरूरत है। समकालीन भारतीय समाज में आदिशंकराचार्य ने सैद्धांतिक पक्ष को देखा और उसे स्वामी विवेकानंद ने व्यवहारिक रूप में परिणत किया। इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमें बीएससी तृतीय वर्ष की सोनल पांडेय प्रथम, संजना विश्वकर्मा द्वितीय स्थान, तथा अंजली पाल तृतीय स्थान पर रहीं।इसी कार्यक्रम के दौरान यातायात सुरक्षा पर आधारित पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता विजेताओं के नाम प्राचार्य ने घोषित किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या कुमारी एवं टीम, द्वितीय स्थान अंजलि वर्मा एवं टीम एवं तृतीय स्थान सृष्टि गुप्ता एवं तनु गुप्ता की टीम को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशात फात्मा, द्वितीय स्थान संचिता गुप्ता एवं तृतीय स्थान सोनी कुशवाहा ने प्राप्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के डा गजनफर सईद,डा संगीता,डा सारिका एवं प्रज्ञा रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी छात्राएं उपस्थित रही।

# कर्मनाशा पुल पर क्षतिग्रस्त हाइट गेज की कराई मरम्मत

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल पर ट्रक के धक्के से क्षतिग्रस्त हाइट गेज की मरम्मत कराकर पुलिस ने पुनः लगवा दिया। विगत सोमवार को एनएचआई वाराणसी द्वारा कर्मनाशा पुल पर पुराने हाइट गेज को हटाकर लोहे के मोटे गार्डर का हाइट गेज लगाया था। दूसरे दिन ही बिहार की ओर से आ रहा ट्रक ने हाइट गेज में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाइट गेज तोड़ने पर पुलिस ने ट्रक सहित चालक को हिरासत में लिया था।

ताड़ीघाट-बारा मार्ग, नेशनल हाइवे 124 - सी पर स्थित यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। बड़े व भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए एनएचआई वाराणसी द्वारा 22 नवंबर 2022 को पुल के दोनों तरफ दस फीट की ऊंचाई पर हाइट गेज लगाया गया था। लगने के 24 घंटे बाद ही बालू


कर्मनाशा पुल पर लगा हाइट गेज।

माफियाओं ने हाइट गेज को तोड़ दिया। डीएम आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह ने पुल का निरीक्षण करने के बाद मोटे लोहे के गार्डर का हाइट गेज लगाने का निर्देश दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश पर एनएचआई ने सोमवार को लोहे के मोटे गार्डर के हाइट गेज लगा दिए, हालांकि उसे भी 24 घंटे बाद ही ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाइट गेज को क्षतिग्रस्त करने पर पुलिस ने ट्रक सहित चालक को हिरासत में ले लिया। गुरुवार को ट्रक चालक ने टूटे हाइट गेज की मरम्मत कराई तब पुलिस ने उसे छोड़ा। इस संबंध में एनएच विभाग के जेई घनश्याम पांडेय ने बताया कि कर्मनाशा पुल पर पहुंच टूटे हाइट गेज की जानकारी ली गई। पुलिस द्वारा उसे लगवा दिया गया है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेमिनार का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार गुरूवार को किशोर न्याय बोर्ड में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार/कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं किशोर न्याय बोर्ड के प्रभारी अधीक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित हुए। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के उपलक्ष्य में 1984 से देशभर में मनाया जाता है। स्वामी जी के विचार एवं उनके द्वारा दी गयी शिक्षाएं युवाओं के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण श्रोत है। युवाओं को उत्साहवर्धन किया, उन्हे जीवन में अच्छी राह पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा समय की उपयोगिता बताई।

# भांवरकोल-अवथही संपर्क सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास

**भांवरकोल।** भारत गांवों का देश है और भारत की आत्मा गांवों की गलियों और झोपड़ियों में बसती है। बिना गांव गिरांव के चहुंमुखी विकास के भारत का विकास नहीं हो सकता है। गांवों का विकास से ही भारत को एक खुशहाल राष्ट्र बनाया जा सकता है। स्वामी विवेकानंद के दिल में सदैव एक वैभव सम्पन्न भारत की तस्वीर दिखाई दिया करती थी। स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि संयुक्त परिवार से भारत मजबूती व वैभव सम्पन्न देश बन सकता है। परिवार का हो रहा निरंतर अलगाव किसी भी देश के लिए शुभ नही हो सकता सकता। हमे विवेकानंद जी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। यह बातें बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने छः सौ बावन लाख रुपए की लागत से होने वाले भांवरकोल-अवथही संपर्क सड़क के प्रधानमंत्री ग्राम योजना के तहत होने वाले चौड़ीकरण के लिए भांवरकोल मोड़ पर शिलान्यास और विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर व्यक्त किया। इस अवसर पर आनंद राय, सतीश चन्द्र राय, बिनोद राय, ओमप्रकाश यादव, राजेश राय बागी, बिनोद यादव, बीरेंद्र नाथ राय,शिवम पांडेय, जुबेर अहमद, सरजू यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा रविकांत उपाध्याय,डा रमेश राय, हनुमान जी, सहित हजारों लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता मुन्ना राय और संचालन रविन्द्र नाथ राय ने किया।


भांवरकोल-अवथही संपर्क सड़क चौड़ीकरण के लिए शिलान्यास करते सांसद विरेंद्र सिंह मस्त।

# दुनिया का सबसे बड़ा पर्यटन क्षेत्र होगा उत्तर प्रदेश

**बोले भूपेन्द्र चौधरी**

### पूर्व की सरकारें माफियाओं और दंगाइयों के साथ रहती थी खड़ी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का जिले में भव्य स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि दुनिया का कोई अगर सबसे ज्यादा पर्यटन का क्षेत्र होगा, तो वह उत्तर प्रदेश होगा। अयोध्या, सहारनपुर, बाबा विश्वनाथ कारिडोर वाराणसी, माँ विंध्याचल धाम मिजार्पुर, कुशीनगर सहित तमाम ऐसे स्थल है जहाँ पर्यटन कि अपार सम्भावनाएं है। गुरूवार को भूपेन्द्र सिंह एक दिवसीय प्रथम सांगठनिक दौरे के दौरान भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के संबोधन में उक्त बातें कहें। उन्होंने आगे कहा कि हमे पहले लाल किला,भूलभुलैया, कुतुबमिनार, ताजमहल को सांस्कृतिक धरोहर बताया जाता था। लेकिन लोगों कि धारणा बदली है, हमारी सरकारों ने गुंडागर्दी, बेइमानी,लुट, हत्या, चोरी, भ्रष्टाचार आदि कुरितियों को समाप्त करने के लिए काम कर रही है। जबकि पूर्व की सरकारें माफियाओं और दंगाइयों के साथ खड़ी रहती थी। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाने का काम हमारी सरकार ने किया। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग हमने प्रशस्त किया। हमारी आस्था पर दूसरे लोगों का अधिकार था। आज हम अपने आस्था के प्रति स्वतंत्र है। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने जिले की संगठन संरचना से अवगत कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। बैठक मे विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, कालीचरन राजभर, सुनिता सिंह, सुशील उपाध्याय, कृष्ण बिहारी राय,सरोज कुशवाहा ,प्रभुनाथ चौहान, रामतेज पांडेय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर, श्यामराज तिवारी, संकठा मिश्रा, योगेश सिंह, शशिकान्त शर्मा सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने किया।



छावनी लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेशध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

### भाजपा में कोई नेता नहीं सभी कार्यकर्ता

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की तरह किसी भी राजनैतिक दल मे कार्यकर्ता नहीं है। यहां कोई नेता नही सभी कार्यकर्ता है और कार्यकर्ताओं के लिए भारतीय जनता पार्टी मे सभी पदों पर आरक्षण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सच्चे मन से कार्य करिए पार्टी आपके विचारों और सपनों को लगातार साकार करने का प्रयास कर रही है। हमारी सरकार देश की 130-135 करोड़ जनता के हितों को ध्यान मे रखकर कार्य कर रही है।

### बढ़ती आबादी देश के लिए बड़ी चुनौती

उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बढ़ती आबादी देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश कि पुरी आबादी को जितने संसाधनों की जीवन सुगमता के लिए आवश्यक्ता है। उन नागरिक सुविधाओं को दिलवाने का हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जबकि पूर्व की सरकारों के तुष्टिकरण के चलते देश में विदेशी घुसपैठ बढ़ता गया। जिसके 3 करोड़ से ज्यादा लोग हमारे संसाधनों पर नाहक कब्जा किए बैठे है।

# पार्किंग के अभाव में जाम से जूझ रहे बाशिंदे

**गाजीपुर।** वक्त के साथ शहर बढ़ा, आबादी, बढ़ी, वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ी, लेकिन यहां वाहन खड़े करने के लिए एक पार्किंग तक नहीं है। आलम यह है कि बाजार से लेकर अस्पताल, कोचिंग और शिक्षण संस्थानों तक के बाहर सड़क से लेकर गली तक वाहन खड़े होते हैं। तमाम बड़े प्रतिष्ठानों के बाहर तक अवैध पार्किंग बना ली गई। नतीजा पूरा शहर जाम का झाम झेल रहा है। शहर में पार्किंग का अभाव फिलहाल शहर की सबसे बड़ी समस्याओं में से है। करीब तीन लाख की आबादी वाले शहर के प्रमुख बाजारों में पार्किंग नहीं है। लोगों को बाजार की सड़क पर ही वाहन खड़े कर सामान खरीदने को दुकानों तक जाना पड़ता है। इस कारण मुख्य सड़कों में जाम की समस्या रहती है। मिश्रबाजार, लालदरवाजा, महुआबाग, टाउनहाल तथा स्टेशन रोड समेत अन्य बाजार वह क्षेत्र हैं, जहां सबसे अधिक जाम लगता है। लोग जाम से जूझते-रेंगते निकल पाते हैं। स्टेशन रोड पर तमाम होटल समेत अन्य प्रतिष्ठान हैं लेकिन किसी भी होटल में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है।

## संक्षेप

### इंजीनियरों की देखरेख में गार्डर लांचिंग का कार्य सफल



**सादात।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत सादात रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को पैदल उपरगामी पुल (फुट ओवरब्रिज) निर्माण के मुख्य कार्य अंतर्गत गार्डर लांचिंग का कार्य सफलता पूर्वक किया गया। इसके लिए दोपहर डेढ़ बजे से शाम पांच बजे तक अर्थात साढ़े तीन घंटे का ब्लाक लिया गया था। यह कार्य वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अनुज वर्मा और अन्य विभागीय अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। गार्डर लांचिंग के इस कार्य को देखने के लिए काफी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान तत्कालीन रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने वाराणसी-भटनी रेलमार्ग पर स्थित सादात समेत सभी स्टेशनों के सौंदर्यीकरण, प्लेटफार्म उच्चीकरण और मरम्मत आदि का काम शुरू कराया था। स्टेशन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन एक नंबर से दो नंबर प्लेटफार्म पर यात्रियों के आने जाने के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया। रेलवे द्वारा करीब पांच साल बाद एक बार फिर से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। संयुक्त यातायात और टीआरडी ब्लॉक को 13:30 से 17:00 बजे तक अनुमति दी गई थी। ब्लाक लेते हुए ओएचई (ओवर हेड इलेक्ट्रिक) बंद कराकर गार्डर चढ़ाए जाने का काम किया गया। इस दरम्यान ओपनलाइन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पैदल उपरगमी पुल हेतु दो नग 30.700 मीटर 7 (0.25) 70.600 मीटर आकार के एफओबी गार्डर को ऊपर चढ़ाने के काम किया गया।

### ट्रैक्टर व साइकिल की टक्कर में अधेड़ की मौत

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के ताड़ीघाट बारा मार्ग पर भदौरा सिनेमा हॉल के समीप ट्रैक्टर व साइकिल के जोरदार टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गए । गुरुवार की देर शाम भदौरा सिनेमा हाल के समीप भदौरा की तरफ से गाजीपुर की ओर जा रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर व विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार का जोरदार टक्कर हो गया जिसमें 57 वर्षीय अज्ञात साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा 108 नंबर एंबुलेंस को फोन कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भदौरा इलाज के लिए भेजा गया जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गहमर थाना व सेवराई पुलिस चौकी की पुलिस ने ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में लेकर मृतक की शिनाख्त में जुट गई। इस संदर्भ में चौकी प्रभारी सेवराई राजेश गिरी ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही वही मौके से ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में लेकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल बंद, पानी के इंतजार में किसान

**जमानियाँ।** क्षेत्र के ग्राम चक्काबांध स्थित चौधरी चरण सिंह पम्प कैनाल को क्रूज के आगमन की सूचना पर 14 जनवरी तक के लिए बन्द कर दिया गया है। जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि भारत सरकार के द्वारा जल मार्ग के जरिए पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से गंगा में क्रूज चलाया जा रहा है। क्रूज शिप जल मार्ग के द्वारा विदेशी सैलानियों को लेकर इसी रास्ते से हल्दीया जायेगा। क्रूप के सफलता पूर्वक प्रस्थान के दृष्टिगत पम्प कैनाल को 12 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक बन्द कर दिया गया है। नहर बन्द हो जाने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इस समय गेहूँ की सिंचाई पीक पर है। गेहूँ की बुआई के 21 दिनों बाद सिंचाई की आवश्यक्ता होती है, ऐसे में नहर बन्द होने से सिंचाई प्रभावित हो गई है। नहर में निर्माण कार्य चलने के कारण देर से नहर में पानी आया। जबकि कुछ राजवाहा में निर्माण कार्य धीमा होने के अभी भी बन्द किया गया है। ऐसे में नहर को तीन दिन तक के लिए बन्द कर देने से गेहूँ उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। फसल को उचित समय पर पोषक तत्व तथा पानी की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में फसल को देर से पानी व पोषक तत्व मिलेगे तो फसल का उत्पादन कैसे बढ़ेगा। इस सम्बंध में पम्प कैनाल के एई सुबोध कुमार ने बताया कि क्रूज के आगमन के कारण उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नहर को तीन दिनों के लिए बन्द किया गया है ताकि आगमन व प्रस्थान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। नहर 14 जनवरी को शाम तक या 15 जनवरी को सुबह तक चालू हो जायेगा।

### क्रूज की रवानगी का गवाह बनेगा बूढ़ेनाथ महादेवा घाट

**सैदपुर।** दुनिया के सबसे बड़े रिवर क्रूज का खिताब प्राप्त गंगा विलास क्रूज के रवानगी का गवाह सैदपुर का बूढ़ेनाथ महादेव घाट भी बनेगा। कार्यक्रम के लिए बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर मंच आदि बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को वाराणसी से क्रूज को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहां से चलकर क्रूज सैदपुर के रास्ते डिब्रूगढ़ तक जाएगा। ऐसे में गाजीपुर में सिर्फ दो स्थानों पर मंच आदि बनाये जा रहे हैं। जिसमें एक सैदपुर के बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर व दूसरा जमानिया के बलुआ घाट पर है। कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी होगा, इसलिए इसमें भाजपा समेत सभी दल के लोग भी रहेंगे।

### नेहरू स्टेडियम में 16 जनवरी को ट्रायल

**गाजीपुर।** क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया है कि खेल निदेशालय उप्र, खेल भवन, लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय के द्वारा राज्य कर्मचारी महिला/पुरूष खिलाड़ियों के बैडमिण्टन का चयन/ट्रायल्स नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम गोराबाजार के प्रागंण में 16 जनवरी को किया जायेगा। मण्डल स्तरीय ट्रायल्स 17 जनवरी प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स 19 जनवरी तथा प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स का अयोजन लखनऊ में किया जयेगा। इस चयन/ट्रायल्स वें सिविल सर्विसेज में आटोनामस, बाडी जैसे परिशद/बोर्ड/नगर निगम/पुलिस विभाग के कर्मचारी (अध्यापक/ सहायक अध्यापक आदि) भाग नहीं लेगें। सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल्स में पूर्णरूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग लेगें, जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में जो भी महिला/पुरूश खिलाड़ी कर्मचारी भाग लेना चाहते है। वह अपने सम्बन्धित अधिकारी द्वारा आदेश प्रति के साथ प्रातः दस बजे अपनी उपस्थिति की सूचना जिला खेल कार्यालय को देना सुनिश्चित करें।

### फुटबॉल का जिला स्तरीय चयन

**गाजीपुर।** क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द यादव ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सब जूनियर बालकों की फुटबाल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 16 जनवरी को प्रातः 09:00 बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर में किया जाना सुनिश्चित हुआ हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि 16 जनवरी को प्रातः- 8:30 बजे तक कार्यालय में दे सकते हैं। साथही पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नहीं बना कोई प्लान

**गाजीपुर।** अगर आप नगर में आए हो तो आपको रुक-रुककर चलने की आदत डालना होगी, क्योंकि यहां शहर के मार्ग पर पल-पल जाम लगता है। शहर में एक भी ऐसा मार्ग नहीं हैं जहां जाम की स्थिति नहीं बनती हो। शहर के मुख्य मार्ग नईसड़क, मिश्रबाजार, कचहरी, लंका, विशेश्वरगंज चौराहा ऐसे स्थान हैं जहां मार्ग पर जाम आम बात है। शहर में लगने वाले जाम के अनेक कारण है, न तो कभी टैफिक व्यवस्था के लिए कोई प्लान बना है और न ही कोई विकल्प तैयार किया है। दुकानों के आगे अतिक्रमण के चलते जहां शहर के मार्ग सकरे होते जा रहे हैं, वहीं खड़े ठेले भी जाम लगा देते हैं।

### अतिक्रमण से खत्म हो रहा तालाबों का वजूद

**गाजीपुर।** अतिक्रमण के चलते क्षेत्र के तालाब और पोखरों का वजूद खत्म होता जा रहा है। जलाशयों पर अवैध सिलसिला बदस्तूर जारी है। पहले तालाब के किनारे झोपड़ी डाली जाती है। बाद में पाटकर कब्जा जमा लिया जा रहा है। कूड़ा- कचरा जलाशयों को पाटने के काम आ रहा है। भू-माफियाओं के आगे यहां जल संरक्षण के दावे तार-तार होते नजर आ रहे हैं। जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण होने बारिश के पानी का संचय नहीं हो पा रहा है। जलस्तर काफी घट रहा है। जानवरों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सदर ब्लाक के फुल्लनपुर गांव में स्थित तालाब के किनारे अवैध कब्जा जमा लिए गए हैं। लोग अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा तालाब में फेंक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का यह तालाब बहुत पुराना है। पहले इसमें हमेशा पानी भरा रहता था। पोखरे का क्षेत्रफल 13 एकड़ है। अवैध कब्जे के चलते यह सिकुड़ता जा रहा है। तालाब कूड़ा कचरा से भर गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी राजस्वकर्मी इस पोखरे के संरक्षण को आगे नहीं आए। अतिक्रमण को लेकर आन लाइन शिकायत की गई है। लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। यह तो बानगी मात्र है क्षेत्र के ऐसे तमाम तालाब, पोखरे अतिक्रमण का शिकार बन गए हैं।

### शायर खुर्शीद दिलदारनगरी का सारस्वत सम्मान

**दिलदारनगर।** विगत दिनों कोलकाता में संचालित 'नम आजमी अदबी मंच' की ओर से सारस्वत सम्मान सह काव्य पाठ समारोह का आयोजन कर उर्दू काव्य-संग्रह 'वजूदे तमन्ना' और 'बिसाते वक्त' के लेखक और सुपरिचित शायर खुर्शीद दिलदारनगरी की साहित्यिक अवदान का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. अकील अजहर ने कहा कि खुर्शीद दिलदारनगरी की काव्य धारा जनपक्ष की बात करती है, जिसकी शब्द सुविज्ञता बताती है कि साहित्य में लेखकों द्वारा हाशिये की आवाज की नोटिस बेहद आवश्यक है. वक्ता के रूप में डॉ. याहिया खां ने कहा कि खुर्शीद दिलदारनगरी का शायर आम आदमी की पैरोकारी में बेबाकी से अपनी बात रखता है।

जनसंपादकीय

# डॉ. कादंबिनी गांगुली : प्रथम लेडी 'प्रैक्टिसनर'

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



वह शोषण और उत्पीड़न से बिंधा हुआ दासता का काल था। 'सब धन विदेश चलि जात, यहै अति ख्वारी' भारतेन्दु हरिश्चंन्द्र की ही नहीं, करोड़ों भारतीयों की व्यथा थी। स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम की वहि बुझ चुकी थी। बंगाल रेनेसां की देहरी पर था, अलबत्ता आधी दुनिया की दुनिया चाहारदीवारी, पर्दे और वर्जनाओं में सिमटी हुई थी। जड़ता हावी थी। अंधविश्वास प्रबल थे। अस्पृश्यता का बोलबाला था। समता-स्वतंत्रता के बोल दूर के ढोल थे। परिदृश्य में 'महात्मा' का आगमन भी दूर था। ऐसे विषम समय में भी प्रतिभाएं उभर रही थी और सड़ी-गली मान्यताओं को चुनौती देती हुई सुषुप्त समाज में अलख जगाने में पीछे न थीं।

डॉ. कादंबिनी बोल गांगुली ऐसी ही सचेत क्रांतिकारी महिला थी। वह अपने समय से आगे की सोच की शख्सियत थीं। बेड़ियों से उनका वास्ता न था, बल्कि वह जीवनपर्यन्त उन्हें तोड़ने के संकल्प से परिचलित रही। इस मिशन में उन्हें पति का सक्रिय सहयोग मिला, फलतः वह समय की शिला पर चमकीले हरूफ में अपूर्व और अद्भुत गाथा लिखने में सफल रहीं।

कादंबिनी का जन्म 18 जुलाई, सन् 1861 को बंगाल प्रेसीडेन्सी में सिल्क सिटी भागलपुर में कुलीन कायस्थ परिवार में हुआ था। वह ब्रह्म समाज के समाज सुधारक बृजकिशोर बसु की बेटी थीं। समाज सुधार का अदम्य साहस उन्हें पिता से आनुवंशिकी में मिला, जो भागलपुर में स्कूल में हेडमास्टर थे। परिवार बारी साल में चांदसी में था, लिहाजा कादंबिनी का लालन-पालन वहीं बारीसाल में हुआ। पिता बृजकिशोर बसु और उनके मित्र अभयचरण मल्लिक ने महिला सशक्तिकरण की आधारशिला रखी थी। उन्होंने अफने संकल्प का साहसपूर्वक निर्वाह किया और व्रत से कभी च्युत न हुए। उन्हें जीवनपर्यंत विरोध और आलोचना का सामना करना पड़ा। पुत्री पिता के नक्शे-पा चली और उसने भी कम विरोध व लांछन न झेले, लेकिन वे अडिग रहीं। बृजकिशोर और अभयचरण ने सन् 1863 में ही भागलपुर महिला समिति की स्थापना कर दी थी। सवर्ण हिन्दुओं ने महिला जागरण के उनके इस उपक्रम का घोर विरोध किया। बृजकिशोर ने पुत्री कादंबिनी को उच्च शिक्षा देने का निश्चय कर लिया था। फलतः कादंबिनी पहले तो ब्रह्मोईडन फीमेल स्कूल, ढाका में पढ़ी और हिन्दु महिला विद्यालय, बालीगंज, कलकत्ते में। सन् 1876 में विद्यालय का नामकरण बंग महिला विद्यालय हुआ और दो वर्ष उपरांत सन् 1878 में बेथुने स्कूल में विलय हुआ। कादंबिनी यहीं पढ़ीं।

कादंबिनी मेधावी युवती थी। उन्होंने अग्रणी या प्रथम का श्रेय बार-बार अर्जित किया। कादंबिनी ने सन् 1880 में एफए किया और सन् 1883 में ग्रेजुएशन। कादंबिनी और चन्द्रमुखी बसु बेथुने स्कूल से निकलीं प्रथम स्नातक महिला थी, पहली महिला स्नातक-द्वय। कीर्तिमान उनकी बाट जोह रहे थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली वह पहली युवती थीं। सन् 1884 में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में प्रविष्ट प्रथम महिला का गौरव सामान्य प्रसंग न था। इसकी पृष्ठभूमि में अदम्य साहस निहित था। इसके बाद वह स्कॉटलैंड गयीं और एडिनबरा से मेडीसिन में डिग्री लेकर लौटी। यह योग्यता अर्जित करने वाली वह प्रथम भारतीय एवं एशियाई महिला थीं। भारत लौटकर उन्होंने कलकत्ते में विधिवत प्रैक्टिस शुरू की। इस तरह मेडीसिन में डिग्रीधारी प्रथम महिला प्रैक्टिसनर का गौरव मिला। उनकी प्रैक्टिस चल निकली। रूढ़िवादी हिन्दुओं की आंखों की वह किरकिरी जरूर थीं, किन्तु ब्रिटिश हुकूमत की नजरों में उनकी अहमियत थी और उन्हें राजकीय स्तर पर सम्मान मिलता था। स्त्री-रोगियों के लिए वह 'देवी' थीं। वे प्रायः रोगिणियों के घरों में चली जाती थी और उनका उपचार करती थीं। उन दिनों महिला रोगियों को, कितना भी असाध्य रोग क्यों न हो, दवाखाने तक ले जाने का प्रचलन न था। इलाज के लिए लोग वैद्यों और हकीमों पर निर्भर थे। लोगों को आयुर्वेदिक जड़-बूटियों पर भरोसा था। टोने-टोटके भी चलते थे। विलायती पद्धति को हिकारत की नजरों से देखा जाता था। ऐसे में एक हिन्दु महिला का डॉक्टर की हैसियत से दवाखाना खोलकर इलाज करना किसी अचंभे से कम न था। डॉ. कादंबिनी न सिर्फ उपचार करती थीं, वरन रोगिणियों को पढ़ने-लिखने, घरों से बाहर निकलने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने को प्रेरित करती थी।

डॉ. कादंबिनी का अपना जीवन भी आसान न था। उनका विवाह 12 जून, सन् 1883 को द्वारकानाथ गांगुली से हुआ था। द्वारकानाथ विधुर थे और उनसे कादंबिनी को पांच संताने हुईं। द्वारका से कादंबिनी का विवाह मेडिकल कॉलेज में दाखिले से कुछ रोज पहले ही हुआ था, लेकिन विवाह और मातृत्व उसके अध्ययन में आड़े नहीं आया। वह मेडीसिन की पढ़ाई के लिए कलकत्ते से एडिनबरा गयी तो यह अपनी तरह की पहली और विरल घटना थी। ऐसा कर रही वह पहली भारतीय ही नहीं, पहली दक्षिण एशियाई थीं। उसकी शोहरत चतुर्दिक फैल गयी। विश्व में नर्सिंग आंदोलन की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने 20 फरवरी, सन् 1888 को अफनी एक मित्र को खत में लिखा-'क्या आप मिसेज गांगुली को जानते या उसके बारे में बता सकते हैं? उसने मेडीसिन और सर्जरी की परीक्षाएं पास कर ली है और मार्च में फायनल एग्जाम में बैठेगी। वह युवा और सिर्फ 13 दिन अनुपस्थित रही और उसने एक भी लेक्चर मिस नहीं किया।' तो ऐसी थी कादंबिनी बोस गांगुली। ब्रिटिश राज उसकी लगन से प्रभावित हुआ। मेडिकल में पढ़ते वक्त सरकार की तरफ से उसे नियमित बीस रुपया वजीफा मिलता था। बहरहाल, उसका डॉक्टर बनना रूढ़िवादी पुरूषप्रधान समाज के लिए तकलीफदेह था। एडिनबरा से कलकत्ता लौटने पर खूब बावेला मचा। उशे परोक्ष रूप से वेश्या कहा गया। बंगला-पत्र 'बंगबाशी' ने लांछन के साथ साथ कार्टून भी छापा, जिसमें उसके साथ पति को जंजीरों में जकड़ा और बेबस दशार्या गया था। परि द्वारिकानाथ ने सहने अथवा हाथ पर हाथ धरकर बैठने के बजाय अखबार पर मुकदमा चलाया। इसके फलस्वरूप पत्र के संपादक महेश पाल को 100 रुपये अर्थदण्ड और छह माह के कारावास की सजा भुगतनी पड़ी। डॉ. कादंबिनी सफल पत्नी, सफल मां और सफल डॉक्टर के साथ-साथ निर्भीक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थी। उनकी बेटी ज्योतिर्मयी भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं और बेटा प्रभात चन्द्रा पत्रकार। उनकी सौतेली पुत्री विधुमुर्खी का विवाह सत्यजीत राय के पितामह उपेन्द्र किशोर रायचौधुरी से हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लेने और उसे संबोधित करने वाली वह पहली महिला थी। उनके नेतृत्व में छह महिलाओं ने बंबई में कांग्रेस की सदस्यता ली। इस टोली में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की बड़ी बहन स्वर्णकुमारी देवी और उनकी बेटी सरला देवी चौधुरानी भी थीं। यह भी स्थापित तथ्य है कि गुरूदेव कलकत्ते में कांदबिनी के घर आये थे। बंबई में कांग्रेस के अधिवेशन को संबोधित करते हुए डॉ. कादंबिनी ने कांग्रेस में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

आजादी की लड़ाई और स्त्री जागरण आंदोलन में शिरकत तथा लंबी और सफल प्रैक्टिस के बाद डॉ. कादंबिनी का 3 मार्च, सन् 1923 को देहांत हो गया। उनके पति सन् 1898 में ही चल बसे थे। डॉ. कादंबिनी ने मृत्यु से एक घंटा पहले ही किसी रोगी का सफल ऑपरेशन किया था और उनके बटुवे में 50 रुपये थे। वे प्रसन्नवदन और उत्साह से भरी हुई थीं। उनकी ख्याति का परिमल देश-दुनिया में व्याप्त था। इतिहासकार डेविड कोप्फ ने लिखा कि डॉ. कादंबिनी ब्रह्मो-स्त्रियों में भी अग्रणी थीं, उनसे कहीं आगे। करीब सौ साल बाद स्टार जलसा ने उन पर एकाग्र और सोलंकी राय व हनी बाफना अभिनीत 'प्रोथोमा कादंबिनी' का प्रसारण किया तो जी-बंगला पर 'कादंबिनी' शीर्षक धारावाहिक का प्रसारण हुआ।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

# उच्च शिक्षा में बदलाव किसके हित में है?

समय- संदर्भ

**रविभूषण**



भाजपा ने लगभग 10 वर्ष पहले अपने घोषणापत्र में नई शिक्षा नीति लाने की घोषणा की थी। 2014 में केंद्र में बहुमत से उसकी सरकार बनी और उसने अपनी घोषणा पर अमल करना आरंभ किया। भारत की सरकार ने 29 जुलाई 2020 को नई शिक्षा नीति की घोषणा की। 21वीं सदी के भारत की पहली शिक्षा नीति है जो अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ कृष्णा स्वामी कस्तूरीरंगन(24-10-1940) की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। इस समिति में कुल 9 सदस्य थे - डॉ एमके श्रीधर, डॉ टीवी कट्टीमनी, डॉ मजहर आसिफ, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, के जे अस्फोसे, कनामथानम, रामशंकर कुरील, मंजुल भार्गव और वसुधा कामत। समिति में देश के बड़े शिक्षाविद नहीं थे।

स्वाधीन भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण 4 नवंबर 1948 को विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के गठन के बाद हुआ। 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का गठन हुआ जो देश के विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान करता है। यह आयोग सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कालेजों और विश्वविद्यालयों को अनुदान देता है। इसका सिद्धांत (मोटो) है - 'ज्ञान-विज्ञान विमुक्तए'। यूजीसी 'उच्च शिक्षा के मानकों के समन्वय, निर्धारण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है'। फिलहाल इसके अध्यक्ष ममिडाला जगदीश कुमार हैं जिनकी जेएनयू को रसातल में ले जाने की बड़ी भूमिका है। वहां वे कुलपति थे और उन्होंने कैंपस में टैंक रखे जाने की भी सलाह दी थी जिससे छात्रों में राष्ट्रप्रेम जागृत हो।। एम जगदीश कुमार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 19 वें अध्यक्ष हैं। इस पद पर डॉ शांति स्वरूप भटनागर (1953-55), श्री हुमायूं कबीर (1955-56), हृदय नाथ कुंजरू (1956-1956), सीडी देशमुख (1956-196), वीएस कृष्णा (1961-1961), डॉ डीएस कोठारी (1961-1973) डॉ जार्ज जैकब (1973-1974), प्रोफेसर सतीश चंद (1976-1981), श्रीमती माधुरी शाह (1981-1986) और प्रोफेसर यशपाल (1986-1991) रह चुके हैं । मनमोहन सिंह भी कुछ समय के लिए (1991-1991) यूजीसी के अध्यक्ष थे। प्रोफेसर एम जगदीश कुमार की इस पद पर नियुक्ति नई शिक्षा नीति के दौर में हुई है।

चौंतीस वर्ष बाद भारत की शिक्षा नीति में किया गया यह परिवर्तन क्या सचमुच ज्ञान के क्षेत्र में भारत के अग्रणी या महाशक्ति बनने के लिए है? क्या सचमुच इस शिक्षा नीति का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शैक्षिक रूप से भारत को महाशक्ति बनाना तथा शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचा करना है ? विश्वविद्यालयों में जिस प्रकार से कुलपतियों की नियुक्तियां की जा रही हैं, उससे विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता बढ़ेगी या नष्ट होगी ? कुलपतियों की नियुक्तियों में वफादारी देखी जा रही है या गुणवत्ता? कॉलेजों विश्वविद्यालयों में क्या सभी अध्यापकों की बहाली मेरिट पर हो रही है या उसके कुछ अन्य इतर कारण भी हैं? यह सब कुछ एक ही समय में घट रहा है। नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने के समय में। नई शिक्षा नीति की कम आलोचना नहीं हुई है। प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में और दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में घोषित की गई थी। उसके समय और आज के समय में अंतर है। आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो चुका है। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को ज्ञानोन्मुख करने के लिए है या व्यवसायोन्मुख करने के लिए? इस शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को अलोकतांत्रिक कहा गया है क्योंकि इसे संसद से पारित नहीं कराया गया। इसे असंवैधानिक भी कहा गया है क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकारों के निर्णय लेने का अधिकार इससे भंग हुआ है। एक आरोप यह भी है कि इसमें गैर ब्राह्मणवादी धारा के महत्वपूर्ण योगदान की उपेक्षा की गई है। यह समानता के संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध है। इसमें छात्रवृत्ति, फेलोशिप, छात्रावास, सब्सिडी आदि पर ध्यान नहीं दिया गया है। आरक्षण के संवैधानिक प्रावधान की इसमें कोई चर्चा नहीं है। इस शिक्षा नीति में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद की उपेक्षा है। मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का उल्लेख नहीं है। इस शिक्षा नीति से मातृभाषाओं की भूमिका घटी है। मातृभाषाओं में दी जाने वाली अनिवार्य शिक्षा को आठवीं कक्षा से घटाकर पांचवी कक्षा में सीमित कर दिया गया है। संस्कृत को एक प्रकार से थोपने का प्रयास भी है। दूसरी ओर उर्दू की उपेक्षा है। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के व्यवसायीकरण को क्या रोक पाने में सफल हो सकेगी? इस शिक्षा नीति ने 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स की सिफारिश की है। स्नातकोत्तर शिक्षा को 2 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष का कर दिया गया है और अब एमफिल की डिग्री की कोई जरूरत नहीं है।

1968 और 1986 के समय से आज का समय बिल्कुल अलग है, विपरीत है। हम सब नव उदारवादी अर्थव्यवस्था और बाजार-कॉरपोरेट पूंजी सहित याराना पूंजी के दौर में हैं। शिक्षा नीति इस दौर में बाजार विरोधी और बाजार विमुख नहीं हो सकती। नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से व्यवसायिक प्रशिक्षण इंटर्नशिप आरंभ किया जाएगा और सभी स्कूल डिजिटल होंगे। यह शिक्षा नीति 10+2 की व्यवस्था को 5+3+3+4 की संरचना से बदलता है। इस नीति के प्रावधानों के अनुसार कला के छात्र विज्ञान, विज्ञान के छात्र कॉमर्स और कॉमर्स के छात्र साइंस पढ़ सकेंगे। बी एड का कोर्स 2 वर्ष के स्थान पर 4 वर्ष का होगा। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6% अब शिक्षा में निवेश होगा। क्या यह शिक्षा नीति सामान्य जन के हित में है? क्या आम गरीब लोग शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे? इस शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण घटेगा या बढ़ेगा? शिक्षा महंगी होगी या सस्ती? शिक्षा का समाज से, संस्कृति से, ज्ञान से संबंध स्थापित होगा या इनके बीच दूरियां बढ़ेगी? इससे केवल भारतीय शिक्षा का भविष्य नहीं भारत का भी भविष्य जुड़ा है।

1986 में शिक्षा की एक राष्ट्रीय नीति बनी थी। नवोदय विद्यालय की स्थापना उसी समय हुई थी। 1987 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश में 48 एकेडमिक स्टाफ कॉलेज खोलना जरूरी समझा था जिससे कॉलेज और विश्वविद्यालय के नए अध्यापक लाभान्वित हों। अकादमिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) का उद्देश्य नवनियुक्त लेक्चररों के लिए शिक्षणशास्त्र, शैक्षिक मनोविज्ञान, दर्शन, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक मुद्दों पर विशेष रूप से अभिकल्पित अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना था। अभिविन्यास कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रत्येक विषय से जुड़ा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम अध्यापकों के लिए अनिवार्य था जिससे इसकी गुणवत्ता में क्रमशः ह्रास होता गया और जो वास्तविक उद्देश्य थे, वे पीछे छूट गए। कैरियर की दृष्टि से यह दोनों कोर्स जरूरी हो गए थे और नवनियुक्त अध्यापकों का सारा ध्यान प्रमाण पत्र प्राप्त करना रह गया। अब अकादमिक स्टाफ कॉलेज का नाम बदलकर मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) कर दिया गया है।

यूजीसी के 18 वें अध्यक्ष प्रोफेसर धीरेंद्र पाल सिंह (डीपी सिंह) के समय अभिविन्यास कार्यक्रम का नाम बदला गया। अब इसे 'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफ आई पी) कहा जाता है। भाजपा के कार्यकाल में नाम बदलने की केवल राजनीति नहीं संस्कृति भी है। आज के अध्यापक को कल के 'गुरु' की कैटेगरी में रखने से प्राचीन भारत का बोध होता है और प्राचीन भारत की संस्कृति को नए सिरे से साकार करने या नए रूपाकार प्रदान करने की कोशिश विभिन्न स्तरों पर जारी है। 'गुरु' मात्र एक शब्द नहीं है। उसकी अपनी एक संस्कृति भी है। गुरुकुल जो व्यतीत है, उसे वर्तमान में प्रस्तुत करने के पीछे के अभिप्राय को समझने की जरूरत है। अब कॉलेज और विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त अध्यापकों के लिए गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है। इससे उनका कैरियर जुड़ा है। इसके बिना असिस्टेंट प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर नहीं हो सकती। यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह ने इस 'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' के प्राक्कथन में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का कथन उद्धृत किया है '- देश में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि वाले शिक्षक होने चाहिए।' वे कोठारी आयोग (1966) की टिप्पणी भी उद्धृत करते हैं - 'भारत का भाग्य अब उसकी कक्षाओं में आकार ले रहा है। यह महज कोई वक्र पटुता नहीं है बल्कि हमें इसका विश्वास है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित विश्व में केवल शिक्षा ही है जो लोगों की समृद्धि, कल्याण और सुरक्षा के स्तर को निर्धारित करती है।' आज स्थिति एकदम विपरीत है। आज देश में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि वाले लोग शिक्षक नहीं हैं। पहले की तरह आज ब्रेन ड्रेन नहीं था। आज बुद्धि विवेक के स्थान पर आस्था को महत्व दिया जा रहा है। बात बात पर आस्था आहत हो रही है। आस्था के नाम पर उन्मादियों की भीड़ विवेकवान लोगों को परेशान कर रही है।

उद्धरण देने से ना बात बनती है और ना वास्तविकता छुपती है। आज 'शिक्षण व्यवसाय' की बात यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष कहते हैं। स्पष्ट है कि आज की शिक्षा बाजार उन्मुख है, व्यवसाय उन्मुख है। ऐसी शिक्षा से ना तो नैतिकता की उम्मीद की जा सकती है और न उस सामाजिकता की जिसका आज की पूंजी भक्षण कर चुकी है।

'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफआईपी) को समझने की जरूरत है क्योंकि यह नये शिक्षकों के लिए है। इससे उनका मानस भी निर्मित होगा। प्रोफेसर डीपी सिंह के अलावा मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यह शुद्ध मत है कि यह सामग्री (एफ आई पी) की रूपरेखा भारत में शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम में नए युग की शुरूआत करेगी । प्रश्न नए युग का नहीं है क्योंकि नया युग सबके लिए हितकर, स्वास्थ्यवर्धक और ज्ञानवर्धक होगा इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। उच्च शिक्षा को लेकर बनाई गई नीतियों में किसी भी प्रमुख शिक्षाशास्त्री का नाम नहीं है।

नई शिक्षा नीति 2020 पर हिंदी और अंग्रेजी में कई पुस्तकें प्रकाशित हैं पर नव नियुक्त अध्यापकों के लिए जो 'गुरुदत्त दक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफआईपी) है, उस पर विस्तार से कम विचार हुआ है। इस पर विचार की जरूरत इसलिए है कि यह कार्यक्रम नवनियुक्त अध्यापकों के लिए है जो अपने छात्रों को शिक्षित करेंगे। उच्च शिक्षा के अंतर्गत इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वालों में किसी भी एक शिक्षाशास्त्री का नामोल्लेख नहीं है। सभी अधिकारीगण हैं। शिक्षा और शिक्षण के तरीकों पर पुनर्विचार की जरूरत है। पर 'शिक्षकों की एक संभावित कुशल पीढ़ी' किसके लाभार्थ निर्मित हो रही है, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अब शिक्षा उन ताकतों के हवाले है जिनका आज दुनिया पर नियंत्रण है। यह शिक्षा का स्वतंत्र होना नहीं, अधीन होना है। इससे स्वतंत्र, सक्रिय और सृजनात्मक मानस के निर्माण में अड़चनें आएंगी। एक अधिनस्थ और पराश्रित मानस का निर्माण बाजार के लिए हितकर-प्रीतिकर हो सकता है, समाज और देश के लिए नहीं।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# भारत जोड़ो यात्रा, मीडिया और आगामी चुनाव

प्रसंगवश

**डॉ. ललित कुमार**



'भारत जोड़ो यात्रा' अपने तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा का लंबा सफर तय करके दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल के रास्ते होते हुए जम्मू कश्मीर में 31 जनवरी को जाकर खत्म होगी। यह यात्रा गांव और शहर से होकर जब भी आगे बढ़ती है, तो लोगों के जेहन में सिर्फ एक ही सवाल आता है कि क्या राहुल गांधी इस बार कोई करिश्मा दिखा पाएंगे? यानी इस यात्रा के जरिए कांग्रेस देश को यह संदेश देना चाहती है कि सबको साथ मिलकर इस देश को नफरती ताकतों से बचाना है। वर्ष 2014 के बाद से देश के जो हालात बदले हैं या एक खास किस्म की विचारधारा जिस ढंग से संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है, उससे भारत का मजदूर वर्ग, नौकरीपेशा, बेरोजगार युवा और किसान कहीं न कहीं सब परेशान है, लेकिन आम आदमी इससे एकदम अनजान है। अगर किसी को इस बात का अमल है भी, तो वह बोल नहीं पाते। क्योंकि उनको डर इस बात का होता है. कहीं उनके साथ भी कुछ अनहोनी न हो जाए। ऐसी घटनाओं से जुड़े अनेक उदाहरण इस देश में भरे पड़े हैं, जिनको लेकर लोगों में एक डर का माहौल है। क्योंकि मुख्यधारा मीडिया में आम आदमी के सरोकार से जुड़ी खबरें न के बराबर होती है। मीडिया चैनलों के मालिकों को जैसा ऊपर से आदेश मिलता है वैसे ही उनको करना पड़ता है। अब सवाल यह है कि इन मसलों पर कौन बात करें?

इस यात्रा का मुख्यधारा मीडिया से लाइव कवरेज लगभग नदारद है। यानि यह मीडिया इस यात्रा का बहिष्कार कर चुकी है। अगर देखा जाए तो कन्याकुमारी से लेकर अब तक की इस यात्रा में मीडिया कवरेज का प्रतिशत बहुत कम है। जबकि बाकी समय यह मीडिया हिंदू-मुस्लिम, सांप्रदायिक हिंसा, लव जिहाद और कोरोना की तेज होती आहट को मुख्य मुद्दा बनाकर खबरें दिखाने में कोई कोताही नहीं बरतता। लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के प्रति मीडिया न्यूज चैनलों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है।

पांच लाख करोड़ का मुख्यधारा मीडिया नेटवर्क के साथ वर्तमान दौर में जी रहा है और सत्ता के समानांतर नतमस्तक होकर जी हजूरी करने में दिन-रात लगा है। भारतीय समाज अब उस मीडिया से जुड़ना चाहता है, जो आमजनमानस से जुड़े मुद्दों को उठाकर उनको हक दिलाने की बात करें। सत्ता उन पर ही नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है और कभी उनके दफ्तरों पर आईटी सेल के छापे तो कभी बेवजह डरा धमकाकर उनकी खबरों को रोकने की बात करता है या नौकरशाही के दम पर उनको चुप रहने की हिदायत देता है। राहुल गांधी सीधे तौर पर इस अब मीडिया पर सवाल खड़े करते हुए दिखाई देते हैं।

अब तक की यात्रा में राहुल गांधी दस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। अगर उन सभी प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक विश्लेषण किया जाए तो मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया कुछ अलग ही रहती है। क्योंकि उनको पता है कि वह इस यात्रा को कवर नहीं कर रहे हैं। इसलिए उनको उनकी ही भाषा में जवाब दिया जाता है। पांच लाख करोड़ का कारोबार करने वाला मुख्यधारा मीडिया पेज थ्री, पीत पत्रकारिता, एडवोकेसी पत्रकारिता या यूं कहें एंबेडेड पत्रकारिता के नक्शे कदम पर चलकर जनता को गुमराह करके झूठ को सच और सच को झूठ बताने में लगा है। कभी राहुल जी की टीशर्ट पर सवाल खड़े किए जाते हैं, तो कभी उनकी बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर, तो कभी इस यात्रा के जरिए कोरोना का डर फैलाकर लोगों में एक भय का माहौल पैदा किया जाता है। यानी बेवजह की बातें करने के लिए इस मीडिया के पास बहुत समय है। लेकिन वास्तविकता क्या है, उससे वह एकदम अनजान है।

सवा सौ दिन से अधिक की इस यात्रा के मद्देनजर भारत की खाक छानते - छानते राहुल गांधी को देश ने जो पाठ पढ़ाया है, जिसे उन्होंने राज्य दर राज्य, शहर दर शहर, देश के राष्ट्रीय राजमार्गों और गांव की पगडंडियों के जरिए समझा कि देश का बेरोजगार युवा, किसान, खुदरा व्यापारी, मजदूरवर्ग, बढ़ती महंगाई, शिक्षा और अस्पताल जैसे मसलों से मीडिया का कोई सरोकार नहीं है। वैकल्पिक मीडिया इस यात्रा पर लगातार अपनी नजर बनाए हुए है। वह कहीं न कहीं जनमानस की आवाज को इस देश के सामने रखने की कोशिश कर रही है, जिसे एक अच्छी पहल माना जा सकता है। जो काम मुख्यधारा का मीडिया नहीं कर पा रहा था, वह काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध छोटे-छोटे यूट्यूब चैनल कर रहे हैं।

विदेशी मीडिया का विश्लेषणात्मक नजरिया काबिले तारीफ है। विदेशी मीडिया लिखता है कि यह यात्रा कांग्रेस की खोई हुई जमीन वापस लाने में एक मिसाल बन सकती है। एक सौ पच्चीस दिनों से अधिक की इस यात्रा में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं, जो 10 राज्यों के 52 जिलों से होकर गुजर चुके हैं। कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं को भी इस यात्रा में देखा गया है। कयास अभी यह भी लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस के और कई पुराने चेहरे आगे इस यात्रा में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस पार्टी की इस पदयात्रा को लेकर विदेशी मीडिया ने जो रुचि दिखाई और जिस ढंग से उनका विश्लेषणात्मक नजरिया रहा, उस पर गौर करना बेहद जरूरी है।

जर्मनी के डी. डब्ल्यू पब्लिक ब्रॉडकास्टर लिखते हैं कि कांग्रेस इस यात्रा के जरिए महंगाई, बेरोजगारी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों को उठाकर न सिर्फ अपनी राजनीतिक जमीन पाने में लगी है, बल्कि राहुल गांधी एक जननेता के तौर पर मजबूती के साथ युवाओं की उम्मीद बनकर उभर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का ढलान पर जाना, बहुसंख्यकों के उभार और पार्टी की अंदरूनी कमियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी को ध्रुवीकरण की राजनीति से ऊपर उठकर एक ऐसा विकल्प ढूंढना होगा जो सबको एक साथ जोड़े रखें। न्यूयॉर्क टाइम्स लिखता है कि करीब सोलह महीने पहले इस यात्रा का होना साफ तौर पर संकेत देता है कि भारत का बँटा हुआ विपक्ष पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी युग को परिभाषित करने वाली महत्वाकांक्षाओं को विराम दे पाएगी। डियाना यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान पढ़ाने वाले प्रोफेसर सुमित गांगुली ने एनवाईटी से कहा, ह्ये यात्रा राहुल गांधी की ओर से पार्टी की हालत सुधारने के साथ-साथ अपनी राष्ट्रीय छवि मजबूत करने की दिशा में आखिरी प्रयास है। लेकिन तमाम शोर-शराबे के बावजूद वह भारत को लेकर एक अलग और स्पष्ट विचार पेश करने में नाकाम रहे हैं।' पाकिस्तान का प्रतिष्ठित अखबार डॉन लिखता है कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' और खड़गे ने अपेक्षित सफलताओं को एक सूत्र में पिरो ने की कोशिश की है। अखबार आगे लिखता है, 'राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी पार्टी और देश की खराब होती अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश करना चाहते हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की प्रोफेसर मधुलिका बनर्जी का 'द गार्डियन' अखबार में एक लेख छपा। जिसमें वो लिखती है कि 'ये पूरा अभियान किसी अहिंसक सेना के विशाल सैन्य अभियान जैसा है। अलग-अलग भाषाई समुदायों और पृष्ठभूमियों के लोगों को इस मार्च में शामिल होते देखना काफी दिलचस्पी भरा रहा। हमें पता है कि ये मौजूदा भारत है, लेकिन इसका अनुभव कम ही होता है। पुरानी मुलाकातों की तरह, मैंने इस यात्रा में चलते हुए भी राहुल गांधी को काफी विनम्र और तेज बुद्धि का शख़्स पाया है। उन्हें चुनौती देना और उनसे असहमत होना संभव था जो कई भारतीय नेताओं के साथ संभव नहीं था। नरेंद्र मोदी के साथ ऐसा करना संभव नहीं है क्योंकि वे प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं करते हैं। मोदी की सभाओं में लोगों को वैभव के दर्शन होते हैं। लेकिन इससे इतर राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी और आम लोगों के साथ तस्वीरें एक अच्छी राजनीतिक छवि को गढ़ती है।

गुजरात में भारी बहुमत से जीत हासिल करके बीजेपी कर्नाटक और मध्यप्रदेश में उसी फामूर्ले पर काम करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस बीजेपी से हिमाचल प्रदेश छीनने की खुशी में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी अंदरूनी कलह को खत्म करके एक नई कांग्रेस खड़ी करना चाहती है। भारत का युवा इस समय 'भारत जोड़ो यात्रा' से प्रेरित होकर उम्मीद की एक नई किरण के रूप में राहुल गांधी को जननेता के रूप में देख रहा है। आगामी नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी अभी से अलर्ट मोड़ पर जा चुकी है। त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में फरवरी में चुनाव होने है। इसलिए बीजेपी लगातार पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रही है और उसका ज्यादा फोकस अभी पूर्वोत्तर के राज्यों पर है। बीजेपी का हर इलेक्शन का ब्लूप्रिंट चुनाव से कई महीने पहले ही बनकर तैयार हो जाता है, उनको पता होता है कि जनता के बीच कौन-से मुद्दों पर जाकर कब और कैसे बात करनी है? साथ ही प्रोपेगेंडा कैसे खड़ा करना है और मतदाताओं का ध्यान कैसे अपनी ओर खींचना है? यह सब उनको पहले से ही ट्रेनिंग के जरिए बता दिया जाता है।

कांग्रेस के अभी सभी बड़े नेता इस वक्त 'भारत जोड़ो यात्रा' पर ज्यादा फोकस किए हुए है। 31 जनवरी के बाद से उनको चुनाव की रूपरेखा तैयार करनी है। यानी आगामी विधानसभा चुनावों की नींव इस यात्रा के जरिए डाली जानी है। हालिया स्थिति को देखते हुए कांग्रेस के लिए सभी विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि वर्तमान में वह केवल तीन राज्यों में सत्ता में है, जिनमें हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, जबकि बाकी जगह गठबंधन में सरकार चला रही है।

कांग्रेस कर्नाटक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने में काफी हद तक कामयाब होती दिख रही है, लेकिन पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों का ही दबदबा रहने वाला है। पिछले पांच चुनावों पर अगर नजर डालें, तो कांग्रेस का पूर्वोत्तर राज्यों में परफॉर्मेंस कुछ खास नहीं है। पिछले चुनाव में कांग्रेस मेघालय और मिजोरम में भले ही मुकाबले में रही हो, लेकिन नागालैंड और त्रिपुरा में कांग्रेस का सफाया हो गया है। तब से लेकर अब तक वहां ऐसे कोई संकेत नहीं है कि कांग्रेस इन राज्यों में फिर से वापसी कर रही है। कुल मिलाकर कांग्रेस को मध्य भारत के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों पर भी ज्यादा ध्यान देना होगा साथ ही चुनाव को आपसी सहमति के जरिए ही कराया जाए, तभी जाकर कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा' के सपने को साकार कर सकती है।

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

व्यंग्य



## नामुरीद फेसबुक

**रमेश सैनी**

रामलाल जी अचानक फर्श पर गिर पड़े. धड़ाम की आवाज ने सबका ध्यान खींचा. रामलाल के बेटे मोहन आवाज की और भागा। पिता रामलाल औंधे मुंह पड़े थे। दूसरी ओर रामलाल जी की पत्नी भी आवाज की ओर भागी। पत्नी पास पहुँच कर रामलाल को उठाने लगी। तब बेटे ने आवाज लगाई-" मम्मी रुको! अभी नहीं उठाना।" पत्नी रुक गई और बेटा का मुंह देखने लगी। बेटे ने सोचा पिताजी गिर पड़े, क्यों गिर पड़े, कैसे गिर पड़े,उन्हें क्या हुआ है।यह सब तो डॉक्टर बताएगा। उन्हें छूने या उठाने से कुछ का कुछ हो सकता है।यह सोच वह रुक गया और यह सही समय है उनकी सेवा करने का। रामलाल का पुत्र मोहन अंदर गया और मोबाइल ले आया। मोहन की मां ने समझा बेटा डॉक्टर को फोन कर रहा है पर उसने तो पिता की फोटो लेने के लिए पोजीशन ले ली। पिता ने कुछ हरकत की। फिर मोहन की ओर देखा , मोहन उसे उठाए पर वह क्या कर रहा है। पत्नी पास खड़ी है पर उठा नहीं रही है। मोहन ने पिता से कहा -आप चिंता ना करें मैं हूँ। बस एक मिनट। रामलाल फिर जैसे के वैसे लुड़क गए. मोहन ने कुछ और फोटे लिए. फिर वह मोबाइल पर कुछ करने लगा।उसने पिता से कहा- आप बिल्कुल चिंता ना करें, मैं सब देख लूंगा। रामलाल जी है पुराने जमाने के। पर मन से युवा है। मोबाइल और लैपटॉप पर दिन भर लगे रहते हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपनी खबर घंटे घंटे में देते रहते हैं। अपनी फोटो प्रोफाइल और पोस्ट को हरदम अपडेट करते रहते हैं। उनका कहना है, इस तकनीक की दुनिया में सब कुछ पारदर्शी है। किसी से कुछ छुपा नहीं है। अतः कोई आपके बारे में जानने की कोशिश करें तो इससे बेहतर खुद ही सबको बता दो। हां! यह भी यह फायदेमंद है। इसमें हर्रा लगे न फिटकरी,फिर भी रंग चोखा।उनके आभासी मित्रों की संख्या पाँच हजार के आसपास पहुंच गई है। वह मित्रों के लिए सूचना डालते हैं। और उस पर बारीकी से नजर रखते हैं। किसने लाइक और किसने कमेंट या किसी कुछ नहीं किया।जिसने कुछ नहीं, उसे फोन करके गरियाते हैं," तेरे पास इतना भी समय नहीं है कि अपने दोस्त की पोस्ट को लाइक भी ना कर सके?" उनकी इस आदत को बेटा,बहू,पोता, पोती और पत्नी सभी भली-भांति जानते हैं। मोहल्ले वाले भी इनकी आदत से नावाकिफ नहीं है। रामलाल जी फेसबुक और इंस्टाग्राम की जीवन की धारा में बह रहे हैं। मोहन की मां चिल्ला पड़ी -"उठाता क्यों नहीं है खड़ा खड़ा क्या सोच रहा है?- मां बस एक मिनट। पापा की फोटो फेसबुक कौर इंस्टाग्राम में डाल दी है। व्हाट्सएप बाकी है। मैं तो पापा की मन की बात कर रहा हूँ मोहन की मां ने रामलाल को उठाने का उपक्रम किया तो मोहन ने उन्हें फिर रोक दिया - थोड़ी देर रुक जाइए ना" थोड़ी देर बाद मोहन ने कहा -मम्मी फेसबुक से तो कमेंट भी आ रहे हैं उनके दोस्त पूछ रहे हैं कि पापा कैसे हैं ? कोई कह रहा है, ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ रखें" आदि आदि यह आज का कमाल। बस मम्मी एक मिनट। व्हाट्सएप पर नजर डाल लूं। लोग क्या कह रहे हैं रामलाल मोहन की ओर कातर निगाहों से देख रहे है। पर भी उठ नहीं पा रहे हैं। देर होते देख रामलाल की पत्नी की चीख चीख पड़ी, बहू डॉक्टर या अस्पताल को फोन करो ।बहू ने डॉक्टर को फोन किया डॉक्टर ने कहा सीधे अस्पताल ले आओ। पत्नि ने मोहन से कहा- गाड़ी बाहर निकालो अस्पताल लेकर चलना है" मोहन ने रामलाल जी को हिलाया बुलाया रामलाल जी दयनीय आँखों से मोहन को देख रहे थे। मोहन ने उन्हें उठाया, पापा आप चिंता ना करें। मैंने आपके सभी मित्रों तक आप यह खबर भिजवा दी है। रामलाल बोल नहीं पा रहे थे। उन्हें उठाकर पलंग पर लेटा दिया गया। मोहन ने जल्दी से गाड़ी बाहर निकाली। सबकी मदद से गाड़ी के पीछे की सीट पर उन्हें लिटा दिया। गाड़ी चल पड़ी। गाड़ी में लेटे-लेटे रामलाल जी ने कहा- सब ठीक है ना। पापा आप चिंता ना करें सब ठीक हो जाएगा।मोहन ने आश्वस्त किया। रामलाल ने अपनी गर्दन दूसरी ओर फेर ली। थोड़ी देर बाद अस्पताल पहुंचे।सब लोग रामलाल जी को उठाकर आकस्मिक चिकित्सा कक्ष लेकर आए । डॉक्टरों की टीम ने मुआयना चालू कर दिया। सभी प्रकार की जांच की गई। फिर डॉक्टर ने कहा- आपने ने लाने में देर कर दी। इन्हें सीवियर अटैक आया था। इसमें पल-पल की कीमत होती है, पर आप लोगों ने देर कर दी। अब रामलाल जी नो मोर रामलाल की पत्नी का चेहरा सफेद स्थिर हो गया।मोहन अवाक रह गया। उसे कुछ सूझ नहीं रहा था वह क्या करें। मोहन ने जेब से फोन निकाला फेसबुक पर अपडेट किया, पापा नहीं रहे।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# डीएम ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

जायजा

### श्रमिकों से पूछा उनके पारिश्रमिक का हाल

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरुवार को जमीन नंदना स्थित अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरोवर की खुदाई, मिट्टी पाटन कार्य तथा श्रमिकों की मजदूरी आदि की जानकारी ली। जमीन नंदना गांव में श्रमिकों द्वारा अमृत सरोवर के मिट्टी खुदाई का कार्य किया जा रहा था।

जिलाधिकारी ने वृद्ध श्रमिक सीता राम से पूछा कि आप लोगों को पारिश्रमिक अभी समय से मिल जाता है, जिस पर श्रमिक द्वारा बताया गया कि इधर कुछ दिनों से मजदूरी नहीं मिल रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी अतरौलिया हेमंत कुमार सिंह से पारिश्रमिक के संबंध में पूछा, तो उन्होंने बताया कि सर्वर न चलने की वजह से पैसा ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है। आज पारिश्रमिक दे दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य शुरू होने के संबंध में श्रमिकों से पूछा तो श्रमिकों ने बताया कि पिछले 20 दिनों से मिट्टी खनन का कार्य हो रहा है। ठंड की वजह से दो-तीन दिन कार्य बंद था, आज पुनः शुरू हुआ। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए।

इसी साथ ही जिलाधिकारी ने महाराजगंज विकास खंड के तेरही तथा अहिरौला विकास खंड के कोटवा जलालपुर गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में पशुओं को हरा चारा, हरा चना व लाई अपने हाथों से खिलाया गया। जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के रहने, चारे और भूसे की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने ठंड से पशुओं को बचाने के लिए गौशाला में अलाव की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया।


अमृत सरोवर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

### जिलाधिकारी को नहीं दिखा सड़कों का गड्ढा

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** गुरुवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज कोयलसा ब्लॉक के कोटवा जलालपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों से गुजरते हुए गौशाला का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उसी गड्ढा युक्त सड़क से वापस चले गए। जिलाधिकारी महोदय के पीछे गाड़ियों का लंबा काफिला रहा जो पूरी तरह धूल से पट गया। जिस 2 किलोमीटर की सड़क पर दूरी 5 मिनट में तय करनी पड़ती थी उस गड्ढा युक्त सड़क पर 15 से 20 मिनट में जिलाधिकारी का काफिला गौशाला पहुंचा। स्थानीय ग्राम वासियों का कहना है कि जिलाधिकारी बेसहारा पशुओं को देखने आए तो उन्हें सड़कों में गड्ढा नहीं दिखाई दिया जबकि इसी गड्ढा युक्त सड़क पर ग्रामवासी काफी दिनों से सफर करते हैं तथा लोगों को आने जाने में काफी समय लगता और भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने गौशाला जाने वाली सड़क को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त कराने की जिलाधिकारी से मांग की है।

## तम्बाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने की मांग

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा बिलारी, अजगरा, कबीरपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया के प्रांगण में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सभी तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने का आग्रह किया गया। हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत के पहले ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के कार्यालय पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के सचिव राजदेव चतुर्वेदी ने बताया कि आज का युवा जिस प्रकार से नशा की गिरफ्त में आ रहा है वह राष्ट्रीय चिंता का विषय है। इसीलिए हम लोग सभी तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने के लिए केन्द्रीय वित्तमंत्री को हस्ताक्षर युक्त पत्र लिख रहे हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ सहित अंकुज, सूरज, वंदना एवं आराधना आदि उपस्थित रहीं।

# हिमांशी यादव की सफलता से लोगों में हर्ष

जनसंदेश न्यूज

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत जमालपुर भेलखरा निवासी कक्षा 5 की छात्रा विद्या ज्ञान स्कूल अकादमिक प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में स्थान हासिल किया। उसकी इस सफलता पर परिवार सहित लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी।

भेलखरा गांव निवासी हिमांशी यादव पुत्री विजय कुमार यादव अभिनव पब्लिक स्कूल अमोला मोहद्दीनपुर की छात्रा का प्रवेश प्राथमिक स्तर से ही कराया गया था और छात्रा ने मेहनत और लगन से पढ़ाई की और परीक्षा में उत्तीर्ण हुई। किसान की बेटी मोहम्मदपुर ब्लॉक में विद्या ज्ञान स्कूल अकादमिक प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में स्थान पाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। हिमांशी के पिता घर पर रहकर खेतीबारी का काम करते हैं। विजय कुमार यादव अभिनव पब्लिक स्कूल अमौडा मोहद्दीनपुर के शिक्षकों को बधाई देने मिठाई लेकर स्कूल पहुंचे। स्कूल के अध्यापकों द्वारा अच्छी शिक्षा देने की तारीफ की और सबको बधाई दी। हिमांशी की मां संगीता ने बताया कि मेरी बच्ची स्कूल से आने के बाद घर के कामों में थोड़ा बहुत हाथ बटाती है और बचे हुए समय में पढ़ाई करती है और स्कूल में दिये हुऐ काम पूरा करने के बाद ही कोई दूसरा कार्य करती है।


हिमांशी यादव को मिठाई खिलाकर बधाई देते लोग।

### बैंक कर्मियों पर लगाया दुर्व्यवहार करने का आरोप

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के इंडियन बॉय द्वारा बेवजह ग्राहकों को परेशान किया जाता है। बता दें कि बूढ़नपुर के न्यूज एजेंसी धारक संतोष यादव द्वारा गुरूवार की दोपहर इंडियन बैंक शाखा बूढ़नपुर पैसा भेजा जा रहा था जिसमें एक 100 की नोट थोड़ी सी कटी हुई थी। बैंक में जमा करते समय बैंक अकाउंटेंट द्वारा उस नोट को वापस कर दिया गया। पूछे जाने पर अकाउंटेंट द्वारा दुर्व्यवहार भी किया गया। इस संबंध में पीड़ित ने जब बैंक मैनेजर से शिकायत करना चाहा तो मौके पर बैंक मैनेजर मौजूद नहीं मिले। पीड़ित का आरोप है कि बैंक मैनेजर प्रतिदिन देर से आते हैं इस बाबत कर्मचारियों से भी बात हुई थी। उन्होंने गैर जिम्मेदाराना वर्जन देते हुए कहा कि एक ही काम हो तो बैंक मैनेजर के पास बैंक के अलावा कई और भी काम है इस संबंध में जब कैशियर द्वारा पूछा गया तो उसने कहा कि यह नोट बनारस या आजमगढ़ हेड ऑफिस में ही कटे-फटे नोट लिए जाते हैं इतने में कई ग्राहकों में बैंक कर्मचारियों का विरोध जताते हुए कहा कि बैंक कर्मचारी मनमाना रवैया अपनाते हैं। यह लोग ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। यदुनाथ उर्फ मंटू यादव अजय यादव रविकांत यादव सहित सैकड़ों लोगों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

# तमंचा, कारतूस व चोरी की मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**फरिहा (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए निजामाबाद पुलिस ने मोबाइल छिनैती के अभियोग में प्रकाश में आये तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से मोबाइल व एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद कारतूस .315 बोर बरामद हुआ।

बीते 11 जनवरी को रामसरन गुप्ता पुत्र हीरालाल निवासी सीधा सुल्तानपुर थाना निजामाबाद द्वारा स्वयं के साथ एक मोटर साईकिल पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा वादी को रोककर उसका मोबाईल छीनकर भाग जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त विपिन यादव पुत्र विजय श्याम यादव निवासी शेखपुर हुसाम थाना निजामाबाद के पास अवैध तमंचा पाये जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों की तलाश में पुलिस सेन्टरवा बाजार में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तगण सीहीपुर पुलिया के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान से अभियुक्त विशाल गिरी पुत्र चन्द्रजीत निवासी चड़ई थाना रानी की सराय, विपिन यादव पुत्र विजय श्याम यादव निवासी शेखपुर हुसाम थाना निजामाबाद व अर्जुन यादव पुत्र चनरु यादव निवासी डिहवाबारी थाना निजामाबाद को पकड़ लिया। जामा तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की मोबाइल बरामद हुई।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे


बिलरियागंज में गिरफ्तार अभियुक्त।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान के तहत एक अदद तमंचा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। बिलरियागंज पुलिस अभियुक्तों की तलाश में वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी वक्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति जैगहा बाजार से हारीपुर की तरफ जा रहा है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जब चेक किया गया तो उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति का नाम नूर आलम उर्फ मुन्ना पुत्र शमशाद निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज है।

# सादगी प्रिय और जुझारू इंसान थे स्व.कतवारू गोंड़ः दीनू

याद

### चकला पहाड़पुर में मनायी गयी 14वीं पुण्यतिथि

**आजमगढ़।** असंगठित बीड़ी मजदूर कल्याण समिति के संस्थापक स्व. कामरेड कतवारू गोंड की 14वीं पुण्यतिथि नगर स्थित मोहल्ला तकिया चकला में दुर्गावती सिलाई बुनाई स्कूल में गुरुवार को मनाई गई। सभी लोगों ने स्व.कामरेड के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्नू यादव व संचालन कैलाश प्रसाद गोंड ने किया।

समाजसेवी अभिषेक जायसवाल दीनू ने कहा कि उनका जीवन सदैव गरीबों, रेहड़ी पटरी फुटपाथ संघ तथा व्यापारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष में बीता। वह बहुत ही सादगी प्रिय और जुझारू इंसान थे। वे सदैव अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। आज उनके जैसे जुझारू नेताओं की कमी है जो जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करें। हम सभी उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुन्नू यादव ने कहा कि स्व. करवारू गोंड बीड़ी मजदूरों के हित के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। असंगठित बीड़ी मजदूर कल्याण समिति की स्थापना कर उन्होंने बीड़ी मजदूरों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया।

इस अवसर पर संजय पांडे, सुआल प्रसाद गोंड, मंतराज यादव, जोखू साहू मास्टर, बासुदेव कुमार गोंड, रामचंद्र यादव, इनामुल हक, जयप्रकाश यादव, कल्पनाथ सिंह, लक्ष्मण गोंड, भगवान प्रसाद एडवोकेट, महेंद्र प्रसाद गोंड, आदित्य गुप्ता, शहजादी कुरैशी, सुनीता गोंड, स्नेहलता सिंह, जूली निगम, सुनीता शर्मा, रजिया बानो, रुखसाना, परवीन शहजादी, ममता, खुशी नंद, नामी चिरैयाकोटी, अब्दुल कलाम अंसारी, शंकर गोंड, अब्दुल्लाह शेख, कामिनी गुप्ता, कांति, श्याम दुलारी, सबीना, रीना निगम, ममता निगम, सुनीता देवी, हंसा, नीलम, राजन, फलक, पूनम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।


स्व.कतवारू गोंड़ को श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग।

### 25 का कटा कनेक्शन, 11 के खिलाफ एफआईआर

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** विद्युत विभाग को चूना लगाने वालों पर बड़ी कार्रवाई करने का क्रम बदस्तूर जारी है। अभियंता शत्रुघन यादव, अवर अभियंता धीरज पटेल, मीटर इंचार्ज बजरंग सिंह द्वारा क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में बुधवार, गुरुवार को विद्युत विभाग ने लगभग सैकड़ों लोगों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस अभियान से स्थानीय कस्बे में खलबली मच गई। विद्युत विभाग पूरा दुल्हन, शिकठीशाह मोहम्मदपुर, पूरा दीवान आदि क्षेत्रों में गहनता पूर्वक अभियान चलाया गया जिसमें 25 लोगों की लाइट काटते हुए 11 लोगों के ऊपर एफआईआर कराया। साथ ही एक लाख 50 हजार रुपए राजस्व वसूली किया गया। इस संबंध में शत्रुघन यादव एसडीओ एवं धीरज पटेल अवर अभियंता ने बताया कि जाड़े के दस्तक से लोग अपने अपने घरों के इर्द-गिर्द चोरी करने का कार्य कर रहे हैं जिससे विभाग का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। इसे ध्यान में रखकर युद्ध स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि चोरी करने वालों पर नकेल कसी जा सके। इस अभियान में बजरंग सिंह, मनोज कुमार, बलराम प्रजापति, राजेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# एडीएम प्रशासन के निरीक्षण में ओपीडी मिली बंद

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य बेहतर हो, इसके लिए सरकार व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पल्हनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां पर ओपीडी का कमरा बंद पाया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने डिलीवरी वार्ड, लेबर वार्ड, पैथोलॉजी लैब, बीपीएमयू वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही ब्लॉक लेखा प्रबंधक वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होने कई अभिलेखों का निरीक्षण किया, जिसमें कई अनियमितता पाई गई। दो साल के रिकॉर्ड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक व संबंधित का हस्ताक्षर नहीं किया गया था। आय और व्यय का निरीक्षण भी किया गया। स्वास्थ शिक्षा अधिकारी पल्हनी सुनीता गुप्ता का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यों में अनियमितता एवं लापरवाही को देखते हुए संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया।


अभिलेखों का निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र।

# धूमधाम से मनायी गयी स्वामी विवेकानन्द की 160वीं जयंती


स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाते लोग।


स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।


विक्षिप्त की सेवा करते भारत रक्षा दल के कार्यकर्ता।

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विवेकानंद पब्लिक स्कूल एवं सावित्री देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीयनपुर के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गयी।

विद्यालय के प्रबंधक ज्ञानेंद्र मिश्रा ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तथा स्वामी विवेकानंद के 160वीं जयंती पर विद्यालय परिवार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम हर युवा को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने प्रतिभा को बिना किसी के मजबूती से लोगों के सामने रखनी चाहिए। हमें लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कम उम्र में ही भारतीय आध्यात्म का डंका पूरे विश्व में बजा दिया था। ऐसे महापुरुष के नाम पर विद्यालय का नामकरण किया गया है जरूर कभी न कभी कोई युवा इस विद्यालय का विवेकानंद के समान पूरी दुनिया में नाम रोशन करेगा।

इस अवसर पर राम शरीफ, श्याम सुंदर, प्रणव, अर्चना राय, प्रीति, शुभम, अंकुर, राजेंद्र, मांडवी, प्रियांशु, मुस्कान, अनुभूति, अमन, रितु पंडित आदि उपस्थित रहीं।

### स्वामी विवेकानन्द से युवाओं को लेनी चाहिए प्रेरणा

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के पास स्थित श्रीमती शकुंतला देवी श्रीवास्तव महाविद्यालय पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयन्ती पर पुष्प अर्पित किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर रानू प्रताप राणा ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद जी की जयन्ती पर हम सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके बताए हुए पथ पर चलना चाहिए। मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की जयन्ती व राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर हम सभी इनकी प्रेरणा से हमें अपनी बात किसी के सामने पूरी मजबूती से करनी चाहिए। हमें अपना लक्ष्य पाने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। इस मौके पर दिलीप सिंह बघेल, बृजेश मौर्य, विश्नुकान्त पाण्डेय, राजन गुप्ता, संजय मोदनवाल, रजनीश पाण्डेय, सूबेदार प्रजापति, धरणीधर पाण्डेय, सैफ अब्बास, सुलेमान आजमी, शैलेश शर्मा, प्रमोद राजभर, आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में स्थानीय नगर के शिवाजी चौक पर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आंसू ने कहा कि स्वामी जी ऐसे महान व्यक्ति थे जिन्होंने युवाओं को राष्ट्र धर्म और राष्ट्रीयता के पथ पर चलने का मार्ग प्रशस्थ किया। इस मौके पर सचिन मोदनवाल, अमन, शिव शंकर, सलमान कुरैशी, वकील आदि मौजूद रहे।

### विक्षिप्त की सेवा कर भारद ने मनाया स्वामी जी का जन्मदिवस

**आजमगढ़।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस पर भारत रक्षा दल ने उनके उपदेशों को अंगीकार करते हुए अलग अन्दाज में एक विक्षिप्त ब्यक्ति की सेवा करके स्वामी जी का जन्म दिन मनाया। बुधवार को भारत रक्षा दल के लोगों ने विवेकानन्द जी की मूर्ति व पार्क की साफ सफाई किया और गुरूवार की सुबह उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करके उनके जीवन, उद्देश्यों, उपदेशों पर चर्चा किया। तत्पश्चात उनके उपदेशों पर अमल करते हुए दलालघाट पर पड़े हुए एक विक्षिप्त ब्यक्ति के बाल, दाढ़ी बना कर उनके शरीर को साफ करके कपड़े बदल कर गरम कपड़े पहना कर कम्बल आदि देकर नाश्ता करा कर विवेकानन्द जी को नमन किया। इस मौके पर हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी जी ने कहा था 'हम मानवता को वहां ले जाना चाहते हैं, जहां न वेद है, न ही कुरान है, न ही बाईबिल'। महात्मा वह है, जो गरीबों, असहायों के लिए रोता है, अन्यथा वह दुरात्मा है। इस मौके पर सुनील वर्मा, अमित कुमार गुप्ता, हरेंद्र यादव, जैनेन्द्र चौहान, धर्मवीर शर्मा, दीपक जायसवाल, हिमांशु सिंह, रवि प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तिरस्कृत को परमात्मा करते हैं पुरस्कृतः कौशल किशोर



**आजमगढ़।** मानव जनहित सेवा संस्थान व रामकथा समिति के संयुक्त तत्वाधान में शहर से सटे चकगोंरया में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन व्यास पूजन के साथ कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए बाल व्यास कौशल किशोर जी महाराज ने बताया कि महाराज उत्तानपाद की दो रानियां थी। एक का नाम सुनीति तथा दूसरे का नाम सुरुचि। सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था, ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि द्वारा तिरस्कार किया गया। जिससे दुखी होकर अपनी मां से वार्ता विज्ञान प्राप्त कर 5 वर्ष की अवस्था में भगवान की प्राप्ति हेतु तपस्या करने जंगल चले गए। मात्र 5 वर्ष की तपस्या में बालक ध्रुव को भगवान मिल गए। उन्होंने कहा कि यह संसार जिसको तिरस्कृत करता है उसे परमेश्वर पुरस्कृत करते हैं। बालव्यास कौशल किशोर ने कहा कि इस जीव को जगत में जगदीश पर विश्वास करना चाहिए। इस दौरान निर्भय गाजीपुरी ने भजन से समां बांध दिया। इस अवसर पर सत्यम, अंशु, आशीष, सुभाष चन्द, जेपी श्रीवास्तव, विनय राय, घनश्याम तिवारी, राय अनूप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### 35 वाहन चालकों का पुलिस ने काटा चालान



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बूढ़नपुर चैक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहनों की तलाशी ली गयी। साथ ही शराब का सेवन कर वाहन चलाने व तीव्र गति से वाहन चलाने पर चालान काटा गया। दो पहिया वाहनों की तलाशी के साथ हेलमेट व चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट की अनिवार्यता को देखते हुए लोगो को सचेत किया गया। वहीं शराब का सेवन कर वाहन चलाने व तीव्र गति से वाहन चलाने वाले 35 लोगो का चालान काटा गया। इस दौरान रोडवेज बसों के चालक को भी शराब सेवन कर वाहन चलाने की जांच की गई तथा सावधानी के प्रति सचेत किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक चैकी प्रभारी बूढ़नपुर आदि मौजूद रहे।

### किराना की दुकान से हजारों की चोरी



**लालगंज (आजमगढ़)।** पल्हना पुलिस चौकी के सराय खुरसु से बुधवार की रात चोरों ने किराना की दुकान से हजारों का माल समेट लिया और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। पल्हना पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नरसिंहपुर सराय खुरसू गांव निवासी राकेश यादव पुत्र स्व.सोटी यादव ने स्थानीय चैकी में तहरीर देकर बताया कि उनकी सराय खुरसू मोड़ पर किराना की दुकान है। बुधवार को वह नित्य की भांति दुकान बंद कर घर चला गया। रात को चोर छत के रास्ते दुकान के अंदर घुस कर दुकान से हजारो का सामान समेट कर फरार हो गये। सुबह उन्हें जानकारी हुई तो आनन फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुचे पल्हना चौकी इंचार्ज ने घटना की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक जांच पड़ताल आरंभ कर दी।

### हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** जहानागंज थाना पुलिस ने हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त को किशुनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया। जहानागंज थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह मय हमराह मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी में परदेशी मोड़ के पास मौजूद थे कि जरिये मुखबीर खास सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त दीपक उर्फ अमित पुत्र राजकुमार निवासी बड़ौरा खुर्द थाना जहानागंज को किशुनपुर मोड़ के पास से हिरासत पुलिस में ले लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बंधित धाराओं जेल भेज दिया।

### मौके पर जाकर करें वादों का निष्पक्ष निस्तारण



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा जन सुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पीड़ितो की भीड़ लगी रही। दोनों अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में कुल 25 प्रार्थना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### स्व.आशा दूबे की पुण्यतिथि पर लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**आजमगढ़।** स्व.आशा दूबे की 9वीं पुण्य तिथि पर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ब्रह्मस्थान करतालपुर स्थित प्राइमरी पाठशाला में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्व.आशा दूबे जी के चित्र पर माल्यार्पण डॉ.नवीन दूबे, पूर्व सीसीएच सदस्य डॉ.भक्तवत्सल, हमाई अध्यक्ष डॉ.देवेश दूबे, हमाई सचिव डॉ. रणधीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में लगभग 460 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण करके होम्योपैथिक दवा दिया गया। डॉ.नवीन कुमार दुबे ने कहा कि मेरी माता जी का जीवन हमेशा लोगों की निःस्वार्थ सेवा के लिए ही समर्पित था और उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए मैं उनकी पुण्यतिथि पर हर वर्ष निःशुल्क चिकित्सा सेवा का कैंप लगाता हूं। ज्यादा से ज्यादा गरीबों की सेवा करना मेरा उद्देश्य है। मिजार्पुर ब्लाक प्रमुख बलवंत यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एक अलग ही संदेश जाता है। इस अवसर पर डा.रणधीर सिंह, डॉ.नीरज सिंह, डॉ.नेहा दुबे, डॉ.गिरीश चंद्र सिंह, डॉ.प्रमोद गुप्ता, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.एके राय, डॉ.राज कुमार राय, डॉ.अभिषेक राय, डॉ.माला पांडेय आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ.सीजी मौर्या ने किया।

### वनवासी बस्ती में बांटा कम्बल



**लालगंज (आजमगढ़)।** रेतवां चंद्रभानपुर लालगंज बनवासी बस्ती में दो सप्ताह पूर्व अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण पूरी बस्ती जलकर राख हो गई थी। इसमें आज भी लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने के लिए विवश हो गए हैं। बनवासी बस्ती के लोगों ने कई बार उच्चाधिकारियों के यहां अपनी पीड़ा को लेकर पहुंचे लेकिन मौके पर अधिकारी यह कहकर आश्वासन देते रहे कि आप चलिए हम आते हैं। लेकिन करीब दो सप्ताह बीतने पर भी उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। जब इसकी सूचना एक सामाजिक संगठन के लोगों को हुई तो वह पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा एक सप्ताह पूर्व टीम द्वारा सर्दी से परेशान छोटे बच्चों के टोपी का वितरण किया गया। इसी क्रम में गुरूवार को बनवासी बस्ती में मकर संक्रांति से पूर्व संस्थान के कार्यकताओं द्वारा सभी पीड़ित परिवार के बच्चों को लाई, दाना, भेली, ढुंढा, सब्जी तथा दर्जनों पीड़ितों को कंबल का वितरण किया। ग्रामीणों ने संस्था के प्रभारी अभिषेक उपाध्याय, पवन अस्थाना, प्रिंस कुमार, लकी श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि का आभार व्यक्त किया।

### पिचमार्ग की राह देख रहे दलित बस्ती के लोग

**फूलपुर (आजमगढ़)।** वर्ष 2008-09 में ग्राम पंचायत सुदनीपुर का चयन अम्बेडकर गांव के रूप में किया गया था। आवास सहित अन्य सुविधाओं के साथ फूलपुर बक्सपुर पिच मार्ग से सुदनीपुर दलित बस्ती तक लगभग 200 मीटर मार्ग को पिच मार्ग बनाने के लिए 9 लाख के करीब धन स्वकृत हुआ। लोकनिर्माण बिभाग के ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

# मन में लक्ष्य को तय कर करें तैयारी मिलेगी सफलता : विनीत सिंह

**प्रतियोगिता**

### 1500 मीटर दौड़ में वाराणसी के विकास ने लहराया परचम



खिलाड़ियों को सम्मानित करते एमएलसी

**जमालपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गुरुवार को देवकली इंटर कालेज के परिसर में एक दिवसीय दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ एमएलसी विनीत सिंह ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में विकास वाराणसी प्रथम तथा गौरव सिंह द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में अंकित चंदौली प्रथम तो शिवा नागर द्वितीय रहे।

3000 मीटर दौड़ में विकास प्रथम, बीरू द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में कोमल पटेल वाराणसी प्रथम तो सुमन मीरजापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विजेता प्रतिभागियों को एम एलसी विनित सिंह द्वारा पुरस्कृत किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन बच्चों के सपने दूर होते हुए मैंने देखा है, जो मिला नहीं उसे भी खोते हुए देखा है। लोग कहते हैं रात को ओस गिरती है, मैंने तो फूलों को भी अकेले में रोते हुए देखा है। जिसके बाद ब्लाक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अंत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर का निरीक्षण के दौरान डा.राधेश्याम, डा.शुचि त्रिपाठी, डा स्नेहलता गुप्ता, डा.मनोज चतुर्वेदी मरीज देखते मिले। प्रभारी चिकित्साधिकारी के बारे में पूछने पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि जिला मिटिंग में शामिल होने के लिए गए है। परिसर की साफ-सफाई कराने को निर्देशित किया। सीएचसी परिसर में बन रहे नए कोविड वार्ड को देखा। कोविड वार्ड के बारे में पूछने पर एचीओ ने बताया कि अभी ठेकेदार द्वारा हैंडओवर नही किया गया है। मौजूद लोगों ने बताया कि सीएचसी पर एक्सरे मशीन नही है। इस पर उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान किया जाएगा। ब्लाक मुख्यालय पर निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रधानों ने अपने समस्यायों को लेकर सात सूत्रीय पत्रक सौंपा। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि आनंद सिंह बंटू, वीरेंद्र प्रताप, नरसिंह चौहान, रामजन्म मौर्या, मनीष कुशवाहा, जोशी पटेल, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 13 दिवसीय क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच संपन्न



मैच का शुभारंम्भ करते प्रमुख प्रतिनिधि

**मड़िहान।** विकास खण्ड के ग्रामीण स्टेडियम पटेहरा कला दीपनगर के मैदान में 13 दिवसीय नवचंडी माँ सरस्वती चैलेंज कप का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल ने पहलवान बाबा की पूजा अर्चना कर फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया।

उद्घाटन मैच डायट पटेहरा व बहुती के बीच 10 ओवर का हुआ जिसमें डायट की टीम टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय कर कुल 108 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जबाब में उतरी बहुती की टीम पूरे 10 ओवर में आल आउट होकर 84 रन ही जुटा पाई। जिससे 24 रन से बहुती की टीम हार गई 20 गेंद पर 41 रन बना कर मैन ऑफ द मैच रहे।

मैच में स्कोर दीपक पांडेय, कॉमेंटेटर आकाश यादव, अंपायर रामजनम व रोहित चौधरी रहे। उद्घाटन मैच में बोलते हुए जग प्रकाश कोल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैच के विजेता टीम को 21 हजार और उप विजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरष्कार 25 जनवरी को वितरण किये जायेंगे। उद्घाटन में प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल के साथ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सोनू सिंह, बीओ पीआरडी संतोष चौधरी, कंचन, मुन्ना कोल, शेषनारायण आदि लोग प्रमुख रूप से रहे।

## संक्षेप

### ज्योति को आगे बढ़ने के लिए की जायेगी हर संभव सहायता : सतीश



**मीरजापुर।** विकासखंड मझवां के आंही गांव की होनहार बच्ची ज्योति यादव तमाम अभाव एवं चुनौतियों के बावजूद भी क्रिकेट जगत अंतर्गत डीएलसीएल कैंपस में सिलेक्शन की सूचना, एसीपी एयरवेज इंफ्राटेक कंपनी के निदेशक राम अवध द्वारा हाल में ही किए गए मदद का वीडियो जिला क्षय रोग कार्यालय में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा देखने के उपरांत उस बच्ची के प्रति संवेदना भाव के तहत सामाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग देने वाले कछवां क्षेत्र में स्थित कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक शंकर रामचंद्रन के साथ-साथ कछवां टाउन चेयरमैन डॉक्टर पंधारी यादव को बच्ची की मदद में साथ देने का प्रस्ताव रखा, जिसके उपरांत गुरुवार को घर तीनों लोगों द्वारा पहुंचकर उसे बुके एवं अन्य पौष्टिक पदार्थ का पैकेट के साथ-साथ ट्रैक सूट, ट्रॉली बैग आदि भेंट किया गया। सतीश शंकर यादव द्वारा बच्ची को आश्वासन दिया गया कि आप खेल जगत में और आगे बढ़ते हुए अपने घर परिवार के साथ साथ भारत देश का नाम रोशन करें। डॉक्टर पंधारी यादव द्वारा भी बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसका हर स्तर से मदद करने का आश्वासन दिया गया। क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक शंकर रामचंद्र ने ज्योति यादव के साथ-साथ उनके पूरे परिवार को अपने हॉस्पिटल की माध्यम से समय-समय पर सहयोग देते रहने के आश्वासन के साथ-साथ यह भी आश्वस्त किया गया कि मेरा हॉस्पिटल आप सभी के स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर निःशुल्क मदद करने का कार्य करेगा।

### ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक ने मारा कंटेनर में धक्का

**हलिया।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले से कंटेनर में साइलेंसर लादकर जमशेदपुर जा रहा था जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले पहुंचा तो पीछे से प्याज लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से ट्रक ने अनियंत्रित आगे चल रहे कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर डिवाइडर से उछलकर घाटी में पलट गया। वहीं अनियंत्रित ट्रक सौ मीटर आगे जाकर डिवाइडर से जा भिड़ा। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे एसआई उदय नारायण सिंह, अवधेश कुमार सिंह, कोमल सिंह यादव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, श्रीनिवास यादव ने ट्रक के स्टेयरिंग में फंसे ट्रक चालक 26 वर्षीय मोहम्मद रेहान निवासी मदईपुर थाना देलूपुर जिला प्रतापगढ़ को बड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल भिजवाया। ट्रक चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घायल 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरमान निवासी मुरादाबाद को भी मंडलीय अस्पताल के लिए भेज दिया। घटना के बाद थोड़ी देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने राजमार्ग पर लग रहे जाम को समाप्त करवाया और ट्रकों पर लदे सामान की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया।

### 55 करोड़ रुपये से होगा मझवां क्षेत्र का विकास : प्रमुख

**कछवां।** विकास खंड मझवां क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें ब्लाक क्षेत्र से विकास संबंधी लगभग सौ प्रस्ताव मिले। जिसमें मनरेगा कार्य (कच्चा वर्क) लिए 15 करोड़ व पंद्रहवां पंचम वित्त के तहत 40 करोड़ का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निकाले गए। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। और बताया कि सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। जब तक अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं पहुंचेगा तो सरकार की मंशा पूरी नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विकास खंड अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि कुल सैकड़ों प्रस्ताव मिले हैं। इस दौरान बैठक में भाग लेने वाले वीओ पीआरडी संजय उपाध्याय, पशु चिकित्सा अधिकारी शेषनाथ, जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे एडीओ (सी) भारतनाथ यादव, सीडीपीओ इंद्रपाल व आंगनवाड़ी विभाग समेत क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### नाबालिग लड़की को भगाने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को सुबह अहरौरा जमुई मार्ग पर स्थित सोनबरसा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में एसआई गिरेंद्र राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की को विजय कुमार पाण्डेय उर्फ मिंटू पुत्र तुलसी पांडेय निवासी ग्राम धौहा चुनार बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था और शादी भी कर लिया था। लड़की के पिता की तहरीर पर विजय पांडेय के विरुद्ध 376 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही थी की मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को सोनबरसा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लड़की को बालिका सुधार गृह भेज दिया गया है।

### ठंड से बचाव हेतु कई गांवों में की अलाव की व्यवस्था

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के कलवारी पुरवा गुरुदेव नगर में कई दिनों से ठंड का प्रकोप बढ़ने से सुबह और शाम मे ठंड लोगों को अधिक रूप से सता रही है। ठंड का प्रकोप देखते हुए गुरुदेव नगर आश्रम के मलिककार बाबा रहबर दर्शनानंद ने अलाव जलवाकर सभी अनुयायियों को अलाव तापने के लिये कहा और साथ ही कई गांवों में अलाव की व्यवस्था भी कराया। जिससे अनुयाई को ठंड ना लग सके। क्षेत्र के आसपास के गांव के विधवा, विकलांग, वृद्धा तथा असहाय लोग को गुरुदेव नगर आश्रम के अनुयाई ने ठंड को देखते हुए कंबल भी वितरित किए तथा अलाव भी तापने के लिए व्यवस्था किए। इस दौरान विशाल सेवानंद, भगवत दर्शनानंद, धर्म जोगानंद, डॉक्टर बाबा, आदि अनुवाई उपस्थित उपस्थित रहे।

### ससुराल से मायके आ रही विवाहिता रास्ते से हुई गुम

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के पिता ने थाने में तहरीर देकर पुत्री को खोजबीन करने की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में कहा है कि हमारी पुत्री जिगना थाना क्षेत्र से बुधवार को सायं 6:00 बजे रोड की गाड़ी से हलिया आ रही थी कि लालगंज में हलिया का एक लड़का मिल गया और बाइक पर बैठाकर पुत्री के साथ दो वर्षीय लड़के को लेकर कहीं गायब हो गया है। पता लगाने पर पता नहीं चल रहा है। विवाहिता के पिता ने गुरुवार को हलिया निवासी एक लड़के के नाम जद थाने में तहरीर देकर पुत्री को खोजबीन कराने की गुहार लगाई है।

### जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रद्द

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कालेज का 23 जनवरी को होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह को प्री बोर्ड परीक्षा के कारण रद्द कर दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि 16 जनवरी से 23 जनवरी तक प्री बोर्ड परीक्षा का निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम को आगामी दिवसों में कराया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रबंधक शुभेन्द्र कुमार ने दी।

# संयुक्त विकास आयुक्त ने विकास कार्यों का लिया जायजा



समीक्षा करते सहायक विकास आयुक्त

**सीखड़।** संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्रा द्वारा विकास खण्ड का निरीक्षण गुरुवार को किया गया। निरीक्षण में कार्यालय, सभागार, एन आर एल एम कक्ष व परिसर का निरीक्षण किया गया। विकास खंड में कराए जा रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।

अप्रयुक्त धनराशि को सम्बंधित विभाग को वापस भेजने तथा वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों का कार्ड शत प्रतिशत आधार से लिंक कराने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर का निरीक्षण किया और पंचायत सहायक से ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी ली तथा ग्राम पंचायत ऑफिस में आयुष्मान कार्ड, आधार फीडिंग और मनरेगा कार्यों के मस्टरोल निकालने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के.के. सिंह, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, जेई एमआई उमा शंकर पटेल, एडीओ समाज कल्याण विनोद शुक्ला, मुकेश मिश्रा, सत्येन्द्र यादव, मुकेश पाण्डेय, कृष्ण कुमार सिंह, हौसिला दुबे, ग्रा.वि.अ. रश्मि सिंह सहित विकास खण्ड के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# एडीओ पंचायत के पद पर आसीन हुए प्रभा शंकर पटेल

**जिगना।** मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी के अनुमोदन पर पर जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद जायसवाल द्वारा जारी लेटर के क्रम में विकासखंड छानबे पर बुधवार को एडीओ पंचायत के पद प्रभा शंकर पटेल को एडीओ पंचायत के पद पर खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने चार्ज भार ग्रहण कराया। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उसमें तेजी लाई जाएगी और स्वच्छ भारत मिशन द्वारा चल रहे कार्यों के प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने ऑफिस के कुछ फाइलों का अवलोकन किया।

इसी क्रम में कुछ ग्राम प्रधानों व सचिवों द्वारा उन्हें इस पद पर मनोनीत होने पर बधाई दी। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, गोवर्धन सिंह पटेल, दिलीप पाठक, ग्राम प्रधान आनंद मोहन सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह व हरीश शुक्ला शुभकामनायें दी।

# सीडीओ ने स्वास्थ्य व बाल विकास पर ध्यान देने का दिया निर्देश



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम गत माह की बैठक में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन की समीक्षा की गयी।

तदुरान्त स्वास्थ्य एवं पोशण के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत आशाओं का चयन एक माह के अन्दर कराने हेतु अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। प्रत्येक आकांक्षात्मक विकास खण्डों में चिहिन्त 20-20 अति कुपोशित (सैम) बच्चों को समुदाय स्तर पर पोशण पोटली प्राप्त कराते हुए उनकी साप्ताहिक रूप से ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा के माध्यम से नियमित अनुश्रवण करते हुए उन्हें स्वस्थ्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ऐसे बच्चों के परिजनों को षासन द्वारा संचालित सेवाऐं से आच्छादित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में यूनीसेफ समन्वयक द्वारा बताया गया कि एम.सी.पी. कार्ड पर गर्भवती महिलाओं से सम्बन्धित सूचना एवं बच्चों का ग्रोथ चार्ट अपडेट नहीं किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एएनएम एवं आंगनबाड़ी को प्रशिक्षित करते हुए एम.सी.पी. कार्ड को अपडेट कराना सुनिश्चित करें, ताकि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य सुधार का आकलन हो सकें। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठको में ग्राम प्रधान की उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों एवं सहाक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया।

# यातायात माह के तहत गाड़ियों में लगाया गया रिफ्लेक्टर



**राजगढ़।** नवंबर माह से चल रहे यातायात माह को प्रभावी एवं दुर्घटना रहित बनाने के लिए शासन स्तर पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर लगाए जाने का फैसला लिया गया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा के दिशा-निर्देश पर राजगढ़ पुलिस ने पुरानी पुलिस चौकी के सामने चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाया गया। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे की वजह से सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं के मामले बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार के निर्देश पर राजगढ़ थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ सड़क पर चल रही सभी वाहनों को रोककर रिफ्लेक्टर लगाया ताकि कोहरे के चलते वाहनों की लाइट पड़ने पर रिफ्लेक्टर की चमक से आमने-सामने की गाड़ियां दिखाई दे और दुर्घटना से लोगों की जिंदगी बचाया जा सके। इस दौरान प्रशान्त, आशुतोष, प्रचंड, सुमीत, अरविंद, आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आवास की जांच कराने को दिया पत्रक

**जमालपुर।** क्षेत्र के चंदौली महोगनी ग्राम पंचायत के आधा दर्जन ग्रामीणों ने गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर पत्रक सौंपकर आवास आवंटन की जांच कराकर सही तरीके से आवंटन कराए जाने की मांग किया। दिए गए पत्रक के माध्यम से बताया कि हम प्रार्थीगण का नाम आवास सूची में शामिल है। भाईपुर कलां ग्राम पंचायत पर तैनात सफाई कर्मी के माध्यम से आवास के नाम पर रूपया वसूली कराया जा रहा है और न देने की स्थिति में आवास कटवाने की धमकी सफाईकर्मी दे रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा पात्रों को आवास न देकर अपात्रों को आवास दिया जा रहा है। पत्रक के माध्यम से आवास आवंटन की जांच कराकर आवास दिये जाने की मांग किया। इस दौरान मौसम, गुद्दन, गुड्डू, धर्मवीर, सनझारी, रामविलास, अर्चना ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक

**हलिया।** क्षेत्र के भटवारी गांव में गुरुवार को यूनिसेफ के ब्लाक समन्वयक अंकित शुक्ल एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांव की महिलाओं संग बैठककर टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। बैठक में ब्लाक समन्वयक ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व टीकाकरण से वंचित परिवार समय से टीकाकरण करवाएं।गर्भवती महिलाओं को टीटी के दो इंजेक्शन व चार बार जाँच करवाएं। बच्चो को पांच वर्ष में सात बार सही समय पर टीकाकरण करवाकर जानलेवा एवं गंभीर बीमारियों से उनका बचाव करें। पांच वर्ष में सात बार का स्लोगन बताते हुए महिलाओं को मोबिलाईजेशन के माध्यम से टीकाकरण के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान एएनएम उषा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता मौर्या, पूनम मौर्या आशा सुनीता देवी बीएचडब्ल्यू दीपक सिंह, मुकेश ओझा व महिलाएं मौजूद रही।

# प्रियंका गांधी का मनाया जन्मदिन



प्रियंका का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**मीरजापुर।** हिन्दू बालिका स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र चौबे के निवास पर राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जन नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की जन्मदिन मनाया गया।

प्रियंका के 51 वें जन्मदिन पर चित्र के समक्ष केक काट कर उनको बधाई दिया। इस दौरान शहर उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा, पीसीसी ईमरान खान, पीसीसी विधि सिंह, अधिवक्ता कमलेश दूबे, अशोक मिश्रा, इरफान कुरैशी, रवि पटेल, सेवा दल शहर अध्यक्ष संहियद मुमताज, रत्नेश मिश्रा, संतोष दुबे, मनोज चौरसिया, सराफत उल्ला, अतहर अली, राकेश दत्त त्रिपाठी, संहियद राहत रजा आदि मौजूद रहे।

### काटा केक, मनाया महासचिव का जन्मदिन

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी का केक काटकर एवं कंबल बांट कर 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन ने कहा कि प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कंबल बांट कर मां विंध्यवासिनी देवी से प्रार्थना करते हैं उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना करते हैं। मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद छोटे खान गरीबों की मसीहा हम सब की बहन प्रियंका गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विक्रम जैन विक्की, प्रियंका, अनुज, गुलाब, भोला, विजय, नरेंद्र भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों पर जब युवा चलेगा तभी देश होगा समृद्ध : विवेक बरनवाल



विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विवेक

**मीरजापुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर बसही स्थित सेमफोर्ड स्कूल में एकल विद्यालय अभियान संगठन के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन की अंचल अध्यक्ष इंजीनियर विवेक बरनवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने जीवन काल में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का पूरे विश्व में विस्तार किया।

साथ ही साथ युवाओं को यह प्रेरणा दी कि अपने पद पर तब तक चलते रहे जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त ना हो जाए। कार्यक्रम में भाग के उपाध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह ने स्वामी जी के 39 साल के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि एकल अभियान स्वामी जी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए स्थापित की गई थी और आज हम सभी उसी पर कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में अभियान के सचिव सौरभ श्रीवास्तव, केंद्रीय से अभियान प्रमुख जीतू पहान, नगर समिति अध्यक्ष अनुज उमर, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने स्वामी जी के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंचल अभियान प्रमुख शिवजीत ने किया एवं कार्यक्रम में आर योग समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष डॉक्टर डी एन द्विवेदी, अंचल एवं संच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवाओं को करना चाहिए चारित्रिक शक्ति का विकास : नगर विधायक



विजेता को सम्मानित करते नपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** विश्व वन्दनीय जगतगुरु चिर युवा स्वामी विवेकानन्द जी के पावन जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मीरजापुर द्वारा यंग इण्डिया रन मैराथन दौड़ के रुप में मनाया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरदार पटेल चौक बिनानी चौराहा पर स्वामी विवेकानन्द जी एवं सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष भाजयुमो एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी भानू प्रसाद द्वारा प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता में 568 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर आलोक यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी मवैया एवं वर्षा कुमारी पुत्री स्व. जैसराम निवासी बहेरा चुनार, द्वितीय स्थान पर कृष्ण कुमार यादव पुत्र राम शकल यादव निवासी पैड़ापुर (कचारी) एवं बबिता कुमारी पुत्री अशोक कुमार निवासी काजीपुर चुनार, तृतीय स्थान पर विवेक दूबे पुत्र शिवाकान्त दूबे एवं सुमन बिन्द पुत्री केवला प्रसाद बिन्द निवासी घमहापुर विन्ध्याचल रहे। तदुपरांत हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कहा कि स्वामी जी सदैव अन्न व वाणी की शुद्धता पर जोर देते थे, जैसा खायें अन्न वैसा होये तन, जैसा पीये पानी वैसी होवे वाणी। अतः युवाओं को सदैव सात्विक व ताजा भोजन ही करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन नपा मीरजापुर मनोज जायसवाल ने कहा कि युवाओं के प्रति स्वामी विवेकानन्द जी प्रथम उद्देश्य ही था कि शक्तिशाली बनो आशय दारा सिंह न बनकर आत्मशक्ति, मानसिक शक्ति, प्रणिक शक्ति व सबसे ज्यादा चारित्रिक शक्ति का विकास करना चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ मिश्र मोंटी ने कहा कि जब शारिरीक रुप से दृढ़ व बलशाली होंगे तो ही अन्य विधाओं में पारंगत हो पायेंगे। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो पुष्पेंद्र द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री प्रीतेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, नवीन दूबे राहुल, मृत्युन्जय सिंह गहरवार, शशांक दूबे, अमरेश केशरी, राघवेन्द्र उपाध्याय, शुभम पाठक, हर्षित खत्री, दिपक शुक्ला, सत्येन्द्र त्रिपाठी, उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी स्वामी विवेकानंद जयंती

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत की ओर से नगर के पाण्डेयपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी ने देश के लिए सत्य मार्ग गुरु मार्ग राष्ट्रीय मार्ग पर चलकर भारत की दशा एवं दिशा को परिवर्तित करने में एक अहम भूमिका निभाते हुए बहुत ही कम उम्र में भारत को एक नई दशा एवं दिशा देने का काम किया था। जिसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर योग गुरु योगी ज्वाला ने विभिन्न स्थानों से आए हुए युवाओं को योग से परिचित कराते हुए एवं उन्हें सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराते हुए कहा कि आज हम सभी युवाओं के रोल मॉडल स्वामी विवेकानंद राजगुरु भगत सिंह सुखदेव जैसे लोग ही होने चाहिए जिनके जीवन के बारे में जानकार तथा पढ़कर हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा हर युवा खुद को स्वस्थ समृद्ध व सशक्त बनाने में सफल होते हैं।

# जब तक लक्ष्य न मिले तब तक करें मेहनत : अपर जिला जज



मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते अपर जिला जज

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विकास खण्ड सीटी के प्राथमिक विद्यालय पिपराडॉड, प्रागंण में युवाओं, किसानों, ग्रामीणजनों को केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सरकारी योजनों तथा पृथ्वी व जलवायु स्वच्छ पेयजल के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया।

शिविर का शुभारम्भ नवागत अपर जिला जज (एफ.टी. सी.) सचिव लाल बाबू यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लाल बाबू यादव ने उपस्थित युवा व ग्रामीण को बताया कि विश्व युवा दिवस नवयुवको के विकास के लिये पूरे देश में मनाया जा रहा है, आज स्वामी विवेका नन्द जी की जयन्ती पर युवा वर्ग उसका भी लाभ उठाये। स्वामी विवेका नन्द जी ने कहा है कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हे लक्ष्य की प्राप्ति न हो विवेका नन्द जी के आर्दशों को अपनाये और उनके उद्देश्यों का अनुसरण करें। अन्त में बताया कि 11 फरवरी 2023 को दीवानी न्यायालय एवं जनपद के समस्त विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। शिविर में बीडीओ राम दरश, उद्यान विभाग पुष्पेन्द्र, नायब तहसीलदार सदर कल्पना, खनिज विभाग आशीष चौधरी आदि मौजूद रहे। जागरूकता शिविर में व.स. दीपक श्रीवास्तव, पी.एल.वी. जयप्रकाश, प्रदीप श्रीवास्तव, ने सहयोग दिया।

# सोन ग्रामोदय ऐप का डीएम ने किया शुभारंभ

**नई पहल**

**अधिकारी-कर्मचारी से सीधे संवाद कर ग्राम पंचायतस्तर पर ही समस्याओं का होगा निस्तारण**

**ग्रामीणों से जुड़ेंगे अधिकारी महज एक क्लिक पर सामने होगा नम्बर**

जनसंदेश न्यूज



सोन ग्रामोदय एप के बारे में जानकारी देते डीएम चंद्रविजय सिंह

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सोन ग्रामोदय एप का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस सोन ग्रामोदय एप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर जो मुख्य समस्याएं आती हैं वह राजस्व, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, राशन, आंगनबाड़ी, शिक्षा इत्यादि से जुड़ी समस्याएं ज्यादा रहती है। अब इन समस्याओं को ग्राम पंचायत स्तर पर ही संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों से वार्ता कर निस्तारण कर दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि सर्वप्रथम गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से ग्राम पंचायतों में आम जनमानस द्वारा सोन ग्रामोदय एप को डाउनलोड किया जायेगा। जिसे एन्ड्राएड मोबाइल फोन में सफलता पूर्वक इंस्टाल करने के बाद पब्लिक को अपना मोबाइल नंबर ओटीपी के माध्यम से पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा। उसके बाद सोन ग्रामोदय एप में तहसील, ब्लाक फिर ग्राम पंचायत चयन करना होगा। ग्राम पंचायत का चयन करते समय विशेष ध्यान दिया जाये क्योंकि एक बार ग्राम पंचायत का चयन करने के बाद उसमे परिवर्तन सम्भव नहीं है, जैसे ही ग्राम पंचायत चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायगी। उस ग्राम पंचायत स्तर एवं सम्बंधित ब्लाक व तहसील पर कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों का नाम, पदनाम व मोबाइल नम्बर पब्लिक को दिखने लगेगा। जिसके सामने कॉल का बटन भी प्रदर्शित होगा। जिस पर क्लिक करने से सम्बंधित कर्मचारियों, अधिकारियों से ग्रामीण जनता सीधे संवाद कर अपनी शिकायत साझा कर सकती हैं और वहीं इसके जरिए ग्रामीण अपनी समस्या से अवगत कराने के साथ ही निस्तारण और संबंधित अधिकारियों से मिलने वाले रिस्पांस के बारे में स्टार रेटिंग के माध्यम से फीडबैक दर्ज करने के बाद मैसेज बाक्स मे अपनी प्रतिक्रिया/सुझाव भी दर्ज कर सकते हैं। समय-समय जिला स्तरीय अधिकारियों की तरफ से इसकी निगरानी भी की जाती रहेगी।

सोन ग्रामोदय एप में ग्राम पंचायत, ब्लाक, तहसील व जिला स्तर के अधिकारियों का मोबाइल नम्बर पहले से ही मौजूद रहेगा। कहा कि सोन ग्रामोदय एप के निर्माण का कार्य कुशल निर्देशन में पंचायती राज विभाग एवं डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसाईटी के सहयोग से दिल्ली स्थित सॉफ्टवेयर कम्पनी टेक्नोशेपर्स द्वारा किया गया है। ग्रामोदय एप के सफल क्रियान्वयन एवं सचांलन हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल एवं दिव्यतोष मिश्र ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को तकनिकी सहयोग तथा अनिल केशरी डीपीसी को सूचनाओं व डाटा के संकलन हेतु नामित किया गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, एडीएम सहदेव कुमार मिश्र, एसडीएम रमेश कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/ प्रभारी जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जुगैल में शिविर लगा सुनी गई समस्याएं

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी के ग्राम समाधान दिवस में दिये गये निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत जुगैल में स्वास्थ्य शिविर एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विभागा द्वारा लगाया गया। शिविर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा ग्राम पंचायत जुगैल में आयोजित ग्राम समाधान दिवस में ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य सुविधा व राशन वितरण के मामले में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही दवाओं का वितरण भी किया गया।

## फंदे से लटकर दो ने की खुदकुशी, मचा कोहराम

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत श्री राम मंदिर कालोनी में चित्र गुप्त मंदिर के सामने स्थित एक निजी मकान में बुधवार की देर रात लगभग 11 बजे तीन बच्चो के पिता ने पंखे में चद्दर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पाकर गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक लगभग 34 वर्षीय विश्वजीत दीपक उर्फ बबलू पूत्र जुगलाल दीपक निवासी श्री राम मंदिर कालोनी, स्थानीय परियोजना में ठेकेदारी करते थे। बुधवार की देर शाम कार्य से लौटकर सीधे अपने कमरे में चले गए। इस दौरान घर के लोग कुछ समझ पाते मृतक ने तत्काल फांसी लगा लिया। घटना के कुछ ही देर बाद पत्नी शर्मिला मृतक को खाना खाने के लिए बुलाने गई तो फांसी पर लटका देख सन्न रह गयी। वही पत्नी की चीख पुकार सुनकर परिजन भी कमरे में पहुंच गए। आनन फानन में परिजन मृतक को फंदे से उतारकर परियोजना अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही पत्नी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौजूद लोगों के अनुसार मृतक को दो लड़की व एक लड़का बताया जाता है। समाचार दिए जाने तक युवक ने किन कारणों से आत्महत्या किया इसका पता नहीं चल सका था। इसी तरह रेणूकूट संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 6 निवासी एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी शिवकुमार सिंह ने बताया कि शिवा पार्क में स्थित काली मंदिर के पीछे रहने वाले गोविंद भारद्वाज 28 पुत्र राजेंद्र भारद्वाज ने किसी बात से नाराज होकर गुरुवार की दोपहर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हिंडालको मोर्चरी में रखवा दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक अपने ननिहाल में रहकर कार्य करता था और वह मूल रूप से आजमगढ़ का रहने वाला था परिजनों के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### विवेकानंद जयंती पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल लोग

**ओबरा।** स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती के उपलक्ष्य में ओबरा नगर इकाई द्वारा नगर मंत्री शिखर सोनी के नेतृत्व में नगर में शोभा यात्रा निकाली गयी।शोभा यात्रा में सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं व अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।वहीं स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया।मौके पर पूर्व प्रान्त सह विपुल शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन कर यात्रा का शुरूआत कराया।शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होते हुए नगर भ्रमण कर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाप्त हुई।तत्पश्चात स्वामी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।शोभायात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं ने उनके द्वारा दिए गए सूत्र वाक्यों का जयघोष करते हुए नंद के आनंद की जय विवेकानंद की जय के उद्घोष से गुजां दिया।कार्यक्रम सयोजक सौरभ सिंह पंकज ने छात्र छात्राओं को विवेकानंद के जीवनचरित्र से परिचित कराया।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक अग्रहरी ने कहा हम सब युवा को स्वामी जी के उपदेशों को अपने आचरण में लाना होगा।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सतीश पांडे पवन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रंजना सिंह, नपं की मनोनीत सभासद सुनीता पांडे, संकटमोचन झा, सूरज मिश्रा, प्रदीप शर्मा, राहुल गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनमोल सेठ, तहसील संयोजक अनिकेत सिंह, कृष्णा पासवान, नील प्रताप, अंशु पटेल इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार घायल

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के अघोर सेवा सदन के पास गुरुवार की दोपहर स्कूटी सवार बेहोश होकर सड़क के किनारे गिरा हुआ मिला।बेहोश युवक की सूचना मिलते ही डाला पुलिस द्वारा चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि रिंकू सिंह पुत्र अम्बिका सिंह निवासी कासिमाबाद गाजीपुर हाल पता ओबरा, युवक डाला ओबरा खनन क्षेत्र में रहकर अपने ट्रकों को लोड कराने का व्यापार करता है। युवक को चोपन सामुदायिक अस्पताल में डाला पुलिस वाहन से ले जाया गया और घर के लोगों को सूचना दी गई।

### वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** वारंटीयों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हाथीनाला पुलिस ने एक वारंटी को गुरुवार की सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया ।हाथीनाला थाना इंस्पेक्टर श्याम बिहारी ने बताया कि भोला चेरो पुत्र सुखदेव चेरो निवासी बहेरा डोल थाना हाथीनाला, गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वाछिंत वारंटी था जो न्यायालय नही उपस्थित हो रहा था जिसको लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।इस दौरान टीम में हाथीनाला इंस्पेक्टर श्याम बिहारी, हेड कांस्टेबल विष्णु शंकर उपाध्याय, ओम प्रकाश शामिल रहे।

### राखड़ लदा ट्रक अनियंत्रित झोपड़ी में घुसा

**रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के खाड़पाथर मोड़ पर गुरुवार की सुबह राखड़ लदी एक ट्रक के चढ़ाई न चढ़ पाने के बाद वह बैक हो गई और एक दुकान में घुस गई। संयोग अच्छा था कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। बताया गया कि राखड़ लदी एक ट्रक अनपरा की ओर से वाराणसी जा रही थी, मुर्धवा मोड़ से कुछ आगे बढ़ने पर इस वाहन के आगे एक ट्रक अचानक रुक गया जिससे वह बैक होकर पीछे जाने लगी और वाहन चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। इस दौरान ट्रक बैक होकर खाड़पाथर मोड़ पर स्थित एक चाय पान की दुकान चलाने वाले कैलाश की झोपड़ी को धक्का मारते हुए रुक गई। ट्रक को बैक होता देखकर वहां से लोग भाग गए जिससे कोई घायल नहीं हुआ। इस साल से में चाय दुकान चलाने वाले कैलाश काफी नुकसान हो गया।

### शिविर में पशुओं का हुआ उपचार

**दुद्धी।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बघाडू गांव में बुधवार को पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जुबेर आलम द्वारा किया गया। शिविर में तमाम आस पास के किसानों ने भाग लिया। पशु चिकित्सक डा. तरुण रवि ने ग्रामीणों को पशु के रखरखाव, चारा देने का तरीका, दुधारू पशुओं के देखभाल के तरीका के संबंध में विस्तार से बताते हुए खनवा चपका, टीकाकरण, बीमा के बारे में भी जानकारी दिए और दवा का वितरण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने पशु प्रसार अधिकारी को तीन दिन बघाडू पशु केंद्र पर नियुक्ति करने हेतु डॉ तरुण कुमार रवी पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

### वृद्धाश्रम में किया कंबल वितरण

**दुद्धी।** कस्बे में संचालित वृद्धाश्रम में गुरुवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज के आप्रेशन हेड मनुराज पणिकर व उनकी पत्नी चित्रलेखा ने आश्रम रह रही करीब दो दर्जन वृद्धजनों को ठंड से राहत के लिए कंबल वितरित कर भोजन कराया। इस दौरान वृद्धाश्रम की संचालिका सविता सिंह,अधिवक्ता कुलभूषण पांडेय, ई रजनीश कुमार, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे। श्री पणिकर ने बताया कि यह पुनीत कार्य प्रत्येक वर्ष अपने स्वर्गवासी पिता पंकजाछा पणिकर की पुण्यतिथि पर करते हैं।

### सड़क सुरक्षा को किया जागरूक

**रेणुकूट।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था कश्यप दिव्य ज्योति सेवा सोसायटी द्वारा नगर के झुग्गी झोपड़ी व अन्य इलाकों में जाकर यातायात के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। रेणुकूट रेलवे स्टेशन के स्लम एरिया व कोयला मोहल्ला के बच्चों द्वारा इलाके में रैली निकाली गई। यातायात सुरक्षा से जुड़े स्लोगन वाले पोस्टर हाथों में लिए बच्चे नारा लगाकर लोगों को सड़क पर लापरवाही से होने वाले दुर्घटनाओं से सतर्क रहने का संदेश दिया।

### लोक अदालत 21 को

**सोनभद्र।** प्रभारी सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद न्यायाधीश, एफटीसी सत्यजीत पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के कुशल नेतृत्व में 21 जनवरी दिन शनिवार को आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया जा रहा है।

# स्वामी विवेकानंद के पद चिह्नों पर चलने को किया प्रेरित

**जयंती**

**राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद की जयंती संगोष्ठी व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते विधायक

**सोनभद्र।** स्वामी विवेकानंद उनकी जयंती जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। शिक्षण संस्थानों में आयोजित कायक्रमों में विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। तमाम स्थानों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा यंग इंडिया रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग किए।

जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। हाईडिल मैदन से शुरू हुई दौड़ नगर के चक्कर लगाने के बाद पुनः हाइडिल मैदान में आकर संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीजेपी युवा मोर्चा के महामंत्री विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी ने किया। इस मौके पर जिला मंत्री अतुल पांडेय, उत्कर्ष पांडेय, अभय पटेल, मोनू, रवि द्विवेदी, संदीप सिंह, राजन तिवारी आदि रहे।

उधर भाजपा जिला कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि कलकत्ता के एक बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानन्द आध्यात्म की ओर झुके हुए थे। वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे। इस मौके पर रामसुंदर निषाद, कृष्ण मुरारी गुप्ता, संतोष शुक्ला, अनूप तिवारी, कैलाश त्रिपाठी, वरुण त्रिपाठी, अजय पांडे आदि मौजूद रहे।

### एकल विद्यालय ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**चोपन।** ग्राम वासी सेवा आश्रम चोपन में एकल विद्यालय परिवार की तरफ से स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एवं मुख्य वक्ता विंध्याचल मंडल प्रभारी ज्यूतनारायण द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एकल परिवार के आचार्य एवं बहने सभी ने श्रद्धा पूर्वक स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, प्रदीप अग्रवाल, ज्ञानचंद आदि रहे।

### विवेकानंद के विचारों से ही युवा बनेगा राष्ट्रनिर्माताः चतुर्वेदी



छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

सोनभद्र। ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय पसही और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानद के जीवन दर्शन पर भाषण प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर ही देश का युवा राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा सकता है। नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह द्वारा घोरावल, चतरा व चोपन विकास खंडों के नौ यूथ क्लबों को खेल किट का भी वितरण किया गया। भाषण प्रतियोगिता में जयश्री रॉय को प्रथम,अभिषेक त्रिपाठी को द्वितीय व मोहिसिन खान को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। प्राध्यापक विमलेश त्रिपाठी ने स्वामी जी के आध्यात्मिक सिद्धांतों पर विशद व्याख्या की, भोलानाथ मिश्र ने भारतीय संस्कृति और धर्म का ध्वजवाहक बताते हुए स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। मनीष पांडेय व अनुप्रिया सिंह ने स्वामी विवेकानंद के भारतीय नारी के सम्मान और दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक हेमनाथ पांडेय ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए छोत्रों के जीवन में कामयाबी के गुर बताए।

## वनाधिकार के मुद्दे पर राज्यमंत्री ने सीएम से की मुलाकात



सीएम से मिलते राज्यमंत्री संजीव गोंड

**सोनभद्र।** समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड़ ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने वनाधिकार के मुद्दे पर तमाम अड़चनों समेत म्योरपुर हवाई अड्डे के कार्य में हो रही देरी पर भी विस्तार से जानकारी दी और कहां की इसमें तेजी लाने की जरूरत है।

राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को बताया कि सोनभद्र के तमाम गांव में काफी बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति व जनजाति के तमाम परिवार वनाधिकार के मुद्दे पर पात्र होते हुए भी अभी भी वंचित रह गए हैं इसके पीछे कतिपय समस्याएं हैं प्रशासनिक स्तर पर उनमें सुधार की जरूरत है यह कुछ बिंदुओं पर सुधार कर दिया जाए तो तमाम आदिवासी परिवार को जमीनों पर मालिकाना हक मिल जाएगा। इसी तरह राज्यमंत्री ने म्योरपुर हवाई अड्डे के निर्माण में हो रही देरी पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अनुरोध किया कि आपके हस्तक्षेप से शीघ्र पूर्ण हो सकता है मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि हमारी सरकार की प्राथमिकता में आदिवासी सर्वोपरि हैं। उनके किसी भी हक को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि म्योरपुर हवाई पट्टी के निर्माण में जो भी समस्याएं आ रही हैं हम उसके लिए संबंधित विचार विमर्श कर परियोजना को पूर्ण कराएंगे।

### नाबालिग से छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग की शिकायत पर बभनी पुलिस ने बुधवार की देर रात मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई। आरोपियों के विरूद्ध छेड़खानी सहित अन्य गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा दस की छात्रा बीते 27 दिसंबर को विद्यालय जा रही थी कि रास्ते में गांव के ही दो युवकों ने रोक लिया और झाड़ी की तरफ खींचने लगे। उस समय उसकी छोटी बहन भी थी।

जब उसने रोकना चाहा तो दोनों बहनों का दुपट्टा से मुंह बन्द कर दिया और अश्लीलता करने लगे। बुधवार की शाम छात्रा की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दो आरोपियों के विरूद्ध 354क, 354ख, 504, 506 सहित लैंगिक अपराधों में बालकों के संरक्षण 7 एवं 8, एस सी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 51 सौ पाउच अंग्रेजी शराब बरामद, छह लोग गिरफ्तार

**सोनभद्र।** जनपद पुलिस को शराब तस्करी रोकने में बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच, दुद्धी और विण्ढमगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने घिवही रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी कर दो पिकअप की तलाशी लिया। उसमें से अंग्रेजी शराब की 5100 पाऊच बरामद हुई। इस दौरान छह तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक शराब की खेप विगत तस्करी के जरिए बिहार ले जाई जा रही थी। पूछताछ के बाद तस्करों का चालान कर दिया गया। चुर्क पुलिस लाइन में गुरुवार को सपन्न प्रेसवार्ता में एसपी डा. यशवीर सिंह ने तस्करों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि सीमावर्ती प्रान्त बिहार में शराब बन्दी के कारण अवैध रुप से भारी मात्रा में शराब तस्करी की जा रही है। सूचना पर अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन में क्राइम ब्रांच, थाना विण्ढमगंज व दुद्धी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी। इसी दौरान इस टीम को बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि तस्करों द्वारा दो पिकअप में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को छुपा कर तस्करी कर बिहार ले जा रहे हैं। टीम द्वारा घिवही रेलवे क्रासिंग के पास से पिकअप में बैठे कुल छह व्यक्तियों को भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए लोगों की पहचान सोनू राय पुत्र उमेश राय निवासी छपरा बिहार, बबलू कुमार पुत्र विजय राम निवासी आरा बिहार, अजय पासवान पुत्र सुखदेव पासवान निवासी छपरा बिहार, सचिन कुमार पुत्र उमेश राय निवासी छपरा बिहार, राहुल जायसवाल पुत्र लालता जायसवाल निवासी म्योरपुर, ध्यानचन्द्र यादव पुत्र झुरई यादव निवासी म्योरपुर के रूप में हुई है। एसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपए पुरस्कार की घोषणा किया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विभिन्न स्थानों पर काफी आपराधिक इतिहास पाया गया है जो कि अवैध शराब की तस्करी में पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं और इनके विरुद्ध बिहार प्रांत सहित तमाम स्थानों पर मुकदमा पंजीकृत हैं। पूछताछ में तस्करी रैकेट में दो नाम प्रकाश में आए हैं। जिसमें कौशल कुमार पुत्र अज्ञात निवासी रेनूकुट व अनुग्रह नरायण सिंह निवासी खडिया शक्तिनगर को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**डाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर इकाई के द्वारा रामलीला मैदान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरूवार को एक कार्यक्रम का आयोजन नगर मंत्री आकाश पटेल के नेतृत्व में किया गया ।कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित करके की गई। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों तथा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, स्वामी विवेकानंद ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे ।सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और सार्वभौमिक पहचान दिलाई कहा कि हम संगठित होकर ही भारत को विश्व को बना सकते हैं। आशीष अग्रहरी ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जो स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलता है, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हम सभी मनाते हैं ।इस दौरान संजय गोड़, सुधीर पाठक, विकास जैन, गिरीश तिवारी, राजू दूबे, श्याम पाठक, अभिषेक पटेल, सोनू, नीरज दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुश देव पांडेय ने किया।

### ब्लू स्टार क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र।** ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवालय के संचालन के लिए शासन ने पंचायत सहायकों की नियुक्ति का आदेश दिया था जिसके क्रम में 592 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक नियुक्त है। जनपद में 37 पंचायत सहायक के द्वारा इस्तीफा दे दिया गया था या पद रिक्त था। इन ग्राम पंचायतों में निदेशालय से आज अनुमति प्राप्त हो गई है। प्राप्त अनुमति के तहत विकास खंड बभनी की 1 ग्राम पंचायत, विकास खंड चतरा की 1 ग्राम पंचायत, विकास खंड चोपन की 3 ग्राम पंचायत, विकास खंड दुद्धी के 2 ग्राम पंचायत, विकास खंड घोरावल की 5 ग्राम पंचायत, विकास खंड म्योरपुर के 5 ग्राम पंचायत, नगवा के 3 ग्राम पंचायत, रावटसगंज के 11 ग्राम पंचायत, एवं करमा के 6 ग्राम पंचायत शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में 17 जनवरी से 2 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इन ग्राम पंचायतों के अभ्यर्थी अपना आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खंड कार्यालय तथा ग्राम पंचायत के कार्यालय से में जमा कर सकते हैं।

## कम्बल पाते ही असहायों के चेहरे खुशी से खिल उठे



श्रेयांश सेवा संस्था द्वारा असहायों को कम्बल देते एडीएम नमामी गंगे आशुतोष दूबे

**सोनभद्र।** जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र ग्राम गुरदह टोला करमडांड में बढ़ते ठंड तथा शीतलहर के मद्देनजर श्रेयांश सेवा संस्था के बैनर तले वृद्धजनों के बीच कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे आशुतोष दूबे, उनकी पत्नी अर्पिता दूबे तथा संस्था की अध्यक्षा महिमा मिश्रा द्वारा कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान करीब सैकड़ों निर्धन, असहाय वृद्धजनों के चेहरे कम्बल पाकर खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष प्रेम पटेल, डा. सर्वजीत सिंह, मनोज दूबे, रिशु श्रीवास्तव, बृजेश सिह आदि रहे।

## उद्घाटन मैच में पटवध ने ओबरा को सौ रनों से हराया

जनसंदेश न्यूज



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते उस्मान अली

**चोपन।** ब्लू स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा गड़ईडीह रेलवे रनिंग रूम के समीप स्थित खेल मैदान पर आयोजित विंटर कप 2023 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज गुरुवार को हुआ। लगभग 10 दिवसीय चलने वाले इस टूनार्मेंट मैच की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि चेयरमेन प्रतिनिधि उस्मान अली, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमुख प्रतिनिधि डंपू सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, समाजसेवी शेर खान, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, करगरा प्रधान फूलचंद द्वारा भगवान गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया।

मुख्य अतिथियों को पटवध व ओबरा के टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराने के बाद खेल भावना के सम्मान में राष्ट्रगान गाया गया। फिर मुख्य अतिथियों ने खेल खेलते हुए भव्य टूनार्मेंट की औपचारिक शुरूआत की। बताते चले कि पटवध ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 200 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 201 के जवाब में उतरी ओबरा की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही।

एक के बाद एक विकेट गिरने से स्कोर बढ़ता चला गया। ओबरा की टीम 99 रन ही बना सकी व पटवध की टीम ने उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पटवध टीम के मनीष यादव को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। मैच में अम्पायर की भूमिका में राहुल जेकर व राजेश यादव तथा स्कोरर की भूमिका गोल्डन खान ने निभाई। इस मौके पर मनोज चौबे, अनीश अहमद, उमेश यादव, राहुल शर्मा, प्रमोद कुमार, आर्यन दुबे, विनीत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को अपना रहा विश्व : योगी आदित्यनाथ


गंगा तट स्थित अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर समारोह को संबोधित करते सीएम


गंगा तट स्थित अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर स्कूली बच्चों से संवाद करते सीएम


अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

**पड़ाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गंगा तट स्थित अघोरेश्वर महाविभूति स्थल के पावन प्रांगण में अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया।

इस दौरान श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम भी मौजूद रहे। इससे पहले महाविभूति स्थल प्रांगण में सर्वप्रथम अवधूत भगवान राम नर्सरी विद्यालय के बच्चों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

**समारोह**

### सीएम ने अघोरेश्वर भगवान राम योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का किया उद्घाटन

तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने अघोरेश्वर भगवान राम की समाधि पर शीश नवाया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में बिखरी हुई आयुष पद्धतियों को जोड़कर आयुष मंत्रालय का गठन किया। आज ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में बहुत बड़ा कार्य कर रहा है। दुनिया के 190 से अधिक देश भारत के ऋषि, योगी, संतों, सिद्धों की योग परंपरा के साथ जुड़ रहे हैं। ये शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम तो है ही, आध्यात्मिक दृष्टि से जीवात्मा का परमात्मा से जुड़ने का प्रयास भी है। कोरोना काल खंड में देश ने प्राकृतिक चिकित्सा की ताकत को पहचाना। कोरोना काल में लोगों के जीवन की आस के रूप में आयुष सामने आया। प्रदेश में हजारों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। कहा कि धर्मार्थ संस्थाएं भी इसके लिए आगे आएंगी तो इसमें नई गति और नई ऊंचाई मिलेगी। कहा कि आज पूरी दुनिया हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। आयुष पद्धति में भारत को हेल्थ टूरिज्म का हब बनाने का सामर्थ्य है।

इसके लिए हमें तैयार होना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क से ही समर्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। इसके लिए भारत की प्राचीन और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सबसे ज्यादा प्रभावी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हम सुना करते थे कि लोग उपचार कराने दुनिया के विकसित देशों में जाया करते थे। मगर आज पूरी दुनिया प्राचीन भारतीय ज्ञान और परंपरा में बेहतर स्वास्थ्य की संभावना तलाश रही है।

### राहगीरों व यात्रियों को हुई परेशानी

**पड़ाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गंगा तट स्थित अवधूत भगवान राम समाधि स्थल के प्रांगण में बने अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे। इसके पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा स्थानीय चौराहे को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इस दौरान राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दरअसल पुलिस प्रशासन ने ऑटो चालक और अन्य सवारी ढोने वाले वाहनों को चौराहे से हटा दिया गया था पुलिस प्रशासन स्थानी चौराहे से लेकर अवधूत भगवान आश्रम और समाधि स्थल तक उपस्थित रहे।

## पावन है अघोरेश्वर बाबा की धरती


पड़ाव चौराहे से पैदल गंतव्य को जाते राहगीर।

**पड़ाव ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के सनातन हिन्दू धर्म, वेद और दर्शन से दुनिया को अवगत कराने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती देश राष्ट्रिय युवा दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। इस अवसर पर अघोरेश्वर बाबा की पावन धरती पर इस कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्राप्त मिला है। अघोरेश्वर भगवान राम की इस पवित्र परंपरा के साथ ही सदैव जिनका सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उन पूज्य माता जी का कल महापरिनिर्वाण दिवस भी है। उसकी पूर्व संध्या पर भगवान अघोरेश्वर राम की स्मृति में यहां भव्य आयुष भवन आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इसके भव्य उद्घाटन के साथ हमें जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## संक्षेप

### कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग, हड़कंप


कोयला लदे मालगाड़ी के वैगन में आग बुझाते कर्मचारी।

**डीडीयू नगर।** पीएलपीसी से आ रही कोयला लदे मालगाड़ी के वैगन में शुक्रवार को आग लग गई। मालगाड़ी जब डीडीयू जंक्शन के प्लेटफॉर्म नम्बर-3 पर पहुंची तो वैगन से धुंआ निकलता देख रेलकर्मी मालगाड़ी की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद आनन-फानन में रेल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और रेलवे कर्मियों ने अधिकारियों को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए। बड़ी मसकत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। वही ट्रेन मैनेजर संजीत यादव ने बताया कि ट्रेन पीएलपीसी से आर रही थी जब डीडीयू स्टेशन पहुंची तो बैगन धुंए निकल रहे थे जब बैगन में देखा गया तो उसमें आग लगी थी जिसकी सूचना मैने डिप्टी एसएस को दी। सूचना मिलते ही रेल कर्मियों ने आग को बुझाया जिसके बाद मालगाड़ी को सुरक्षित रवाना किया गया आग लगने का कारण पता नही चल पाया है जांच की जा रही है।

### एंटी रोमियों दल ने बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र स्थित कस्बा, जीप स्टैंड, सन्दिग्ध जगहों पर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर हमारी सुरक्षा के मद्देनजर बलुआ पुलिस बुकलेट देकर जागरूक कर आगाह कर रही है।वहीं सुरक्षा को लेकर किसी घटना की अनहोनी पर तत्काल फोन करने को अलर्ट किया। बालिकाओं व महिलाओं के सुरक्षा को लेकर बलुआ थाने की टीम एसआई अभिनव गुप्ता के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल शालिनी चौधरी, सुधा यादव बाजारों व विद्यालय व सन्दिग्ध स्थानों पर बालिकाओं ,महिलाओं से वार्ता कर सुरक्षित रहने के टिप्स लिखे बुकलेट बांटकर अलर्ट कर रही है। एसआई अभिनव गुप्ता ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो कि टीम उनको जागरूक कर रही है। पुलिस उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा एलर्ट रहती है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

### सेंध मारकर चोरों ने पार किया लाखों का सामान

**चहनियां।** बलुआ थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी किलोमीटर की दूर सराय गाव में चोरों ने बुधवार की रात सचिन राम के घर के पीछे सेंध लगाकर लाखों रुपए मूल्य के आभूषण, बर्तन व कीमती साड़ियों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई। भुक्तभोगी ने बलुआ थाने में लिखित तहरीर दी है। वहीं एक और घर में चोरी का प्रयास विफल रहा। बताते हैं कि सराय गांव के रहने वाले सचिन राम का परिवार बुधवार की देर रात को खाना खा सो गया। इसके बाद चोरों ने मकान के पिछले हिस्से से सेंध लगाकर बक्से से नथियां, मांगटिका, करधनी, दो सोने की सिकड़ी, चांदी की दो पायल, दो नग सोने की अगूठी, दो सोने का लाकेट, फूल के वर्तन व कीमती साड़ियों लेकर चलते बने। परिजनों को इसकी जानकारी सुबह उठने पर हुई। सामान गायब देख परिजन सन्न रह गये। जब ग्रामीण सिवान में शौच करने तो कुछ दूर टूटी हुई अटैची व बक्सा देख तो होहल्ला करने लगे। चोरों ने पास स्थित कमलेश राम के भी मकान में नकब खोदकर मकान अन्दर घुसे, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

### खाद्य विभाग ने अभियान चलाकर एकत्रित किए नमूने

**चंदौली।** खाद्य विभाग की टीम की ओर से गुरुवार को अभियान चलाकर 76 नमूने इकट्ठे किए। इसमें 20 दूध, 20 खोया, 10 पनीर, 10 घी, 6 नमक, 2 चाय, 2 काफी, 3 फूड कलर, 3 शहद के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। टीम ने एक दिन पूर्व भी चंदौली व मुगलसराय से 74 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। इसमें 65 नमूने मानक के अनुप पाए गए हैं। टीम ने कारोबारियों एवं आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ से होने वाले नुकसान के संबंध में भी जागरूक किया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत बाजपेई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार शाही, कुमार चित्रसेन, सच्चिदानंद राय, नेहा त्रिपाठी, अरविंद कुमार आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**नौगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र के लालतापुर गांव स्थित चिराग केन्द्र परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के त्रिभुवन ने बताया कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश भर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद वेदांत के एक विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। रामविलास सिंह ने कहा कि जनपद के काफी पिछड़े हुए क्षेत्र में अभी भी युवाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल की समस्या ब्याप्त होने के साथ ही समुचित मार्गदर्शन की जरूरत है। भारत सरकार की राष्ट्रीय युवा नीति को संपूर्ण तरीके से लागू करने की मांग की। कहा कि युवाओं की समस्याएं और उसका समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाए। गोष्ठी में रिंकू, अंजलि, गुंजा, स्नेहा, अन्नू, काजल, धर्मेंद्र, श्रीराम, गणेश, बंसराज, सुनील आदि युवा शामिल रहे।

### अनामिका लखन बनी आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सक


अनामिका लखन।

**पीडीडीयू नगर।** नगर से सटे पटपरा निवासी और सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के कमांडेंट रामलखन की पुत्री अनामिका लखन का चयन आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सक के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्साधिकारी के 962 पदों पर भर्ती का परिणाम जारी किया है। प्रदेश में 422 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसमें अनामिका को 349वीं रैंक मिली है। अनामिका के इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं जिले के लोग गौरवान्वित हैं। अनामिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी रेशमा देवी को दी है। कहा कि दादी ने बचपन से ही पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया है। यही कारण है कि अनुसूचित जाति वर्ग में होने के बावजूद अनारक्षित वर्ग संघर्ष कर सफलता पाई है।

### मकर सक्रांति, मौनी अमावस्या को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

चहनियां। मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या स्नान को लेकर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक व क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने निरीक्षण किया। वहीं गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं जल पुलिस चौकी स्थल का भी निरीक्षण किया। इस बार मकर सक्रांति 14-15 व मौनी अमावस्या 21 जनवरी को पड़ रहा है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर दूर दराज से शृद्धालु स्नान दान करने हजारो लाखो की संख्या में आयेंगे। इसे लेकर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक व क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने बलुआ घाट का निरीक्षण किया। इस बाबत घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं के बारे में गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष से वार्ता किया। घाट पर बनने वाला जल पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया। जिस पर अधिकारी द्वय को दीपक जायसवाल ने बताया कि इस संदर्भ में कैबिनेट मंत्री से वार्ता चल रही है। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने कहा कि 16 जनवरी को 2 बजे सभी विभागों संग मौनी अमावस्या को लेकर बैठक किया जायेगा। इस दौरान बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह, एसआई राजकुमार शुक्ला, समिति के अंकित जायसवाल, जुगनू पासवान, राजेश साहनी, राज साहनी आदि लोग उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने बीएसए व वित्त लेखाधिकारी के समक्ष रखी समस्याएं

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जनपद चंदौली का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंदौली सत्येंद्र कुमार सिंह एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक चंदौली से मुलाकात की। साथ ही साथ संबंधित पदाधिकारियों से विभिन्न शैक्षिक समस्याओं पर भी परिचर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंदौली के समक्ष जनपद के कतिपय ब्लॉकों में चयन वेतनमान स्वीकृत करने और जनपद में लंबित मृतक आश्रित भर्ती के आवेदनों को अति शीघ्र निस्तारित करने की मांग की। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री द्वारा अध्यापकों के एरियर और एक दिन के रुके वेतन भुगतान हेतु शीघ्र आदेश करने की मांग की। वहीं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक चंदौली के कार्यालय में नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं शिष्टाचार बैठक करते हुए जिला अध्यक्ष द्वारा शिक्षकों का वेतन भुगतान अतिशीघ्र करने की मांग की गई। जिला मीडिया प्रभारी आदर्श शिक्षक बलराम पाठक द्वारा वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक चंदौली से वार्ता के क्रम में प्रान आवंटन नहीं कराए, शिक्षकों के वेतन भुगतान अति शीघ्र करने की मांग की गई। इस संदर्भ में संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंदौली एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक चंदौली को संगठन की तरफ से ज्ञापन देते हुए समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र अतिशीघ्र कर दिया जाएगा।

## विवेकानंद के व्यक्तित्व व विचारों को आत्मसात करने की जरूरत


विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों संग अतिथिगण।

**चंदौली।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गुरुवार को जनपद धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में भाजयुमो की ओर से यंग इंडिया रन कार्यक्रम पंडित कमलापति त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पांच किलोमीटर की दौड़ बालक और बालिका वर्ग में संपादित की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि स्वामी विवेका ने कहा था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती। जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी ही शानदार होगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष आशीष रघुवंशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने धर्म संसद में शिकागो में अमेरिका में भाषण दिया था उसी दिन से भारत और भारतीय संस्कृति को दुनिया भर में पहचान मिली। इस दौरान दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्या कहा कि युवाओं को उनके जीवन शैली का अनुसरण करने का करने की बात कही। इस दौरान बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आरजू शाक्य, द्वितीय स्थान मनीषा राय, तृतीय स्थान छोटी राय बालक वर्ग में प्रथम स्थान बालेश्वर, द्वितीय स्थान रामानंद भारती, तृतीय स्थान राहुल कुमार ने पाया इस दौरान सभी सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि में संजय सिंह बबलू, अमित तिवारी, गोपाल सिंह, विवेक सिंह, विवेक मौर्य, हर्षित तिवारी, आशीष पाठक, अशोक सोनकर, सौरभ जायसवाल, अमित, विवेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन देवेश पांडेय ने किया।



## 'समय आ गया है कि अब हम बुमराह के बिना तैयारी शुरू करें', पूर्व क्रिकेटर की टीम इंडिया को चेतावनी

भारत बनाम श्रीलंका वनडे सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले यह खबर आई कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अनफिट होने की वजह से बाहर हो गए। बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम चुन लिए जाने के बाद शामिल किया गया था। हालांकि, वह इसके बाद चोटिल हो गए और फिर से टीम मैनेजमेंट को उन्हें स्क्वॉड से बाहर करना पड़ा। सितंबर में एशिया कप के बाद से बुमराह इसी तरह चोट से काफी परेशान रहे हैं। भारतीय टीम से बुमराह के बाहर होने के बाद फैंस जरूर इस बात से परेशान हैं कि क्या यह दिग्गज पेसर टीम इंडिया में वापसी करने में समर्थ है या नहीं? साथ ही उनकी फिटनेस की स्थिति को लेकर भी फैंस चिंतित हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को लगता है कि शायद टीम को हमेशा के लिए बुमराह के बिना तैयारी शुरू करने का समय आ गया है।



# भुवनेश्वर में शुरू होगा हॉकी का महाकुंभ, 16 टीमें लेगी हिस्सा

## ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है, भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता

**भुवनेश्वर।** हॉकी जगत के शीर्ष आयोजन एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आगाज शुक्रवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ होगा। भारत चौथी बार और लगातार दूसरी बार इस टूनार्मेंट का आयोजन कर रहा है। साल 2018 में जब 16 टीमें भुवनेश्वर में खिताब के लिये भिड़ी थीं तब बेल्जियम और नीदरलैंड ने सभी चुनौतियों को पार करते हुए फाइनल में जगह बनायी थी, जबकि बेल्जियम ने खिताबी मुकाबला जीतकर विश्व कप अपने नाम किया था। इस बार विश्व कप में मेजबान भारत, वेल्स, इंग्लैंड, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, चिली, मलेशिया, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कोरिया, जापान, गत उपविजेता नीदरलैंड और गत विजेता बेल्जियम सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं।



पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा बार विश्व कप के खिताब जीते हैं, हालांकि इस बार टूनार्मेंट के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है। भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता है। भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम एक बार फिर विश्व कप मुकाबलों का साक्षी बनेगा।

ओडिशा के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की नींव तत्कालीन मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने 1978 में रखी थी और यह 16,000 लोगों की क्षमता रखता है। विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही खेले जायेंगे। मेजबान ओडिशा ने विश्व कप के लिये कलिंगा स्टेडियम के अलावा राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम भी तैयार किया है। प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर बनाया गया यह मैदान दुनिया का सबसे बड़ा फील्ड हॉकी स्टेडियम है। आधिकारिक रूप से एक सप्ताह पहले खुले इस स्टेडियम के निर्माण में कुल 260 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और इसमें 20,000 लोग बैठकर हॉकी का आनंद ले सकते हैं। भारत अपने हॉकी विश्व कप अभियान की शुरूआत इसी स्टेडियम में शुक्रवार को शाम सात बजे स्पेन के खिलाफ करेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस अपराह्न तीन बजे के मुकाबले में आमने-सामने होंगे, जबकि दिन का तीसरा मुकाबला इंग्लैंड और वेल्स के बीच शाम पांच बजे होगा। भारत और स्पेन इससे पूर्व 30 मैचों में आमने-सामने आये हैं। भारत ने इसमें से 13 मुकाबले जीते हैं, जबकि 11 मुकाबले स्पेन के पक्ष में गये हैं। छह मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पिछले साल दोनों देश दो बार आमने-सामने आये जिसमें एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि दूसरा स्पेन ने एक गोल के अंतर से जीता। टोक्यो ओलंपिक 2020 में हालांकि भारत ने स्पेन को 3-0 से परास्त किया था। भारत को ग्रुप-डी में स्पेन के बाद इंग्लैंड (15 जनवरी) और वेल्स (19 जनवरी) का सामना करना है। भारत ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड के साथ 4-4 से ड्रॉ खेला था, जबकि वेल्स को उसने 4-1 से मात दी थी। घरेलू परिस्थितियों में भारत अपने पूल की सभी टीमों से मजबूत है और वह तीनों मुकाबले जीतकर पूल-डी में शीर्ष पर रहना चाहेगी। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के प्रारूप के अनुसार अगर भारत अपने पूल में शीर्ष पर रहता है तो वह सीधा क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई करेगा।

## इसी महीने शादी करेंगे राहुल-अथिया धोनी और विराट कोहली को न्यौता

**मुंबइ।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल की शादी को लेकर कई महीने से कयास लगाए जा रहे हैं। खबरों की मानें तो लोकेश राहुल और अथिया शेट्टी इसी महीने शादी के बंधन में बंध सकते हैं, जबकि पहले खबरें आई थीं कि ये दोनों इसी साल फरवरी के महीने में शादी करेंगे। अब लोकेश राहुल और अथिया की शादी को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये दोनों 23 जनवरी को शादी कर सकते हैं।



शादी का कार्यक्रम तीन दिन का होगी। पहले दो दिन में हल्दी, मेंहदी और संगीत की रस्म होगी। वहीं, तीसरे दिन ये दोनों सात फेरे लेंगे। यह शादी सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर होगी। 21 जनवरी से 23 जनवरी तक होने वाली शादी में सिर्फ चुनिंदा मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों की लिस्ट में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल हैं। शादी के बाद लोकेश राहुल और अथिया शेट्टी बांद्रा में रहेंगे।

अथिया-राहुल का घर बॉलीवुड अभिनेता रनबीर कपूर और आलिया भट्ट के घर के करीब होगा। धोनी और कोहली के अलावा इन दोनों की शादी में हार्दिक पांड्या, अमिताभ बच्चन, सलमान खान, जैकी श्रॉफ और अक्षर कुमार जैसी बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। राहुल और अथिया कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। सुनील शेट्टी भी इन दोनों को लेकर खुलकर बात कर चुके हैं।

## आरईसीए की भारी विजय



### तैलंग क्रिकेट लीग

### सुभाष क्लब को 117 रन से हराया

**वाराणसी।** विकास यादव व आनंद पटेल की अर्धशतकीय पारियों और चिरंजीव की घातक गेंदबाजी (5-19) की बदौलत राहुल एजुकेशन क्रिकेट क्लब ने सुभाष क्लब को बाबू तैलंग क्रिकेट लीग में 117 रन से हराकर भारी जीत दर्ज की।

आरईसीए के 33.4 ओवरों में 258 रन के जवाब में सुभाष क्लब 141 पर ही सिमट गया। पहले खेलने वाले आरईसीए की ओर से विकास ने 74 गेंदों पर 72 रन बनाए जबकि मध्यक्रम में आनंद पटेल ने 57 रन की पारी खेली। सुमित ने तीन विकेट लिए। जवाब में सुभाष क्लब के बल्लेबाज लगातार विकेट गिरने से चुनौती पेश नहीं कर पाए। मनीष सिंह ने 72 गेंदों पर 77 रन की पारी खेल दल को तीन अंकों के पार पहुंचाया।

## चोरों ने मझवार में गोदाम से उड़ाए 140 कुंतल अनाज



मझवार में चोरी की वारदात के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण।

**चंदौली।** सदर कोतवाली अंतर्गत नवही पुलिस चौकी क्षेत्र के मझवार गांव में चोरों ने एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मझवार गांव स्थित गोदाम के शटर को तोड़कर 140 कुंतल अनाज उड़ा ले गए। चोरी की इस वारदात को एसपी अंकुर अग्रवाल ने गंभीरता से लिया और इसे चौकी इंचार्ज की लापरवाही मानते हुए उन्हें कोतवाली सम्बद्ध कर दिया है। चोरी की घटना के बातबत भुक्तभोगी विनय मिश्रा ने बताया कि गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने 75 कुंतल चावल और 65 कुंतल धान पर हाथ साफ किया है। गुरुवार की सुबह जानकारी होने पर चंदौली कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के जांच पड़ताल में जुट गई। चोरी की घटना की जानकारी होते ही सुबह ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ठंड के मौसम में चोरी की बढ़ती वारदात से ग्रामीण सहमे हुए नजर आए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है। मांग किया कि चोरों पर अंकुश लगाने के साथ ही पुलिस रात्रि गश्त बढ़ाए ताकि चोरी की वारदात न होने पाए। चोरी की इस वारदात को एसपी अंकुर अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए नवही पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा को थाना चंदौली से अटैच्ड करते हुए नवही चौकी पर अभिषेक प्रताप की तैनाती कर मामले की जांच का जिम्मा सौंपा है।

### कार्रवाई

### एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी को हटाया

### रेल कर्मी के घर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर स्थित चालीस फीट रोड निवासी दिलीप कुमार शर्मा के घर का दरवाजा तोड़कर चोर बुधवार की रात एक लाख नकदी व लाखों के आभूषण चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार दिलीप शर्मा के बड़े पुत्र अक्षय शर्मा जज हैं। दिलीप कुमार शर्मा रेलवे में गार्ड के पद पर तैनात हैं। वह 27 दिसंबर को धनबाद में ट्रेनिंग पर गए थे। उनकी पत्नी अनीता शर्मा व छोटे पुत्र अभिमन्यु विगत 3 जनवरी को वह अपने पुत्र अक्षय शर्मा व बहू के घर रांची गए थे। गुरुवार की भोर में जब दिलीप कुमार शर्मा अपने पत्नी और बेटे के साथ अपने घर पहुंचे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला, जिसे देखकर वह सन्न रह गए। अंदर प्रवेश किया तो बेडरूम का भी ताला टूटा था और अलमारी खुली थी। उनकी पत्नी का कहना है कि चोरों ने घर में रखे एक लाख नकदी, पांच जोड़ा कान की बाली, दो रिंग, चांदी के 12 सिक्के, चांदी का कटोरा आदि पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। जानकारी के बाद पुलिस छानबीन में जुटी है।

## बॉलीवुड न्यूज

### दिल्ली से लेकर स्पेन तक हुई है 'तू झूठी मैं मक्कार' की शूटिंग

**मुंबई।** प्यार का पंचनामा, सोनू के टीटू की स्वीटी और दे दे प्यार दे जैसी सुपरहिट फिल्में दे चुके लव रंजन आज के समय में प्यार और रिश्तों को लेकर अपने अनूठे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। एक चीज जो उनकी फिल्मों में बरकरार रही है, वह है खूबसूरत सेट और साथ ही शानदार आउटडोर लोकेशन। ऐसे में टीजेएमएम, तू झूठी मैं मक्कार उनकी अपकमिंग डायरेक्टोरियल फिल्म को भी कुछ शानदार लोकेशन्स पर शूट किया गया है। हमारे सूत्रों के मुताबिक लव ने दिल्ली में फिल्म की शूटिंग की है और फिल्म का एक बड़ा हिस्सा स्पेन में भी शूट किया गया है. फिल्म ने पहले ही रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर के बीच की केमिस्ट्री के लिए दर्शकों के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है। दोनों पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे, जिसकी एक छोटी सी झलक दर्शकों ने टाइटल अनाउंसर वीडियो में देखी थी। प्रोडक्शन के एक सूत्र का कहना है कि क्योंकि फिल्म खास कर के रोमांस के इर्द-गिर्द घूमती है और दो लोगों के प्यार में पड़ने का जश्न मनाती है, एक ट्विस्ट के साथ, हमें इसे पिक्चर परफेक्ट बनाने के लिए एक खूबसूरत सेटिंग और बैकड्राप की आवश्यकता थी। कई लोकेशन्स की तलाश के बाद, टीम को स्पेन की खूबसूरत लोकेशन्स पसंद आई, जिसके रिजल्ट भी काफी अच्छा आया हैं। दर्शकों को न केवल रणबीर और श्रद्धा की चार्मिंग जोड़ी से प्यार हो जाएगा, बल्कि खूबसूरत लोकेशंस पर भी उनका दिल आ गया, जो बड़े पर्दे को रोशन कर देगा।



### 'वागले की दुनिया' की शूटिंग करते हुये रो पड़ीं परिवा व चिन्मयी

**इंदौर।** एक ऐसी कहानी, जो मध्यम वर्गीय परिवार के दैनिक संघर्षों को बखूबी दिखाती है, के साथ सोनी सब के ह्यवागले की दुनिया-नयी पीढ़ी नये किस्से में महिलाओं की एक ऐसी समस्या पर रौशनी डाली जा रही है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। अपने दोस्त के खोये लैपटॉप के पैसे चुकाने के लिये सखी (चिन्मयी साल्वी) एक पार्ट टाइम नौकरी करने लगती है और उस समय खुद को एक मुश्किल स्थिति में पाती है, जब उसका बॉस (बख्तियार ईरानी) उसकी ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर उसका अनुचित फायदा उठाने की कोशिश करता है। परिवा प्रणति (वंदना वागले) और चिन्मयी साल्वी दोनों ने इंडस्ट्री में एक महिला होने की चुनौतियों और संवेदनशीलता के साथ इस दृश्य को फिल्माने के बारे में बात की। महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बात करते हुये, परिवा प्रणति ने कहा, इंडस्ट्री में महिलाओं का काम करना अपने-आप में चुनौतीपूर्ण है। आपको हर समय यह सुनिश्चित करना होता है, कि आप अपना काम करते समय फंस नहीं रही हैं। यह कई महिलाओं के लिये चुनौतियों से भरा है और इस चुनौती को पार करने में कई महिलायें असफल रहती हैं। दुखद सच्चाई यह है कि कहीं-न-कहीं हर महिला का नाजायज फायदा उठाया जाता रहा है और वे इस बारे में कभी भी कुछ भी बोल पाने में सक्षम नहीं हो पातीं। इस सीन से हर महिला कहीं न-कहीं जुड़ाव महसूस करेंगी, क्योंकि यह उनके लिये वास्तविकता रही है। एक ऐसे मुद्दे को सामने रखना, जिसमें बहुत ज्यादा संवेदनशीलता की जरूरत होती है, अपने-आप में एक चुनौती है और वागले की दुनिया ने इस जिम्मेदारी को उठाते हुये, हमेशा की तरह पूरी ईमानदारी से इसे निभाया है। हम जब इस सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे थे, तो पूरी यूनिट बेहद भावुक थी। मुझे लगता है कि एक सुसभ्य समाज के रूप में विकसित होने और यह सुनिश्चित करने के लिये हम हर मायने में एक-दूसरे की कद्र करते हैं, के लिये महिलाओं का सम्मान और उनकी सुरक्षा करना बेहद महत्वपूर्ण है।



## अकीदत के साथ मना गंजखवाजा में सालाना उर्स



**नियामताबाद।** क्षेत्र के गंजख्वाजा में सालाना उर्स की शुरूआत कुरानखानी के साथ शुरू हुई। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोगों ने अकीदत के साथ बाबा के मजार पर चादरपोशी की।इसके बाद नमाज जोहर लौदा गांव से चादर निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों व कव्वाल पैदल चलकर गंजख्वाजा मजार पर पहुंचे। उसके बाद लंगर दोपहर दो बजे व नमाज मगरिब चादर पोशी रात्रि सात बजे से कव्वाली का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा के आसतने पर अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा। आसपास के दूर दराज से पहुंचे अकीदतमंदों ने मन्नत मांगी। कमेटी के लोग ने दूरदराज से आए लोगों के लिए सिरनी वितरित की। मान्यता है कि बाबा के दरबार में जो भी मुराद मांगी जाती हैं वह जरूर पूरी होती हैं। उर्स के दौरान खिलौने और खानपान की दुकानें काफी गुलजार रही। अकीदतमंद ने फातिहा पढ़कर मुल्क में अमन चैन की दुआ की। अशरफ जमाल उर्फ राजू टाइगर व खुर्शीद अकरम ने बताया कि जुलूस में बड़ी संख्या में भाग लिया।

## उद्घाटन मैच में चकिया ने ढुन्नू की टीम को दी शिकस्त

**शहाबगंज।** क्षेत्र के अमांव गांव में कर्मनाशा नदी के तट पर बाबा मुरलीधर खेल मैदान में गुरुवार को कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक कुमार वर्मा व युवा समाजसेवी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया।

उद्धघाटन मैच चकिया व ढून्नू के बीच खेला गया, जहां चकिया की टीम ने ट्रास जीतकर पहले खेलते हुए दस ओवर में 91 रन बनाई वही ढुन्नू कि टीम रनों का पीछा करते हुए 85 रन पर ही पूरी टीम आलआउट हो गयी। इस तरह चकिया की टीम 6 रन से विजेता बनीं। वहीं मैन आफ द मैच हम्माद बने। क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक कुमार ने कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू हैं। जीत हमेशा टीम भावना से कार्य करने पर ही मिलता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है इसे सही प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की।

## एसडीएम नौगढ़ ने गरीबों में बांटा कंबल



नौगढ़ के सोनवार में वृद्धा को कंबल प्रदान करते एसडीएम।

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के सोनवार गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब, असहाय विकलांग, बुजुर्गों को सर्दी में कंबल मुहैया कराया गया। बताया कि हाड़कपाऊं सर्द के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल दिया जाना सराहनीय कार्य है। जिसके लिए शासन स्तर से पहल जारी है। साथ ही आह्वान किया कि हर संभव हाथों को जरूरत मंदो का सहयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आजाद अंसारी लेखपाल चंदन कुमार ब्यापार मंडल अध्यक्ष गुलाब केशरी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक की पत्नी के निधन पर जताया शोक



जिगना गांव में श्रद्धांजलि देते पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार व अन्य।

**शहाबगंज।** क्षेत्र के जिगना गांव निवासी पूर्व विधायक स्वर्गीय दीनानाथ यादव की पत्नी रामदेई 72वर्ष का वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर गांव में पहुंचने पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाला का तांता लग गया। पूर्व विधायक दीनानाथ की जहां पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं उनकी पत्नी रामदेई ने गुरुवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। वह अपने पीछे आंनद शेखर, अजय शेखर व सुभाष यादव से भरा पूरा परिवार छोड़कर गईं। वहीं उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट वाराणसी पर किया गया, जहां मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दिया। शोक संवेदना व्यक्त करने सपा नेता व पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, मुस्ताक अहमद, मुन्ना भास्कर, मिथिलेश कुमार, रमेश यादव, शेर अली, सुदामा यादव, त्रिभुवन यादव, अजय गुप्ता शामिल रहे।

## साथ खाएंगे खिचड़ी, मिलकर बांटेंगे एक-दूसरे का सुख-दुख

### बोले कौशलेंद्र

### हिन्दू युवा संगठन मकर संक्रांति पर आयोजित कर रहा समरसता खिचड़ी भोज

**चंदौली।** हिन्दू युवा संगठन भारत के राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह गुरुवार को मुख्यालय स्थित मां शारदा मंगलम लॉन में पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश महासचिव राजेश सिंह रिंकू व जनपद चंदौली के पदाधिकारियों संग 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित समरसता खिचड़ी भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



चंदौली में पत्रकारों से रूबरू हिन्दू युवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह व अन्य।

साथ ही हिन्दू समाज को जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर एकजुट व सशक्त होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को जनपद में हिन्दू युवा संगठन, चंदौली इकाई की ओर से समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें चंदौली के साथ ही वाराणसी, गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र जनपद के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार से आए हिन्दू भाइयों के साथ मिलकर खिचड़ी खाई जाएगी। साथ ही उनका दुख-दर्द को भी बांटने की पहल होगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व गरीबों के मदद की कड़ी में कंबल वितरण कार्यक्रम रखा गया है। कहा कि सभी कार्यक्रम देश के रक्षामंत्री व चंदौली के माटी के लाल राजनाथ सिंह के पुत्र व संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक नीरज सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह जाडेजा के सानिध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीते दो दिनों से चंदौली में प्रवास करते हुए जन-जन को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव राजेश सिंह रिंकू ने कहा कि चंदौली रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जन्मभूमि रही है और हिन्दू युवा संगठन अपने स्थापना के 10 वर्षों का पड़ाव बीते सात जनवरी को पूर्ण कर पूरी मजबूती से हिन्दू समाज को जोड़ने की दिशा में अग्रसर है। हिन्दू भाइयों को जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर एकजुट होने व एक-दूसरे के सुख-दुख का भागीदारी बनाने के लिए उद्देश्य से यह कार्यक्रम रखा गया है। इउम्मीद है कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम पूरी जिम्मेदारी से करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रचारक विश्वास मिश्रा, वाराणसी मंडल के कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अमन सिंह शुभम, आयुष सिंह, प्रांजल सिंह, शिखर जायसवाल, पंकज सिंह, शिब्बू सिंह, सोनू यादव, ऋतुराज श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## विवेकानंद के उपदेश को आत्मसात करने की जरूरत

**डीडीयू नगर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि स्वामी जी के विचार, उपदेश, सीख आज भी युवाओं में जोश फूंकने का काम करते है। राष्ट्रीय युवा दिवस पर गुरुवार को लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, कैलाशपुरी, मुगलसराय और श्री खंडेश्वरी स्वामी शिक्षण संस्थान, कैलावर, चंदौली में युवा भारत की टीम ने योग कक्षा लगाई। योग कक्षा में टीम द्वारा स्वामी जी के उपदेशों से युवाओं को अवगत कराया। इस मौके पर मनु गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता, रोशन भारती, संजय यादव, बिंदु प्रकाश सिंह, कुलदीप सिंह, प्रभात यादव आदि लोग उपस्थित रहे।दूसरी ओर लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन करते हुए विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर संजय पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा कि था कि नींद, गुस्सा, डर, थकान, आलस्य व काम टालने की आदत के कारण युवाओं के बबादी के कारण होते है।

# दीवार से दबकर बालक की मौत, दूसरा गंभीर



बालक के शव पर विलाप करते परिजन

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के तिलहरा गांव में गुरुवार की सुबह खेल रहे दो बच्चों के ऊपर कच्ची दीवार गिर जाने से एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई दूसरा बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।
जानकारी के अनुसार वीरेंद्र कुमार गौतम का बेटा मास्टर शुभ उम्र 4 वर्ष, अमित विक्रम उम्र 11 वर्ष साइकिल से घर के पीछे कच्ची दीवार के पास खेल रहे थे तभी कच्ची दीवार के अचानक गिर जाने से मास्टर शुभ 4 वर्ष की दबकर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं अमित विक्रम घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज ले गए जहां डॉक्टरों ने मास्टर शुभ को देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया, आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं मां गीता देवी अपने बच्चों के सदमे में रो रो कर बेहोश हो जा रही है, सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। परिजनों के अनुसार वीरेंद्र कुमार रामपुर ब्लाक में प्राइमरी स्कूल के शिक्षक हैं शीतलहर की छुट्टी में घर पर आए थे। किसी को भी नहीं पता था कि अब मास्टर शुभ अपने पापा का साथ छोड़कर इस दुनिया से चला जाएंगे और मां की गोद सूनी हो जाएगी। इस दर्दनाक घटना से घर का चिराग बुझ गया।

# गायन ने युवा महोत्सव में समा बांधा



युवा महोत्सव में गायन प्रस्तुत करते कलाकार

**युवा महोत्सव की हुई शुरुआत**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। पहले दिन अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन के हाल में प्रतियोगिताएं हुईं।
शास्त्रीय संगीत गायन हिंदुस्तानी और सुगम गायन भारतीय की प्रतियोगिताएं हुई। सुगम संगीत गायन हिंदुस्तानी में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली की हर्षिता, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सूरज तिवारी, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय से आनंद वर्मा एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कीर्ति साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। शास्त्रीय संगीत गायन हिंदुस्तानी में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के आनंद जी वर्मा, पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शालू, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से दिव्यांशी पांडे ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में उन्नाव से डॉक्टर नेहा दिक्षित कौशांबी से सात्विक मालवीय एवं प्रयाग संगीत समिति से जया मालवीय ने निर्णय लिया। प्रतियोगिता का समन्वय डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. एस पी तिवारी एवं अन्य शिक्षकों ने किया। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने बताया कि 13 जनवरी को अन्य प्रतियोगिताएं अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन, रज्जू भैया संस्थान एवं फार्मेसी संस्थान में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. रसिकेश, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. रिशी श्रीवास्तव, डॉ. अनु त्यागी आदि उपस्थित थे।



विधायक का स्वागत करते भाजपाजन

# भाजपा विधायक का हुआ जोरदार स्वागत

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव का गुरूवार को दोपहर वाराणसी से जौनपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगदीशपुर रेलवे क्रोसिंग पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया।
स्वागत से अभिभूत विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि मोदी के नेतृत्व में देश में चौहमुखी विकास कार्य हो रहे हैं व उत्तर प्रदेश में योगी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हो रहा है व उत्तर प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित हुआ है।
स्वागत करने वालों में भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, भाजपा नेता महेंद्र गुप्ता, नगर मंत्री दीपक मिश्रा, दीपू, मंत्री नीरज मौर्य, सुलभ श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, मनोज सिंह आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

# भीषण ठंड में दो माह की बेटी को मां ने मंदिर की सीढ़ियों पर छोड़ा

**निर्दयता**

**तांत्रिक पर पिता होने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर आरोपी मुकरा**



**सरकी।** क्षेत्र के एक गांव में एक पीड़िता ने गांव के कुछ ही दूरी पर रहने वाले तांत्रिक पर अपनी दो माह की पैदा हुई पुत्री का पिता होने का गंभीर आरोप लगाते हुए विगत मंगलवार की शाम तांत्रिक के घर के सामने बने शिवमंदिर की सीढ़ियों पर बच्ची को रखकर अपने घर चली गई। देखते ही देखते घटना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। थाने में पहुंचकर पीड़िता ने तांत्रिक पर अपने बच्ची के पिता होने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।
पीड़िता ने बताया कि तांत्रिक पिछले दो से तीन सालों से तंत्र विद्या के माध्यम से मुझे अपने वश में कर शारीरिक शोषण करता रहा। तांत्रिक के दबाव में ही मैने अपने पति पर केस भी किया था अब जब दो माह पूर्व मैनें पुत्री को जन्म दिया तो उसे अपनाने से तांत्रिक इनकार कर रहा है और मेरा पति मुझे रखने से इनकार कर रहा है तो मैं खुद जाकर तांत्रिक के घर के सामने वाले मंदिर की सीढ़ियों पर बच्ची रखकर घर वापस लौट आई। वहीं तांत्रिक ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए बताया कि मुझे बदनाम करने की साजिश रची गई है। उस महिला से मेरा कुछ लेना देना नहीं है। तांत्रिक होने के नाते कभी कभी उसे झाड़ फूंक कर देते थे जो आरोप वह महिला लगा रही है वह बेबुनियाद है और महिला जबरन मेरे घर के सामने मंदिर पर बच्ची रखकर चली गई। इस मामले को लेकर जब थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह से पूछा गया तो उन्होंने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तांत्रिक व महिला को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं जिम्मेदार अधिकारी को इसकी भनक भी नहीं है यह एक सोचनीय विषय है।

# एक ही रात तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

**चोरी की घटना से ग्रामीणों में फैली दहशत**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के कोतवालपुर गांव में एक ही रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया तथा जेवर नकदी सहित हजारों रुपए का सामान चुरा ले गए।
बुधवार की रात चोरों ने सबसे पहले कोतवालपुर निवासी राम आसरे श्रीवास्तव के घर के 8 कमरों का ताला तोड़कर कपड़ा, बिस्तर, बर्तन व रजाई उठा ले गए। घर पर कोई नहीं था। सभी लोग रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। तत्पश्चात बगल के ही नगीना श्रीवास्तव के घर में घुसे चोर चार कमरे का ताला तोड़कर घरेलू सामान बर्तन रजाई गद्दा उठा ले गए। इनके यहां भी घर पर कोई नहीं रहता है सब लोग बाहर रहते हैं। जाते-जाते चोर नंदलाल श्रीवास्तव के घर में भी छत के रास्ते घुसकर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर 2 जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का कर्णफूल, दो हजार नकद व कपड़े आदि उठा ले गए। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी सुबह हो पाई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस देर तक छानबीन में लगी रही।

# लेखाकार का स्थानांतरण होने पर ग्राम प्रधानों ने दिया धरना

**नाराज**

**स्थानांतरण हो जाने से रुकेगा विकास कार्य, बीडीओ को दिया ज्ञापन**



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते प्रधान

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के मनरेगा के लेखाकार का स्थानातरण होने पर ग्राम प्रधानों ने धरना देकर स्थानातरण रोकने के लिए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया।
विकास खंड कार्यालय में मनरेगा लेखाकार पद पर तैनात लेखाकार का स्थानातंरण जिला पंचायत सदस्य के पद पर हो गया। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सुबेदार यादव की अध्यक्षता में सभी ग्राम प्रधानों ने धरना दिया और मनरेगा लेखाकार रचित कपूर का स्थानातरण रोकने के लिए जिलाधिकारी के नाम विकास खंड अधिकारी रवि कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। ग्राम प्रधानों से स्थानातरण रोकने के लिए पूछा गया कि उनके जगह पर दूसरा कोई आयेगा तो कार्य करेगा तो प्रधानों ने बताया कि 2022 व 23 कि निधि मार्च तक समाप्त हो जायेगी जिससे विकास कार्य अवरूद्ध हो जायेगा। ग्राम प्रधानों ने बताया कि एक तथाकथित पत्रकार द्वारा खबर चलायी गयी कि लेखाकार का स्थानातरण हो जाने पर प्रधानों में खुशी की लहर है। प्रधानों ने बताया कि उक्त पत्रकार ने किसी प्रधान से बात नहीं की लेकिन खबर चलाकर प्रधानों की गरिमा को ठेंस पहुंचायी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सचिन राय, आकाश कुमार यादव, मोहम्मद सादिक, सुखदेव सरोज, बंशराज यादव, रीना, अरविन्द, हेमलता सिंह, विनय कुमार चौहान, आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हुई चोरी

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के जमौली गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर खेल का सामान, पंखा, बर्तन आदि पर चोरों ने अपना हाथ साथ कर दिया। सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला टूटा हुआ देखकर प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिवेणी प्रसाद गुप्त ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में 15 जनवरी तक शीतावकाश घोषित है।

## संक्षेप

### रामघाट पर शवों का होगा डिजिटल पंजीकरण

**मिलेगा बार कोड लगा दाह संस्कार प्रमाण पत्र**

**असहाय सहायता समिति ने की तैयारी प्रशासन से एनओसी का है इंतजार**

**जौनपुर।** नगर के पंचहटिया स्थित अंत्येष्टि स्थल रामघाट पर अब शवों का डिजिटल पंजीकरण होगा। स्वजनों को दाह संस्कार प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा जिस पर बार कोड लगा होगा। ऑनलाइन प्रमाणपत्र को कही से भी देखकर सत्यापित किया जा सकता है। ऑनलाइन पंजीकरण सहयोग शुल्क 80 रुपया निर्धारित किया गया है। वर्तमान समय में रामघाट पर पूर्व एडीएम रजनीश रॉय के निर्देश पर किया जा रहा ऑफलाइन पंजीकरण व्यवस्था संचालित है जो कि सुचारू रूप से चल रही है। रामघाट पर लावारिस व अति निर्धनों के शवों की अंत्येष्टि सहित साफ सफाई आदि सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने वाली असहाय सहायता समिति ने डिजिटल पंजीकरण के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। संस्था अध्यक्ष आदर्श कुमार ने बताया की सिटी मजिस्ट्रेट ने स्वीकृति दिया है। अब अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया जाएगा। लावारिस शवो सहित दाह संस्कार किए गए सभी शवों का डाटा फीड होगा। प्रत्येक पंजीकरण पर 80 रूपए प्रति दर से आने वाली रकम से रामघाट की साफ सफाई, लावारिस, अति निर्धनों के शवों का दाह संस्कार सहित स्टाफ का खर्च वहन किया जाएगा।

### 91 तबेला संचालकों को दी गयी नोटिस

**तीन दिन के अन्दर सीमा से बाहर स्थापित करें नहीं तो होगी कार्रवाई**

**जौनपुर।** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने अवगत कराया गया है कि उच्चाधिकारियों द्वारा नगर भ्रमण के दौरान देखा गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित तबेला संचालकों द्वारा अपने गाय व भैस का गोबर सरकारी नाली में बहा रहे हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में पालिका सीमान्तर्गत सर्वेक्षण उपरान्त कुल 91 तबेला संचालकों को चिहिन्त कर नोटिस निर्गत करते हुए मुनादी की कार्यवाही की जा रही है। गाय व भैस का गोबर सरकारी नाली मे बहाने के कारण एवं मार्ग अवरोध तथा प्रदूषण के साथ ही गम्भीर संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है जो म्युनिसिपल एक्ट/वाइलाज की धारा 265/267 एंव उ.प्र. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट हैण्डलिंग एवं सैनिटेशन रूल्स 2020 एवं गा.एन.जी.टी. एक्ट की धारा 15 व 16 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। उन्होंने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि इस सूचना को प्राप्त करने के तीन दिवस के अन्दर गाय व भैस का गोबर साफ कराते हुए तबेला पालिका सीमा से बाहर स्थापित करना सुनिश्चित करें अन्यथा उपरोक्त सुसंगत धाराओं के तहत सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के चिल्हीरामपुर गांव में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी विनोद सिंह (55) पुत्र स्व. रामपति सिंह घर से कुछ दूर कच्चे मकान के खण्डहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर परिजन खोजते हुए जब पुराने कच्चे मकान के खण्डहर में पहुँचे तो वहाँ का नजारा देख सन्न रह गए। विनोद का शरीर हवा में झूल रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी के अनुसार शरीर से कमजोर होने के साथ हीं उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नही थी जिसकी दवा चल रही थी। फिलहाल पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### सरकारी नाले पर निर्माण कराकर किया जा रहा कब्जा

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के इलाहाबाद मार्ग पर पेट्रोल टंकी के पास सरकारी नाले पर अवैध निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। चकबन्दी ग्राम सभा पिलकिछा में बड़े पैमाने पर सक्रिय भूमि प्लाटरों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर विवाद की स्थिति पैदा की है। प्रशासनिक अमला आंख मूंदकर बैठा है जिससे अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हैं। कैराडीह ग्राम निवासी इंद्रपाल यादव, राम आशीष यादव ने खुटहन थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी निर्माण कार्य नाली पर अवैध रूप से कराया जा रहा है। आरोप के अनुसार आजमगढ़ निवासी शमा परवीन के लोगों के द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। खुटहन ब्लाक प्रमुख बृजेश कुमार यादव और उनके पार्टनर रामप्रकाश यादव महाराज उर्फ रामू ने शमा परवीन को बेच दिया है और आरोपों के अनुसार उपरोक्त लोग नाली पर अवैध कब्जा कर रहे हैं।

# दो अस्पतालों सहित दर्जनों लोगों के विद्युत कनेक्शन कटे

**कार्रवाई**

**बिजली विभाग ने की दो लाख से अधिक की रिकवरी**



ग्रामीणों से बात करते विद्युत विभाग के अधिकारी

**मछलीशहर।** विद्युत विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से बड़े बकायेदारों और अवैध कनेक्शन धारियों के खिलाफ नगर में गहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो अस्पतालों सहित कई दर्जन लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे गए और मौके पर दो लाख से अधिक का जुर्माना भी वसूल किया गया।
अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्रा, उपखंड अधिकारी एसके सिंह और आदित्य मारकंडे, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, कोतवाल देवानंद रजक, अवर अभियंता अभिषेक केशरवानी, संदीप कुमार, मंगला प्रसाद की टीम ने पूरे नगर के कई मोहल्लों में सघन चेकिंग की। टीम का उद्देश्य ऐसे लोगों को पकड़ना था जिनके खिलाफ विभाग आरसी पहले ही काट चुका है। आरसी कटने के बावजूद भी दर्जनों लोग चोरी से बिजली जला रहे थे जिसमें प्रमुख रुप से उमाशंकर मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, जयराजी नर्सिंग होम के अलावा हरिलाल उर्मिला देवी (शादीगंज) रामसिंह (छैला मियां का पूरा) जब्बार अहमद (कोतवाली) सुनौव्वर अली (कोतवाली) दयाशंकर (शादी गंज) मकबूल अहमद (कोतवाली) राकेश जायसवाल (जंघई रोड) गुलाम रसूल (शादी गंज) शामिल हैं। विभाग के एसडीओ एसके सिंह ने बताया की आरसी कटने के बावजूद बिजली जला रहे इन 8 कनेक्शनधारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए इनका केबल उतरवा दिया गया। इसके अलावा एक लाख से अधिक के 6 बड़े बकायेदारों का भी विद्युत विच्छेदन किया गया। इन्हें चेतावनी दी गई कि यदि बकाया जमा किए बगैर और आरसी के निस्तारण के पूर्व दोबारा बिजली जलती हुई पाई जाएगी तो इन सभी के खिलाफ मुकदमा भी विभाग दर्ज कराएगा। कहा कि जिनके मीटर खराब है वह तत्काल विभाग में शिकायत दर्ज करके अपने मीटर बदलवा लें और इस खुशफहमी में ना रहे कि उनका बिल बहुत कम आ रहा है।

### नपं अध्यक्ष पद के दो-भावी प्रत्याशियों के केबिल भी उतरवाए गए

**मछलीशहर।** विद्युत चोरी के आरोप में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दो भावी प्रत्याशियों के कनेक्शन काटे जाने की भी नगर में काफी चर्चा रही इनमें से एक भाजपा से संबंध रखते हैं और दूसरे समाजवादी पार्टी से। गुरूवार को नगर मे चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान इन दोनों नेताओं के भी केवल उतरवाए गए।

# पशुशाला में लगी आग, एक गाय की मौत, दो झुलसीं



अगलगी में राख हुआ पशुशाला

**सिंगरामऊ।** थाना क्षेत्र के डड़ारी गॉव में बीती रात अज्ञात कारणों से पशुशाला में लगी आग से झुलसकर एक गाय की मौत हो गयी और दो गाये झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार डड़ारी गॉव निवासी जगदीश प्रसाद शुक्ल का घर के बगल छप्पर से बना पशुशाला है जिसमें तीन गाये बंधी थीं। रात को अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्पर जलने लगा जिसमे बंधे मवेशी चिल्लाने लगे। लोगो की आंख खुली तो देखा छप्पर से लपटें निकल रही थी, शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाई और देखा कि एक गाय की तत्काल मौत हो चुकी थी बाकि दो गायें गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गयी है जिनका इलाज कराया गया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आरएसएस ने आयोजित किया मैराथन दौड़



मैराथन दौड़ को रवाना करते अतिथि

**आयोजन**

**विवेकानंद तिराहे से प्रारम्भ हुई दौड़ उद्गम स्थल पर हुई समाप्त**

**लवकुश प्रथम, शिवम द्वितीय व महेंद्र मौर्य ने प्राप्त किया तृतीय स्थान**

**शाहगंज।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर विवेकानंद तिराहे से मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हुआ। आयोजन नगर संघचालक दिलीप, कार्यवाह हनुमान जी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।
मैराथन दौड़ प्रातः आठ बजे शुरू हुई। विवेकानंद तिराहे से फीता काट व झंडी दिखा रवाना किया गया। जेसीज चौक, मुख्य मार्ग, घासमंडी चौक, पुरानी बाजार होते हुए उद्गम स्थल पर जाकर समाप्त हुई। मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान पर लवकुश यादव रहे। वहीं द्वितीय स्थान शिवम यादव ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर महेंद्र मौर्य रहे। विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण व पूजन के साथ किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर सूर्य नारायण पाण्डेय एवं ज्ञानेश, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, सभासद भुनेश्वर मोदनवाल, देवेश चंद्र, ओम चौरसिया, मुकेश, अवनीश, राहुल अग्रहरि, गोपाल जी बरनवाल, संदीप साहू, संदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा को संस्कार, रोजगार व तकनीकी से सरकार ने जोड़ा : शिक्षा मंत्री

**कार्यक्रम**

**समाज में रहने लायक बनातीं है हमें शिक्षा : प्रो. निर्मला एस मौर्य**

**युवा स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लें : अजय सिंह**

**जनसंदेश न्यूज**





**जौनपुर ।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी हाल में गुरुवार को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कुछ शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विवेकानंद जी व्यक्ति नहीं देश के विचार थे। उनके विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। विवेकानंद के चिर यौवन विचार हमें सदा ऊर्जा देते रहे है। शक्तिशाली भारत का निर्माण होगा विश्वविद्यालय और खेल के मैदानों से । उन्होंने शिक्षा और खेल के महत्व को एक साथ कितने साल पहले व्यक्त किया था। नई शिक्षा नीति में नई चिंतन और नई सोच का विकास समाहित है। लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति में भारतीय महापुरुषों के विचारों को हमसे दूर किया गया। नई शिक्षा नीति के मूल बिंदु में शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीकी से जोड़ा गया है।
नकल और वोट के खेल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश के शिक्षा का बेड़ा गर्क गैर भाजपा की सरकारों ने कर दिया।
इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है जो कि युवाओं को प्रोत्साहित करता है। मैं भी उन्हीं से प्रेरणा लेता हूं। उन्होंने विवेकानन्द पर विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को बैंकों की डिजीटल सुविधा के बारे में अवगत कराया।
अध्यक्षता करतीं हुई कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षा हमें समाज में रहने लायक बनातीं है। शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय के सभी लोगों ने कड़ी मेहनत करके कार्यों को संभाला जिससे कार्यक्रम सफल हुआ। विश्वविद्यालय अपनी दूरगामी सोच से अपने रफ्तार से सही कदम उठा रहा है।
अतिथियों और युवा महोत्सव का संक्षिप्त परिचय प्रो. अजय द्विवेदी ने दिया। संचालन डॉ. मनोज मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डा. गिरधर मिश्र ने किया।
इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मुराद अली, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.विजय सिंह, महामंत्री डॉ. राहुल सिंह, प्रो. सुरेश पाठक, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. राजकुमार, प्रो. राकेश यादव, डॉ. राजबहादुर यादव, पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार, शाखा प्रबंधक राम बहादुर, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह, अमृत लाल, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री रमेश यादव आदि उपस्थित थे।

# पौधरोपण के लिए भूमि का करें चयन : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की वर्ष 2022-23 के वृक्षारोपण की जियो टैगिंग की प्रगति अवशेष है तो उसे जल्द से जल्द पूर्ण करा दे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वर्ष 2023-24 में वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन करना सुनिश्चित करे और भूमि चयन करते समय यह देख ले कि वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्यावरण समिति की समीक्षा

**आयोजन**

**जिला वृक्षारोपण समिति, गंगा समिति व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक सम्पन्न**

बैठक के दौरान जानकारी प्राप्त की कि ई-वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जनपद में क्या कार्यवाही की जा रही है और निर्देश दिया कि के ई-वेस्ट का समुचित निस्तारण किए जाएं। उन्होंने कहाकि इसके संबंध में जनपद स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जाए, जिसके लिए जनपद के कबाड़ व्यापारियों एवं कंप्यूटर, मोबाइल, टीवी के मैकेनिकों को बुलाकर ई-वेस्ट के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण की बैठक प्रतिमाह कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से ई-वेस्ट मैनेजमेंट के निस्तारण का आम जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी नाले का पानी नदी में न गिरने दिया जाए। नदियों के किनारे बाँस का वृक्षारोपण कराया जाए और पीली नदी के सरंक्षण एवं घाट बनाये जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, डीएफओ प्रवीण खरे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत लगायी गयी चौपाल

**मछलीशहर।** ग्राम सभा कुरनी में बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक समाधगंज शाखा के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक जीतलाल गुप्ता ने आए हुए पुरुषों और महिलाओं को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दिया। और ऋण अधिकारी सागर ज्योति ने लोगों से इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के मण्डल महामंत्री राजन सिंह ने किया। मंडल महामंत्री राजन सिंह ने सभी लोगों से अपील किया की आप सभी लोग सरकार के प्रत्येक योजनाओं का लाभ लें और सरकार द्वारा जारी सभी योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी इंद्रपाल मौर्या, विशाल कुमार, पंकज जायसवाल के साथ ग्राम सभा कुरनी की उर्मिला देवी, गुड़िया देवी, ज्योति सिंह, विद्या देवी, सुमित्रा, शिवदेवी आदि उपस्थित रहीं।

# खाद्य उद्योग मेले में लोगों ने सीखा स्वरोजगार के गुर



स्वरोजगार मेले को सम्बोधित करती अधिकारी

**जौनपुर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमो को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमो के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव के मौजूदगी में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में खाद्य उद्योग मेला का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई ममता सिंह यादव द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है। दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये नये उत्पाद का सृजन कर और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ-साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला उद्यान विभाग आफिस में सम्पर्क करें। कार्यक्रम का संचालन भोला प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीआरपी अदित्य मौर्या, करन सिंह, उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, वंशराज प्रजापति समेत दर्जनों उद्यमी एवं कृषक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जौनपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में गुरूवार को तहसील सभागार में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि देश में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है यह दिन स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जो आज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। हर साल हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति का विश्व बंधुत्व का संदेश प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह दिन युवाओं के लिए मनाया जाता है, और उन्हें विवेकानंद के विचारों और दर्शन को अपनाने लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जानकारी प्रदान करायी गयी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर अधिवक्तागण एवं पीएलवी गण व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्या को लेकर आप ने किया प्रदर्शन



**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर किसानों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्य राजस्व अधिकारी सीआरओ गणेश प्रसाद सिंह को ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के कलेक्ट्रेट में यूरिया खाद की कालाबाजारी जो यूरिया की बोरी पहले 260 प्रति बोरी मिलती थी वह अभी 500 से 700 प्रति बोरी 2 पैकेट सल्फर के साथ लेना जरूरी है। किसानों को उसके बिना यूरिया नहीं दिया जा रहा है। किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर मुख्य राजस्व अधिकारी सीआरओ गणेश प्रसाद सिंह ज्ञापन सौंपा गया। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि इत्यादि लोग शामिल हुए।

## ट्रक से कुचलकर अधेड़ की दर्दनाक मौत

**गभिरन।** शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर दौलतपुर गांव के मोड़ पर गुरुवार को साइकिल सवार अधेड़ गिट्टी लदी ट्रक के पहिए के नीचे आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। उसका शव कमर से दो भागों में विभक्त हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रक को घेर घटना की सूचना थाने पर दी। पुलिस के पहुंचने तक चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया।पिलकिछा गांव के बियसियां मजरा निवासी 57 वर्षीय बालगोविंद तिवारी घर से खुटहन बाजार साइकिल से आ रहे थे। वे गांव के संपर्क मार्ग से जैसे ही राजमार्ग पर चढ़े तभी बदलापुर की तरफ से गिट्टी लादकर तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक उन्हें रौंदता हुआ घटनास्थल से आगे बढ़ा। तभी ग्रामीणों ने उसका पीछा कर लिया। लोगों को पीछे आता देख चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। मृतक भाजपा नेता प्रेमचंद तिवारी के चाचा हैं। उनके द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है।

## सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**जौनपुर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन जनपद इकाई द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती व सेवा मिशन स्थापना दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनपद इकाई के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ उपस्थित बुजुर्गों को भोजन कराया एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित धार्मिक पुस्तकें वितरण किया। सेवा मिशन के सहसंयोजक सुभाष चंद्र अग्रहरि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को मिशन परिवार सेवा दिवस के रूप में मिशन संस्थापक आशीष के निर्देशानुसार सेवा कार्य करते आ रहे है। युवा शक्ति संयोजक अमन ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को बताया। इस अवसर पर रूपेश रघुवंशी, शिवा, महेंद्र पांडेय, रहबर अब्बास, रविन्द्र सेठ, राहुल सिंह, अनिकेत सेठ, वैभव श्रीवास्तव, कन्हैया, रवि चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# जयंती पर याद किये गये पूर्व कैबिनेट मंत्री पारसनाथ यादव

**जौनपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. पारसनाथ यादव की जंयती के अवसर पर उनके ओम बसेरा आवास ओलंदगंज पर उनके पुत्र विधायक मल्हनी लकी यादव द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा स्व. पारसनाथ यादव वो राजनीतिक योद्धा थे जिनका लोहा जनपद नहीं पूरा प्रदेश मान गया। वे नेताजी के साथ समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनका जीवन सदैव गरीब कमजोर, दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाना ही रहा। वे उनके हक अधिकार की लड़ाई के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम किया। वे जनपद के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीत में इतना लंबा सफर हासिल करने का गौरव प्राप्त किया। वे गांव की पंचायत से लेकर देश के पंचायत तक उनको जनता की सेवा करने का अवसर मिला। जनता के बीच में रहकर उनके दुख दर्द को समझा और निस्तारण किया। स्व. पारसनाथ यादव का जनपद के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान रहा जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है। विधायक लकी यादव ने कहाकि पिताजी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा सिखाये गये रास्ते पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास करूंगा। जंयती के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्याम बाहदुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, कैलाश यादव, भोला यादव, आरबी यादव, निजामुद्दीन अंसारी, आशीष यादव, अमित, अकित, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।



जयंती पर पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक लकी यादव व अन्य

# डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें : इम्तियाज अहमद

**आयोजन**

**चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर जर्मनी में शुरू**

**अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले में 135 भारतीय कालीन निर्यातकों ने लिया भाग**



चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद सीईपीसी सदस्य

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली द्वारा चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का शुभारंभ जर्मनी के हनोवर शहर में भारतीय पवेलियन में गुरुवार से शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन हैमबर्ग के कार्यवाहक महावाणिज्यदूत गुलशन ढींगरा द्वारा कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष उमर हमीद, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गोम्बर तथा परिषद के प्रशासनिक समिति के सदस्य इम्तियाज अहमद, उमेश कुमार गुप्ता'मुन्ना' रोहित गुप्ता, फिरोज वजीरी आदि की उपस्थिति में किया गया।प्रशासनिक समिति के सदस्य इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस कालीन मेले में हिस्सा लेने के लिए भारत से कुल 135 कालीन निर्यातक डोमोटेक्स ट्रेड फेयर में भाग लिया। यह अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला हस्त निर्मित कालीन और फर्श कवरिंग के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़े विशेष व्यापार मेले में से एक है। डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि 2 साल के बाद हो रहे डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें है, कालीन वैश्विक आर्थिक मंदी के चलते भारतीय कालीन उद्योग भी मंदी के दौर से गुजर रहा है। डोमोटेक्स एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय मंच है जिसका भारतीय कालीन निर्यातक वर्ष भर से इंतजार करते है। इस मौके पर कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के प्रशासनिक समिति के सदस्य वासिफ अंसारी, फिरोज वजीरी, श्री रोहित गुप्ता, शेख आसिफ अहमद, राम दर्शन शर्मा, विजेंदर सिंह जागलान एवं परिषद के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक डॉ. स्मिता नगरकोटी साथ-साथ अन्य भारतीय निर्यातक भी मौजूद रहे।

## दस फरवरी से 1450 टीमें घर-घर पहुंचायेंगी फाइलेरिया की दवा

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने फाइलेरिया रोधी दवा अल्बेन्डाजोल के वितरण व सेवन सुनिश्चित कराने हेतु डीआईओएस, बीएसए, डीपीओ को जरूरी निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्साधिकारी सन्तोष कुमार चक ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। किसी व्यक्ति को संक्रमण के बाद बीमारी होने में पांच से पन्द्रह वर्ष तक लग सकते है। जिला फाइलेरिया अधिकारी डॉ. राम आसरे ने बताया कि आगामी 10 फरवरी से 27 फरवरी तक राष्ट्रीय फैलेरिया उन्मुलन अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें सप्ताह में

**अभियान**

**राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएम ने की बैठक**

बुधवार व शनिवार, रविवार को छोड़कर दवा खिलाने वाली दो सदस्यीय टीम प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामने खिलानी है।

सिर्फ गर्भवती महिला, दो वर्ष के नीचे बच्चें, अति बीमार गम्भीर व्यक्तियों को दवा का सेवन नही करना है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर पर्याप्त दवा उपलब्ध करा दिया गया है। जनपद में 1450 से अधिक टीमें इस अभियान में लगायी गई है।

प्रत्येक छः टीम पर एक पयर्वेक्षक नियुक्ति किए गये है। प्रत्येक टीम को प्रतिदिन 25 से 30 घरों का भ्रमण करनी है तथा 125 से 130 व्यक्तियों को दवा दिखानी है।

## मेरठ, झांसी, अयोध्या सहित कई टीमें रहीं विजेता

**जौनपुर।** खेल निदेशालय उ.प्र. एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेशीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेरठ व लखनऊ मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें मेरठ ने लखनऊ को 24-8 से पराजित किया। झांसी ने प्रयागराज को 30-27 से पराजित किया। अयोध्या ने मुरादाबाद को 11-09 से पराजित किया। आजमगढ़ ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26-05 से, मिजार्पुर ने आगरा को 14-05 से, वाराणसी ने देवीपाटन 15-04 से, सहारनपुर ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26-10 से, मेरठ ने बरेली को 25-10 से, आगरा ने प्रयागराज को 24-19 से पराजित किया। पूल-ए से वाराणसी और देवीपाटन मण्डल पूल-बी से आजमगढ़ और सहारनपुर, पूल सी-लखनऊ और मेरठ तथा पूल-डी मिजार्पुर व आगरा की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।

# बीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**जफराबाद।** बीडीओ सिरकोनी अस्मिता सेन ने ब्लॉक के कई गांवों में चल रहे विकास कार्यों का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातहतों को कड़े निर्देश दिये। बीडीओ ने सबसे पहले ग्राम सभा जमैथा पहुंची जहां पर उन्होंने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। वहाँ ग्राम प्रधान अमरसेन यादव तथा सचिव अरुणेश चतुर्वेदी को अमृत सरोवर के बगल में खेल मैदान बनाने का निर्देश दिया। नाथुपुर गांव में इंटरलॉकिंग नाली निर्माण का काम, पंचायत भवन, अमृत सरोवर का चल रहे कार्य को देखा। हालांकि सचिव को सीआइबी नहीं लगे होने पर नाराजगी व्यक्त किया। इसमैला गांव के प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्रीवाल का चल रहा विकास काम, शिवापर में बकरी शेड, सोखता गड्ढा आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहाकि शासन के वरीयता का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अकॉउंटेंट राहुल मिश्रा, तकनीकी सहायक दीपक मिश्र, तेजबहादुर राव, राणा प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खसरा फीडिंग में भदोही प्रदेश में अव्वल

**ज्ञानपुर।** शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा राजस्व अभिलेखों की फीडिंग में भदोही जनपद ने पूरे उत्तर प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया हैं। अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खसरा फिटिंग में प्रदेश में जनपद को एक नंबर स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि तीनों तहसील में 1428, 1429, 1430 पत्रिका खसरा फिटिंग किया गया। भदोही जनपद को सौ नम्बरो में 99.45 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर इओ ने देखी स्वच्छता

**लिया जायजा**

**मौजूद कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान के प्रति किया जागरूक**

**स्वच्छता के मानकों को पूरा करने वाले ढाबों व रेस्टोरेंटों को किया जाएगा पुरस्कृत**



रजपुरा स्थित सांई राजपूत में कर्मचारियों को स्वच्छता की जानकारी देते ईओ जी लाल

**भदोही।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत चलाए जा रहे स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट अभियान में गुरुवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जी लाल ने नगर के चार रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इओ ने कहा कि नगरीय निकाय के क्षेत्रों में सड़कों के किनारे स्थित ढाबों व रेस्टोरेंटों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। सर्वे के दौरान मानकों पर खरा उतरने वाले ढाबों को रेटिंग के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। ईओ ने कहा कि यह अभियान 5 से 12 जनवरी तक के लिए चलाया गया है। इस अभियान के तहत नगरीय निकायों में मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों व रेस्टोरेंटों से प्रतिदिन निकलने वाले अपशिष्ट को वैज्ञानिक विधि से स्वतः निस्तारित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढाबों व रेस्टोरेंटों का सर्वे किया गया है। इसके मानकों पर खरा उतरने वाले ढाबों और रेस्टोरेंटों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर सफाई नीरीक्षक मिथलेश कुमार, प्रदीप कुमार, तौसीफ बेग, वारिश खान, चुन्ना बेग, सुरेश कुमार आदि नपाकर्मी मौजूद रहे।

## चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**बदलापुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मियों को कायाकल्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राज्य स्तर पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत सम्मानित किए जाने पर केंद्र के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे की अध्यक्षता में भाजपा विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह तथा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह शक्ती के हाथों अस्पताल के सभी डाक्टर तथा स्वास्थ्य कर्मियों को मेडल पहनाते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला संयोजक अखिल मिश्रा, महामंत्री सत्यम सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, डॉ. कोबीदेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. कुमार गौरव सिंह, एलटी संतलाल, नर्स फूलमती, कामना सिंह, डॉ. जटाशंकर मिश्रा, डॉ. राकेश मिश्रा, डॉ. सुशील यादव, शाह मोहम्मद, कुलदीप, अमरजीत सहित आदि लोग रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिकित्सकीय टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आगनबाड़ी केंद्रों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बनाई गई स्वास्थ्य टीम द्वारा वर्ष में दो बार (छमाही) स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता। इसी क्रम में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही के चिकित्साधिकारी डॉ. नीलेश जायसवाल व नेत्र सहायक सतीश कुमार ने आगनबाड़ी केंद्र जमुन्द भाग दो में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

जिसमें मुख्य रूप से बच्चो में जन्मजात दोष (कुपोषण) तथा सामान्य बीमारियों का परिक्षण किया गया। अधिकतर बच्चों में पाया जाता है कि बच्चे पूरे दिन धूल मिट्टी में खेलते रहते है जिससे कि उनके कानों और आँखों मे ज्यादा समस्याएं पाई जाती है। चिकित्सक डॉ. नीलेश जायसवाल ने बताया कि इन समस्याओं को देखते हुए सभी आगनबाड़ी केंद्रों पर जांच टीम द्वारा बच्चों में मुख्य रूप से कान, तालु, हृदय दोष, जन्मजात मोतियाबिंद, कान का बहना (ओटाइटिस), बच्चों में विटामिन डी की कमी, आयोडीन की कमी, चर्मरोग तथा कि में टीबी या कुष्ट (लेप्रोसी) का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मोहल्ला जमुन्द आगनबाड़ी केंद्र भाग दो पर डॉ. नीलेश जायसवाल द्वारा खास कर केंद्र पर आई बच्चों की माताओं को साफ सफाई व बच्चों के कान में तेल व आंखों में काजल न लगाने की सलाह दी। जांच के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री नूर बानों मौजूद रही।



आंगनवाड़ी केंद्र जमुन्द भाग दो पर बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक डॉ. नीलेश जायसवाल



# 15 को सूर्यदेव का मकर राशि में होगा प्रवेश

## शुभ लग्न का आगाज

मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। इस दिन ऊर्जा का प्रवाह होता है। स्नान- दान से पुण्य मिलता है। संक्रांति को लोहड़ी खिचड़ी पोंगल जैसे नामों से भी जानते हैं। वाराणसी, हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व मकर संक्रांति 15 जनवरी 2023 मनाया जाएगा। पंचांगों के अनुसार, सूर्य 15 जनवरी की रात्रि 3 .02 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार उदयातिथि के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व रविवार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी के साथ खरमास का समापन होगा और हिंदू धर्म के मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा। इस दिन स्नान-दान, पूजा-पाठ और तिल खाने की परंपरा है। खिचड़ी खाने का भी विशेष महत्व है। दूसरी ओर, पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को पुण्य की डुबकी के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान समेत अन्य अनुष्ठान शुरू हो गए। गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।प्रख्यात ज्योतिषाचार्य ऋषि द्विवेदी के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऋतुओं में बदलाव होता है। इस दिन स्थान-दान, पूजा-पाठ आदि करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। देशभर में इस पर्व को धूम-धाम से मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन से ही ऋतु में परिवर्तन होने लगता है। इसके बाद से ही वसंत का आगमन शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति को देशभर में अलग-अलग नामों लोहड़ी, खिचड़ी, पोंगल जैसे नामों से भी जानते हैं।

## खरमास का होगा समापन बजने लगेगी शहनाई

## पंचांग के अनुसार शुभ मुहूर्त

*मकर संक्रांति का पुण्य काल आरंभ : प्रात: 06 :42 मिनट से*


*मकर संक्रांति का पुण्य काल समाप्त : सायं 05 :18 मिनट तक*

### मकर संक्रांति पर विशेष संयोग

*संपूणार्नंद संस्कृत विवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार शुक्ल बताते हैं कि मकर संक्रांति 2023 में एक विशेष संयोग बनेगा। 15 जनवरी को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, वहीं मकर राशि में पहले से ही शुक्र व शनि ग्रह विराजमान रहेंगे।*







# वाकई तबाह होने वाला है जोशीमठ?

## विशेषज्ञ का मानना है कि इसे धंसने से कोई नहीं रोक सकता

## सुरंग के चलते रोज छह करोड़ लीटर पानी बहने से खोखला हुआ पहाड़

**अब से 13-14 साल पहले की बात है जब बड़े शहरों की जमीन के नीचे मेट्रो ट्रेन के लिए चुपचाप सुरंगें खोदी जा रही थी। उसी में एक बड़ी टनल बोरिंग मशीन फंस गई और सामने हजारो लीटर साफ पानी बहने लगा। महीनों बीत गए, लेकिन काबिल से काबिल इंजीनियर न इस पानी को रोक सके और न टीबीएम चालू हुई। दरअसल, इंसान निर्मित इस मशीन ने प्रकृति के बनाए एक बड़े जल भंडार में छेद कर दिया था। लंबे समय तक रोज 6 से 7 करोड़ लीटर पानी बहता रहता है। धीरे-धीरे ये जल भंडार खाली हो गया। यह जल भंडार जोशीमठ के ऊपर पास ही बहने वाली अलकनंदा नदी के बाएं किनारे पर खड़े पहाड़ के तीन किलोमीटर अंदर था। हिंदुओं और सिखों के पवित्र तीर्थ बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब का गेटवे कहा जाने वाला ये वही जोशीमठ नगर है, जिसके धंसने की खबरें इन दिनों में सुर्खियों में हैं। इस नगर के 603 मकानों में दरारें पड़ चुकी हैं। 70 परिवारों को दूसरी जगह भेजा जा चुका है। बाकी लोगों से सरकारी राहत शिविरों में जाने को कहा गया है। जोशीमठ वाले जलभंडार के खाली होने से इलाके के कई छोटे झरने और पानी के स्त्रोत सूख गए हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि बिना पानी जोशीमठ के नीचे के जमीन भी सूख गई है। इसी वजह से दरके हुए पहाड़ों के मलबे पर बसा जोशीमठ धंस रहा है। उनका दावा है कि अब इस नगर को तबाह होने से बचाना मुश्किल है। टीबीएम मशीन से ये सुरंग गढ़वाल के पास जोशीमठ में बन रहे विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए खोदी जा रही थी। यह नेशनल थर्मल पावर कॉपोरेशन का प्रोजेक्ट है। विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट रन ऑफ रिवर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट है, यानी इसमें नदी के पानी को बांध बनाकर स्टोर नहीं किया जाएगा, बल्कि बैराज के जरिए तेज ढलान वाली सुरंगों से गुजरने वाले पानी की ताकत से बिजली बनेगी। प्रोजेक्ट का बैराज 200 मीटर लंबा और 22 मीटर ऊंचा होगा। बैराज में पानी का बहाव कंट्रोल करने के लिए 12मी ऊंचे और 14मीटर चौड़े चार गेट होंगे।**

## पहले भी शिफ्ट हो चुका है जोशीमठ

जूलॉजिस्ट और डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री रानीचौरी में एसपी सती कहते हैं कि जोशीमठ टूटे हुए पहाड़ों के जिस मलबे पर बसा है वह अब तेजी धंस रहा है और अब इसे किसी भी तरह से रोका नहीं जा सकता है। बहुत जल्द ऐसा भी हो सकता है कि एक साथ 50 से 100 घर गिर जाएं। इसलिए सबसे जरूरी काम है यहां से लोगों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए। ये कड़वा सच है कि जोशीमठ को धंसने से अब कोई नहीं बचा सकता है। माना जाता है कि जोशीमठ शहर मोरेन पर बसा हुआ है, लेकिन यह सच नहीं। जोशीमठ मोरेन पर नहीं बल्कि लैंडस्लाइड मटेरियल पर बसा हुआ है। मोरेन सिर्फ ग्लेशियर से लाए मटेरियल को कहते हैं, जबकि ग्रैविटी के चलते पहाड़ों के टूटने से जमा मटेरियल को लैंडस्लाइड मटेरियल कहते हैं। जोशीमठ शहर ऐसे ही मटेरियल पर बसा हुआ है।

करीब एक हजार साल पहले लैंडस्लाइड हुआ था। तब जोशीमठ कत्युरी राजवंश की राजधानी थी। इतिहासकार शिवप्रसाद डबराल ने अपनी किताब उत्तराखंड का इतिहास में बताया है कि लैंडस्लाइड के चलते जोशीमठ की पूरी आबादी को नई राजधानी कार्तिकेयपुर शिफ्ट किया गया था। यानी जोशीमठ एक बार पहले भी शिफ्ट किया जा चुका है।

1939 में छपी एक किताब के लेखक स्विस एक्सपर्ट और लेखक हैं प्रो. अर्नोल्ड हेम और प्रो. आगस्टो गैंसर। किताब में दोनों ने 84 साल पहले ही लिखा था कि जोशीमठ लैंडस्लाइड के ढेर पर बसा हुआ है। 1976 में भी जोशीमठ में लैंडस्लाइड की कई घटनाएं हुई थीं। उस समय के गढ़वाल कमिश्नर महेश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में सरकार ने एक कमेटी बनाई थी। उन्होंने रिपोर्ट में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाने की सिफारिश की थी। साथ ही कहा था कि बहुत जरूरत हो तो पूरी रिसर्च के बाद ही इसे किया जाना चाहिए।

इरैटिक बोल्डर को डिस्टर्ब नहीं करें यानी तोड़े नहीं। इरैटिक बोल्डर यानी मकान से भी बड़े पत्थर। इस रिपोर्ट में सीधे तौर पर बड़े कंस्ट्रक्शन और ब्लास्टिंग नहीं करने की सलाह दी गई थी। हालांकि, सरकार ने सलाह मानने के बजाय इस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसके बाद यहां पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगाए जाते हैं और सड़क का चौड़ीकरण किया जाता है।



## साल 2010 : जमीन धंसने की चेतावनी दी थी

साल 2010 में भी एक रिपोर्ट में जोशीमठ के टाइम बम बनने की बात कही गई थी। यह रिपोर्ट 25 मई 2010 को करेंट साइंस जर्नल में पब्लिश हुई थी। करेंट साइंस जर्नल की स्थापना 1932 में सीवी रमन ने की थी। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि गढ़वाल में जोशीमठ के करीब विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए टनल बोरिंग मशीन यानी लाइट सुरंग की खुदाई कर रही थी। 24 दिसंबर 2009 को टनल बोरिंग मशीन एक जल स्रोत को पंक्चर कर देती है। इसकी वजह से यहां पर 700 से 800 लीटर पानी प्रति सेकेंड निकलने लगा। यानी एक दिन में 6 से 7 करोड़ लीटर पानी निकलने लगा, जो 20 से 30 लाख लोगों पर्याप्त होता है। रिपोर्ट में चेताते हुए लिखा गया था कि प्राकृतिक रूप से जमा पानी के इस तरह बह जाने से बड़ी आपदा का अंदेशा है। सुरंग से निकलने वाले पानी की वजह से आसपास के झरने सूख जाएंगे। जोशीमठ के आसपास की बस्तियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा। कई झरनों के सूखने की भी सूचना है। अचानक और बड़े पैमाने पर पानी बहने से क्षेत्र में जमीने तेजी से धंसना शुरू हो सकती हैं। इससे जोशीमठ का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। जियोलॉजिस्ट और उत्तराखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के निदेशक प्रोफेसर एमपीएस बिष्ट ने यह रिपोर्ट तैयार की थी। उन्होंने इस रिपोर्ट को डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर उत्तराखंड को भेजा था।



जनाबे फातिमा बीबी के रौजे पर दुआख्वानी करते अकीदतमंद

# फातमान में है जनाबे फातिमा का रौजा

- फातिमा बीबी हजरत मो. साहब की बेटी व हसन हुसैन की थीं मां
- यहां पर हिंदू-मुस्लिम सभी आकर मानते हैं मन्नतें
- फातमान का नाम फातिमा बीबी के नाम पर पड़ा
- जश्ने विलादत पर अकीदतमंदों ने खिलायी मिठाइयां



**राधेश्याम कमल**

हजरत मोहम्मद साहब (सं.) की बेटी एवं हसन हुसैन की मां खातून जन्नत बीबी फातिमा का रौजा दरगाहे फातमान में है। फातिमा बीबी का जन्म मक्का में हुआ था। उन्होंने सारी दुनिया की महिलाओं को जीवन यापन का मार्गदर्शन दिया। फातिमा बीबी को खातून जन्नत के नाम से जाना जाता है। दरगाहे फातमान का नाम भी फातिमा बीबी के नाम पर पड़ा है। यहां पर उनके रौजे पर चाहे हिंदू हो या फिर मुसलमान सभी लोग आकर अपनी-अपनी मन्नतें मानते हैं। जनाबे फातिमा का जश्ने विलादत (जयंती) हर साल पूरे देश व दुनिया में पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ मनायी जाती है। इस साल भी 13 जनवरी शुक्रवार को बनारस में मनायी जायेगी। इस दिन से लेकर लगातार तीन दिनों तक शहर भर में जयंती को लेकर विभिन्न आयोजन किये गये हैं। इसको लेकर शहर के कई स्थानों पर महफिलें सजायी जायेगी। बीबी फातिमा की जयंती का जश्न जन्मदिन की पूर्व संध्या यानि गुरुवार को शुरू हो गया। गुरुवार को सुबह फातमान स्थित जनाबे फातिमा बीबी के रौजे पर हाजी सैय्यद फरमान हैदर के नेतृत्व में अकीदतमंदों ने दुआख्वानी की। इस मौके पर हैदर मौलाई ने कलाम पेश किया। तकरीर फरमान हैदर ने किया। इस मौके पर सब्बीर हसन, शेर अली, बच्चा अली, छोटे साहब, डा. रिजवी, हसन अली एडवोकेट, फिरोज हुसैन, शौकत खान, समर बनारसी, आमीर हुसैन समेत काफी अकीदतमंद शामिल थे। पूर्व संध्या पर बजरडीहा मस्जिद हसनैन, दालमंडी स्थित शाहिद अली के आवास, दोषीपुरा, पठानीटोला, प्रहलादघाट, अर्दलीबाजार आदि इलाकों में भी बीबी फातिमा के जश्ने विलादत का आगाज हो गया। लोगों ने जश्ने विलादत पर एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलायी। कदीमी महफिल कालीमहल में 13 जनवरी को अपराह्न तीन बजे आयोजित होगी। यह महफिल सलमान हैदर के संयोजन में होगी। जबकि जेपी टावर में खवातीन की महफिल नुजहत फातमा के संयोजन में होगी। 13 जनवरी को मुकीमगंज स्थित इमामिया अरबी कालेज में कदीमी महफिल का आयोजन सायंकाल सात बजे किया गया है। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हजरत अली समिति के सचिव हाजी सैय्यद फरमान हैदर बताते हैं कि जुम्मा अपने आप में ईद का दिन माना जाता है। मुस्लिम समुदाय में जुम्मे का एक अलग ही महत्व है। इसी दिन बीबी फातिमा की 1451वीं जयंती मनायी जायेगी। बीबी फातिमा का जन्म 1451 साल पहले मक्का में हुआ था। फातमान में फातिमा बीबी का रौजा है जहां पर सभी वर्ग के लोग आकर अपनी-अपनी मन्नतें मानते हैं। मोहर्रम में दो महीना 8 दिन दरगाहे फातमान में जैसी रौनक शहर में कहीं भी नहीं देखने को मिलती है। यह शिया समुदाय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। बीबी फातिमा का एक और रौजा सदर इमामबाड़ा लाट सरैया में भी मौजूद है। बीबी फातिमा का जन्म हर साल हिजरी कैलेण्डर के हिसाब से 20 जमादी उस्सानी को मनाया जाता है।



## जयंती पर कहां-कहां होगा आयोजन

सैयद फरमान हैदर ने बताया कि 13 जनवरी को कालीमहल जेपी टावर और इमाम बारगाह इमदाद और फुरकान काली महल में महफिल का आयोजन होगा। उसके बाद इमाम हसन का दस्तरखान सजेगा। महफिल में शिरकत करने वालों में प्रो. अजीज हैदर, असगर आजमी, इमरान हैदरी, डॉ शफीक हैदर, अतश बनारसी, अतहर बनारसी आदि शायर अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं मौलाना जमीर उल हसन की अध्यक्षता में जव्वादिया अरबी कॉलेज के समस्त छात्र सामूहिक दुआखानी करेंगे।

## फातिमा बीबी के रौजे में पुरुषों का प्रवेश वर्जित



दरगाहे फातमान के मुतवल्ली शफक रिजवी बताते हैं कि फातमान में फातिमा बीबी का जो रौजा है उसमें पुरुषों का प्रवेश वर्जित है। इसमें सिर्फ खवातीन (महिलाएं) ही अंदर प्रवेश कर इबादत करती हैं। यहां पर शेख अली हाजी की मजार है। उनको राजा चेतसिंह ने इस फातमान की जमीन को भेंट किया था। बाद में शेख अली हाजी ने इसको बीबी फातिमा को दे दिया। बाद में उन्होंने फातमान को शिया समुदाय को भेंट कर दिया। दरगाहे फातमान में तीन मस्जिदें हैं जिसमें ईदगाह, मस्जिद रसूले खुदा, मस्जिद मौला अली है। इसमें बीबी फातिमा का रौजा, हजरत अली का रौजा, इमाम हुसैन का रौजा, हजरत अब्बास का रौजा, उम्मुबनीन का रौजा है। इसके साथ ही बीबी फातिमा की बड़ी बेटी बीबी जैनब का रौजा, पोती बीबी शकीना का रौजा भी है।

## दरगाहे फातमान में आकर मिलता है सुकून: अनिल सोनकर



दरगाहे फातमान में फातमान निवासी अनिल सोनकर बचपन से आते हैं। वे यहां आकर अपनी मन्नत मान कर इबादत भी करते हैं। गुरुवार को भी फातिमा बीबी की जयंती की पूर्व संध्या पर अपनी छोटी बच्ची अनन्या के साथ आये हुए थे। बातचीत में बताया कि यहां पर आकर उन्हें एक सुकून सा मिलता है। वे कैंट रेलवे स्टेशन के समीप अपनी प्राइवेट कार्य करते हैं।

## हीरावती फातमान में 18 साल से आ रही हैं



गोलगड्डा निवासिनी महिला हीरावती पिछले 18 सालों से दरगाहे फातमान में आ रही है। उनके साथ उनकी बेटी रिंकी (बड़ी गैबी) भी आती है। मां-बेटी यहां आकर अपनी मन्नत मानती हैं। वह हर गुरुवार को यहां पर हाजिरी लगाती हैं।